CMYK


सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:40
अधिकतम तापमान : 25.5
न्यूनतम : 10.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-220 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026
10 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com







# यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम रोक

■ कोर्ट ने दिया केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा वाले नियम, 2026 पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायालय ने इन नियमों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके कई प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस नियम का समाज और शैक्षिणक परिसर पर विभाजनकारी प्रभाव पड़ सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ इन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं।

पीठ ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि नोटिस का जवाब 19 मार्च तक देना है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि 2012 के पहले के नियम लागू रहेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों को बिना किसी शिकायत निवारण तंत्र के न छोड़ा जाए।

सुनवाई के दौरान, पीठ ने मौखिक रूप से कई चिंताओं को उठाया, जिसमें कहा गया कि इसके प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनके दुरुपयोग की संभावना है। याचिका में जाति-आधारित भेदभाव की अलग परिभाषा की आवश्यकता पर सवाल उठाया गया, जबकि भेदभाव की सामान्य परिभाषा पहले से मौजूद है। इसमें रैगिंग पर प्रावधानों की पूरी तरह अनुपस्थिति की आलोचना की गई।

न्यायालय ने चिंता प्रकट करते कहा कि ये नियम एकता को बढ़ावा देने के बजाय छात्रों को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं। पीठ ने सुझाव दिया कि नियमों पर प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा फिर से विचार किया जाना चाहिए जो सामाजिक वास्तविकताओं और मूल्यों को समझते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को संबोधित करते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय तुरंत अंतिम आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं है और इसके बजाय विशेषज्ञ से पुनर्विचार चाहता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, एक ऐसी समिति होनी चाहिए जिसमें प्रतिष्ठित न्यायविद हों ऐसे लोग जो सामाजिक मूल्यों और समाज जिन समस्याओं का सामना कर रहा है, उन्हें समझते हों। उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि समाज कैसे आगे बढ़ेगा। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने नियम 3 (1) (सी) की ओर ध्यान दिलाया, जो जाति-आधारित भेदभाव को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। उन्होंने तर्क दिया कि सामान्य श्रेणी के छात्रों के खिलाफ भेदभाव को मान्यता नहीं दी गई है। चूंकि नियम पहले से ही भेदभाव को परिभाषित करता है, इसलिए जाति-आधारित भेदभाव के लिए अलग परिभाषा अनावश्यक है।

## विपक्ष को मिला सरकार को घेरने का मुद्दा

यूजीसी के नियम सरकार और बीजेपी के गले की फांस बनते दिख रहे हैं। जहां विपक्ष के लोग इन नियमों को असंवैधानिक बता रहे हैं या फिर और चर्चा की जरूरत बता रहे हैं, वही विपक्ष सरकार पर वार करने के लिए तैयार है। अगर सरकार नियमों को पूरा वापस लेती है तो भी विपक्ष को एक और मुद्दा मिलना तय है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सही किया। साथ ही ये भी जोड़ दिया कि वक्फ कानून के लिए भी बहुत से प्रावधान पर कोर्ट ने रोक लगाई, एसआईआर पर भी कई चीजें बदली, संविधान सबको मानना पड़ेगा। तुगलकी राज नहीं चलेगा।

# शिक्षकों व शिक्षामित्रों को बड़ा तोहफा



**यूपी कैबिनेट के फैसले**

■ प्राइवेट अस्पतालों में भी करा सकेंगे कैशलेस इलाज

**लखनऊ।** प्रदेश के लाखों शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को यूपी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। अब बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषदों के अधीन आने वाले करीब 15 लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी और उनके परिवार निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज करा सकेंगे। यह सुविधा आयुष्मान भारत की तर्ज पर मिलेगी और इस पर सरकार 448 करोड़ रुपये खर्च करेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस 2025 पर इसकी घोषणा की थी, जिस पर गुरुवार को कैबिनेट ने मुहर लगा दी है।

**शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत :** कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास नियमावली-2014 (संशोधित 2021) में बदलाव के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इस फैसले से शहरी विकास के लिए जरूरी धन अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध हो सकेगा। इससे शहरों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार को गति मिलेगी।

**गन्ना किसानों के हित में फैसला :** प्रदेश सरकार ने मुजफ्फरनगर के मोरना स्थित गंगा किसान सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाने और उसे आधुनिक तकनीक से लैस करने का भी बड़ा निर्णय लिया है। कैबिनेट ने मिल की मौजूदा क्षमता 2500 टीसीडी से बढ़ाकर पहले 3500 टीसीडी और बाद में 5000 टीसीडी करने को मंजूरी दी है।

## बहराइच के आपदा प्रभावित परिवारों का होगा पुनर्वास

बहराइच जिले के राजस्व ग्राम भरथापुर में आपदा से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार कैबिनेट ने गांव को विस्थापित कर136 परिवारों के पुनर्वास की योजना को मंजूरी दे दी है। नई बसाई जाने वाली बस्ती का नाम मुख्यमंत्री की अनुमति से रखा जाएगा। 29 अक्टूबर 2025 को कौड़ियाल नदी में नाव पलटने से 9 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गांव का हवाई सर्वेक्षण किया और पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने की घोषणा की थी। अब कैबिनेट ने उस घोषणा को मंजूरी दे दी है।

# पीएम ने एआई के विशेषज्ञों से किया संवाद

■ कहा- भारत में बनाएं पारदर्शी, सेफ एआई इकोसिस्टम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र के विशेषज्ञों से देश में पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित एआई पारिस्थितकी तंत्र विकसित करने को कहा है। उन्होंने डेटा सुरक्षा और तकनीक के लोकतंत्रीकरण के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि एआई के नैतिक उपयोग पर कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां अपने लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर एआई के क्षेत्र में काम कर रहे मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। उन्होंने डेटा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा हमें ऐसा एआई पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना चाहिए जो पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित हो।

उन्होंने एआई के नैतिक उपयोग पर कोई समझौता न करने की आवश्यकता पर भी बल दिया तथा एआई कौशल विकास और प्रतिभा निर्माण पर ध्यान देने की बात कही। प्रधानमंत्री ने अपील की कि भारत का एआई पारिस्थितिकी तंत्र राष्ट्र के चरित्र और मूल्यों को प्रतिबिंबित करे। यह कार्यक्रम आगामी फरवरी में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के सिलसिले में आयोजित किया गया था। इसमें रणनीतिक सहयोग बढ़ाने, एआई नवाचारों को प्रदर्शित करने और भारत के एआई मिशन लक्ष्यों को तेजी देने के बारे में बातचीत की गयी।

# आर्थिक समीक्षा से बाजार गुलजार : 7.2 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

■ सरकार 4.4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटे का लक्ष्य पाने की राह पर अग्रसर



**नई दिल्ली।** गुरुवार को संसद में आर्थिक समीक्षा पेश होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल आया। आर्थिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि के 6.8-7.2 प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती सभी नुकसान से उबरते हुआ 268.58 अंक चढ़कर 82,613.26 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 88.65 अंक की बढ़त के साथ 25,431.40 अंक पर कारोबार कर रहा था।

टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर फायदे में रहे। हालांकि, एशियन पेंट्स, महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मारुति के शेयर में गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.32 डॉलर प्रति बैरल रहा। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखने की दिशा में केंद्र सरकार अच्छी प्रगति पर है। आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने राजकोषीय अनुशासन और वृद्धि के लिए टिकाऊ निवेश दोनों को संतुलित किया जिसकी वजह से उसका राजकोषीय मार्ग अन्य से अलग और प्रभावशाली दिखता है। इस प्रतिबद्धता के चलते इस वर्ष तीन रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को बढ़ाया है। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2019-20 से 2024-25 के दौरान कुल केंद्रीय व्यय में पूंजीगत खर्च का हिस्सा 12.5 प्रतिशत से बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गया जबकि जीडीपी के अनुपात में प्रभावी पूंजीगत व्यय लगभग 2.6 प्रतिशत से बढ़कर चार प्रतिशत हो गया।

## सरकार ने 2030 तक स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन का रखा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शिक्षा में व्यापक सुधार करते हुये वर्ष 2030 तक स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार एनईपी के तहत देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक स्तर पर संरचनात्मक सुधार किए गए हैं। स्कूल शिक्षा में 2030 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

## विधानमंडल का बजट सत्र 9 फरवरी से, 11 को पेश होगा बजट

**लखनऊ।** विधानमंडल का बजट सत्र 9 फरवरी से शुरू होगा। वहीं 11 फरवरी को प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में विधानमंडल का बजट सत्र शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि सत्र के पहले दिन 9 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा। तत्पश्चात 10 फरवरी को सदन में दिवंगत सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा।

## अयोध्या जेल से दो बंदी फरार, वरिष्ठ जेल अधीक्षक समेत सात निलंबित

**अयोध्या।** अयोध्या जिला जेल से दो बंदियों के फरार होने के मामले में जेल अधीक्षक समेत सात अफसरों व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। अमेठी निवासी गोलू अग्रहरि व सुल्तानपुर का शेर अली हत्या के प्रयास के मामले में अयोध्या जेल में बंद थे। बुधवार देर रात दोनो बंदी फरार हो गए। डीजी जेल पीसी मीणा ने बताया कि मामले में जेल के वरिष्ठ अधीक्षक, जेलर, डिप्टी जेलर व एक हेड वार्डर व तीन वार्डर निलंबित कर दिए गए हैं।

# अजित पवार पंचतत्व में विलीन

■ अंतिम विदाई देने गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे



**बारामती।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को गुरुवार को उनके गृहनगर बारामती में अंतिम विदाई दी गई। बुधवार को हुए एक दुखद विमान हादसे में उनके निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है। अजित पवार का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित समर्थकों और राजनीतिक नेताओं की भारी भीड़ ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर चाचा शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। इस दौरान बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में भारी संख्या में समर्थक अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने पहुंचे। हर कोई आखिरी दर्शन करना चाहता था।

अजित पवार के दोनों बेटों, पार्थ और जय ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी पत्नी और राज्यसभा सदस्य सुनेत्रा पवार अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं। जब उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लिपटा हुआ उनके गांव काटेवाड़ी से विद्या प्रतिष्ठान मैदान लाया गया। जिस समय अजित पवार के शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था उस वक्त वहां मौजूद हजारों लोगों ने अजित दादा अमर रहें के नारे लगाए, जिससे पूरा माहौल गमगीन हो गया।

## ब्लैक बॉक्स बरामद

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैकबॉक्स बरामद हो गया है। जांच में शामिल अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि लीयरजेट 45 विमान का ब्लैकबॉक्स दुर्घटनास्थल से बरामद किया गया है।




CMYK

# विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और सवर्ण समाज के लोगों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर किया जोरदार प्रदर्शन

## यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज में रोष



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज में रोष व्याप्त है। बृहस्पतिवार को विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और सवर्ण समाज के लोगों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नए नियमों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल संगठनों के पदाधिकारियों का कहना था कि यूजीसी के नए नियम समाज हित के खिलाफ है और इसे जबरन थोपा जा रहा है। समाज के लोगों ने इसे काला कानून बताते हुए कहा कि सरकार अपनी मनमानी नीतियों को जनता पर थोपने का प्रयास कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपकर मांग की कि नए नियमों को तत्काल वापस लिया जाए। चेतावनी दी कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## महामेला समापन पर 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन किया गया प्रेषित

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम सकेथू में आयोजित 18 वें राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा मजदूर-मिस्त्री महामेला समापन पर 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रेषित किया गया। महामेला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, विधायक अमन गिरी, ईश्वरदीन वर्मा, पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। महामेला को संबोधित करते हुए मनरेगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि यह 18वां महामेला देश के लगभग 40 करोड़ मजदूर-मिस्त्रियों, 14 करोड़ किसानों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्माओं, युवाओं, वृद्धों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, खुदरा व्यापारियों तथा अति पिछड़े व अति दलित वर्ग की लगभग 50 जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## दो दिवसीय आईपीएम ओरिएंटेशन एचआरडी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र लखनऊ ने कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में कृषि स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए दो दिवसीय आईपीएम ओरिएंटेशन एचआरडी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने आईपीएम की प्रासंगिकता पर चर्चा की। 40 छात्रों ने इसमें भाग लिया और कृषि उत्पादन में सुधार के लिए आईपीएम अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र लखनऊ की ओर से कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में कृषि स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए दो दिवसीय आईपीएम ओरिएंटेशन एचआरडी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, लखनऊ ने एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की वर्तमान प्रासंगिकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार पांडे एवं डॉ. अरुण कुमार ने भी व्याख्यान देते हुए आईपीएम तकनीकों, जैविक कीटनाशकों तथा सतत कृषि की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कृषि स्नातकों के स्वरोजगार, उद्यमिता एवं उच्च अध्ययन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा कार्यक्रम में कुल 40 छात्रों ने सहभागिता की। सहायक निदेशक शैलेश कुमार ने कृषकों को संबोधित करते हुए आईपीएम को अपनाने का आह्वान किया, जिससे कम लागत में गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन संभव हो सके। उन्होंने गेहूं एवं आलू की प्रमुख कीट-बीमारियों तथा उनके प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी।

## स्कूल वैन पर पलटा गन्ने से भरा ट्रक

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी पुवायां रोड पर गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक स्कूल वैन पर पलट गया। वैन में एक दर्जन से अधिक मासूम बच्चे सवार थे, जो रोज़ की तरह पढ़ने निकले थे। गनीमत रही कि सभी बच्चे सुरक्षित बच गए, लेकिन यह सुरक्षा प्रशासन की नहीं बल्कि किस्मत की देन रही। कुछ पल की चूक होती तो कई घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझ सकते थे। जिले की सड़कों पर ओवरलोड गन्ना ट्रक खुलेआम दौड़ रहे हैं और लगातार हादसों के बावजूद आरटीओ प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत के चलते मौत बनकर दौड़ रहे ये ट्रक नहीं रोके जा रहे। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे और मासूमों की जान जाने का इंतजार कर रहा है।

## मोबाइल झपट्टने वाले तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार, मोबाइल बरामद



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 29 जनवरी को वादिया अशिता पुत्री राजेन्द्र निवासी मित्तर नसरी बेहट रोड थाना कोतवाली देहात की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादिया के मोबाइल पर झपट्टा मारकर छीन ले जाने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। श्री देव ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर विनोद विहार के पास खाली ग्राउड के पास से बन्टी पुत्र अतर सिंह निवासी रामनगर थाना कोतवाली देहात, गुरदेश पुत्र हरपाल निवासी आरा मशीन वाली गली रामनगर थाना कोतवाली देहात व टीनू उर्फ सुनील पुत्र हरिराम निवासी रामनगर थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर दुकानदारों से जुर्माना वसूला



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकानों से कॉटूनों में भरे गिलास व 27 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त कर दुकानदारों से जुर्माना वसूला। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम का पॉलीथिनरोधी दस्ता नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ प्रवीण शाह, के नेतृत्व में बाजार मोरगंज व हलवाई हट्टा पहुंचा तो प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने व उपयोग करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। कुछ दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए। निगम अधिकारियों ने अनेक दुकानदारों की जांच करते हुए 07 कार्टून प्रतिबंधित गिलास व 27 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल गुरुंग ने बताया कि दुकानदारों से 18 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक मनोज, आशीष, सोमकुमार व राजबीर तथा प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, कैप्टन नरेश, सूबेदार प्यार सिंह व हेमराज के अलावा जगपाल, शिवकुमार, विक्रम, रणदीप, पवन, और नवाबुद्दीन आदि मौजूद रहे। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ प्रवीण शाह ने दुकानदारों से कहा कि पॉलीथिन लोगों के जीवन में जहर का काम कर रहा है।

## डीएम साहिबा को वुड हैन्डीक्राफ्ट एशोसिएसन नगीना द्वारा एसआईआर कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर दी गई बधाई

*अवधनामा संवाददाता*



**बिजनौर।** डीएम वुड हैन्डीक्राफ्ट एशोसिएसन नगीना के महासचिव खुर्शीद अहमद कुरैशी व समस्त सदस्य व पदाधिकारीगणों द्वारा एसआईआर कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर बधाई देते हुए माननीया राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार प्राप्त करते हुए फोटो फ्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर वुड हैन्डीक्राफ्ट एशोसिएसन नगीना के महासचिव ने जिला उद्योग बन्धु की बैठक में नगीना सहकारी कताई मिल स्थित नगीना बिजनौर रोड की भूमि पर काष्ठ कला उद्योग के विस्तार एवं सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि सम्पूर्ण नगीना व आस-पास ग्रामीण क्षेत्र में काष्ठ कला उद्योग से हज़ारों लोग रोजी रोटी से जुड़े हैं और सीमित संसाधनों के साथ अपने घरों में काम करने के लिए मजबूर हैं। नगीना की काष्ठ कला आइटम विश्वभर में प्रसिद्ध है और लगभग 80 प्रतिशत माल विदेशों को निर्यात होता है, जिससे विदेशी मुद्रा प्राप्त कर नगीना देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये भागीदार है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि नगीना काष्ठ कला उद्योग की इकाइयां सहकारी कताई मिल में खोलने का अवसर प्रदान करने की कृपा करें ताकि नगीना का काष्ठ कला उद्योग और अधिक तेजी से विकसित होकर देश एवं राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान अदा कर सके।

## अवैध खनन परिवहन में शामिल ट्रैक्टर-ट्राली की सीज

**सहारनपुर।** थाना चिलकाना पुलिस ने अवैध खनन परिवहन करने वाले वाहन एक ट्रैक्टर को मय ट्राली समेत सीज किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग अभियान चला रखा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, तहसील सदर के संग्रह अमीन अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान पठेड चैक पोस्ट पर एक वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा। पकड़े गए ट्रैक्टर के चालक द्वारा ट्रैक्टर मे बिना किसी खनिज परिपत्र के ओवरलोड खनन सामग्री भरकर परिवहन किया जा रहा था। उक्त वाहन ट्रैक्टर को सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म में वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार विगत् 28 जनवरी को वादिया की तहरीर पर आरोपी सागर पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम रतनपुरा कल्याणपुरा थाना बेहट के खिलाफ वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किये जाने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर विभिन्न धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार तथा महिला उपनिरीक्षक मनोरमा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त सागर पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम रतनपुरा कल्याणपुरा थाना बेहट को ग्राम रतनपुरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# लंबित मांगों के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। महासभा की जिलाध्यक्ष पूनम शर्मा के नेतृत्व में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंची, जहां उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। पूनम शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षों से पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, टीकाकरण व मातृ-शिशु देखभाल जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रही हैं, लेकिन आज तक उन्हें पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा व सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल सकी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन, ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने, समयबद्ध पदोन्नति, पोषण ट्रैकर के लिए 5जी मोबाइल व डाटा भत्ता, 1500 रूपये प्रोत्साहन राशि को मानदेय में शामिल करने, किराये के भवनों का उचित भुगतान, 365 दिन गुणवत्तायुक्त पोषाहार व्यवस्था, अन्य विभागों के कार्यो से मुक्ति तथा उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की गई। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो अप्रैल 2026 से पोषण ट्रैकर सहित समस्त ऑनलाइन कार्य पूर्णतः बंद कर दिए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रही।

## मातृभूमि मां है और हम सब उसकी संतान हैः रवि प्रकाश

**रामनगर बाराबंकी।** भारतीय संस्कृति और परंपराओं में कुटुंब का विशेष महत्व है। मातृभूमि मां है और हम सब उसकी संतान है उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने रामनगर नगर पंचायत में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,नागरिक कर्तव्य एवं स्व आधारित जीवन का बोध कराते हुए जिला प्रचारक रवि प्रकाश निराला ने कहा कि समाज की समस्याओं एवं चुनौतियां के लिए सज्जन शक्ति की सक्रियता एवं सहयोग राष्ट्र उत्थान के लिए आवश्यक है। इससे पूर्व आरएसएस प्रचारक रवि प्रकाश निराला व विहिप विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला मंत्री राहुल कुमार ने मां गायत्री एवं मां वीणापाणी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम आयोजक रामावती वर्मा व संचालक बबलू वर्मा ने पधारे हुए अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

## किक बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीतने पर गुनगुन का भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 8-



सहारनपुर। जम्मू यूनिवर्सिटी (जम्मू) में 22 से 25 जनवरी तक आयोजित हुई खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग 2025-26 (नॉर्थ जोन) में सहारनपुर की होनहार खिलाड़ी गुनगुन ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्वाइंट फाइट इवेंट के -32 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन कर दिया। खिलाड़ियों के शानदार खेल के बलबूते उ.प्र. की टीम ने किकबॉक्सिंग लीग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित स्वागत समारोह में सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण कुमार ने गुनगुन को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि यह सफलता गुनगुन की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में किक बॉक्सिंग की ये होनहार खिलाड़ी गुनगुन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगी। किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव मनोज प्रजापति ने गुनगुन की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी पिछले कई महीनों से किक बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है और पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। उन्होने बताया कि किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया ने सहारनपुर की किकबॉक्सिंग खिलाड़ी गुनगुन के प्रदर्शन की सराहना की।

खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग में कांस्य पदक जीतने पर गुनगुन को सहारनपुर के क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, सहारनपुर मंडल ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार, कनिष्ठ सहायक शिवनंदन, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, विशाल, अजय कुमार, मनोज प्रजापति, रमा आर्य, आकाश सैनी, लखन कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

## शिक्षक के मारपीट करने वाले दो बाल अपचारी समेत तीन गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो बाल अपचारी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार विगत् 28 जनवरी को वादी रोहित पुत्र सतपाल सिंह निवासी मौ. कोटला कस्बा व थाना गंगोह की तहरीर पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वादी के साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना गंगोह प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक आजाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिक्षक रोहित के साथ मारपीट करने वाले दो बाल अपचारी समेत एक आरोपी सागर पुत्र संदीप निवासी ग्राम रन्धेडी थाना गंगोह को हिरासत में लिया है।

# डीएम-एसएसपी ने संत रविदास जयंती की तैयारियों के संबंध में की बैठक

## अधिकारी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही करें पूर्णः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखते हुये पर्व को परम्परागत तरीको से मनायें। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं, समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

जिलाधिकारी आज यहां कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी की उपस्थिति में संत रविदास जयंती के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजकों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में डीएम एवं एसएसपी द्वारा संयुक्त रूप से थानावार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि शोभायात्रा परंपरागत मार्गो से ही निकाली जाएं। अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा ना डालें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी भी समुदाय की भावनायें आहत हों। उन्होंने उपस्थित सभी आयोजकों से पर्व को शान्ति पूर्वक मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मनीष बंसल ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। समस्त अधिकारियों को शोभायात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग ध्यान रखें कि शोभायात्रा वाले मार्गो पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष



अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से भ्रमण कर स्थानीय स्तर पर पूर्व में हुई अप्रिय घटनाओं व समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण करें।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें जिससे यात्रा में आने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके साथ ही अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर चल रही तैयारियों कों परखते रहें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें जिससे शोभायात्रा सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सकें। उन्होंने सभी आयोजक से कहा कि शोभायात्रा निकालने से पूर्व परमिशन अवश्य लें ले। इसी के साथ जिन स्थलों पर भण्डारे का आयोजन किया जाता है उसकी परमिशन भी समय से ले ली जाए तथा परमिशन इस शर्त के साथ निर्गत की जाए कि आयोजकों द्वारा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

मनीष बंसल ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं पंचायती राज के अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों से शोभायात्रा में शामिल झांकियों, बैण्ड एवं डीजे तथा धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर ध्वनि प्रसारक यत्रों का प्रयोग मानक के अनुरूप करने की बात कही। निर्देश दिए कि शोभायात्रा वाले मार्गो का निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाए कि कहीं पर भी गड्ढे और जलभराव की स्थिति न हो। उन्होने आयोजकों से कहा कि डीजे की उँचाई एवं चौडाई निर्धारित मानक से ज्यादा न हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि शोभायात्रा की अनुमति के सम्बन्ध में प्रत्येक दशा में रूट चार्ट संलग्न किया जाये तथा आयोजकों को भी रूट चार्ट से अवगत करा दिया जाये एवं परम्परा के अनुसार ही शोभायात्रा निकाली जाये। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभायात्राओं के संबंध में क्षेत्राधिकारियो व थानाध्यक्षों को विशेषरूप से सतर्क रहने हेतु निर्देश दिये गये।

आशीष तिवारी ने कहा कि आयोजक इस बात का ध्यान रखें कि पर्व को इस प्रकार से मनाया जाए कि किसी अन्य को असुविधा न हो। उन्होने सभी आयोजकों से कहा कि पहले से अनुमति अनिवार्य रूप से लें जिससे पुलिस-प्रशासन समय से आपका सहयोग कर सके। उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले से ही संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेकर समय रहते कमियों को पूर्ण कर लिया जाए।

# बीएचयू में छात्रों के गुटों के बीच हिंसक झड़प, मौके में भारी पुलिस बल तैनात

- पथराव के बाद कैम्पस में पीएसी समेत थानों की फोर्स मौजूद

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के परिसर में गुरुवार को रुइया छात्रावास में छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट की घटना सामने आई। जिसके चलते परिसर क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। दोपहर बाद हुई इस घटना ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया और विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए। विवाद के बाद आक्रोशित छात्र छात्रावास से बाहर निकल आए और सड़क पर प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने और ठोस कार्रवाई की मांग करने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय स्थित रुइया छात्रावास के गेट के सामने गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दो छात्र गुटों के बीच कहासुनी हुई जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि,बाउंड्री डाक के छात्रों ने रुइया छात्रावास के एक छात्र को पीटा। विरोध में रुइया छात्रावास के छात्र हुए लामबंद। फिर शुरू हुई हिंसक झड़प, बिरला छात्रावास के छात्र भी हुए लामबंद। इस घटना में दो छात्र घायल हुए जिनमें से एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आई।

घायल छात्र को तत्काल ट्रॉमा सेंटर भेजा गया जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ में जातिगत टिप्पणी को लेकर हुआ तनाव शामिल है हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।मारपीट की सूचना मिलते ही छात्रावास परिसर में अफरा तफरी मच गई और बड़ी संख्या में छात्र रुइया छात्रावास के गेट पर एकत्र हो गए। इसके बाद लगभग पचास से साठ छात्र प्राक्टोरियल बोर्ड से वार्ता करने के लिए पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। घायल छात्र पीयूष तिवारी के समर्थन में अन्य छात्र भी बिरला चौराहे पर जुट गए जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। वही स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लंका थाना पुलिस और बीएचयू चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। हालात को देखते हुए पीएसी को भी बुलाया गया। शाम करीब छह बजे पुलिस फोर्स जब बिरला सी क्षेत्र में पहुंची और आरोपित छात्रों की तलाश शुरू की तो छात्रों में एक बार फिर आक्रोश देखने को मिला। पुलिस ने छात्रों को समझाने और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया जिसके बाद हालात धीरे धीरे नियंत्रण में आए।

छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं लेकिन प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इसी कारण छात्रों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और आक्रोश गहराता जा रहा है। इस घटना ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को भी प्रभावित किया है और छात्र संगठनों में इसे लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद समय रहते समाज को बिखरने से बचा लिया



**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी कानून पर रोक लगाने के बाद राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन के अध्यक्ष रोशन पाण्डेय ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश की एकता अखंडता पर बने खतरे को सुप्रीम कोर्ट ने टाल दिया , हिन्दूओं को बिखरने से बचा लिया इसलिए हम बीजेपी का नही सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते है जो सवर्णो पर होने वाले भीषण अत्याचार से मुक्ति दिलाकर देश में गृहयुद्ध जैसे हालात से भी मुक्ति दिया हम छ्छुद्ध सूर्यकांत जी को धन्यवाद देते हैं साथ ही सभी सवर्ण समाज के उन लोगों को भी धन्यवाद जिन्होंने लगातार इस काले कानून का मुखरता से विरोध किया। रोशन पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार इससे सबक़ लेते हुए सवर्ण समाज से माफी मांगकर इस कानून को रद्द कर देना चाहिए अन्यथा भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# मंडलायुक्त सभागार में मंडल स्तरीय सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित

- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में योजनाओं की प्रगति की हुई गहन समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की प्राथमिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा, जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक दीपक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि देवरिया, महराजगंज एवं कुशीनगर जनपदों के जिलाधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित रैंकिंग, फीडबैक एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, राजस्व, पंचायती राज, समाज कल्याण, आवास योजना, जल जीवन मिशन एवं रोजगार सृजन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन्हें तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जनपद स्तर पर सीएम डैशबोर्ड की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जा रही है। बैठक के अंत में मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर अद्यतन सूचनाएं समय से अपलोड की जाएं तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडल की रैंकिंग में सुधार हो और योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे।

# ओ.पी. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बांधा समां

**मगहर महोत्सव**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर ।** ऐतिहासिक मगहर महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर सहजनवा स्थित ओ.पी. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम (ऐ गिरि नंदिनी) पर आधारित एक दिव्य और ओजपूर्ण नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माँ दुर्गा के शक्ति स्वरूप को समर्पित इस कार्यक्रम ने महोत्सव की शाम को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ऐ गिरि नंदिनी के कठिन छंदों और तीव्र लय पर जो तालमेल दिखाया, वह सराहनीय था। पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में प्रतीकात्मक अस्त्र लिए छात्रों ने माँ दुर्गा द्वारा महिषासुर के वध के दृश्यों को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के चेहरे के भाव और ऊर्जा ने दर्शकों को खड़े होकर तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया।

**प्रबंधक का वक्तव्य :** विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक गुप्ता ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ऐ गिरि नंदिनी जैसी कठिन और शास्त्रीय रचना पर प्रस्तुति देना छात्रों के अनुशासन और प्रतिभा को दर्शाता है। हम अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अपनी महान संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का निरंतर प्रयास करते हैं।

**समिति ने किया सम्मानित :** प्रस्तुति के अंत में महोत्सव समिति के पदाधिकारियों और मुख्य अतिथियों ने विद्यालय की इस शानदार प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की और टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने नृत्य निर्देशक पीयूष गुप्ता और सभी प्रतिभागी छात्रों को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जताया विरोध

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने लंबित एवं न्यायोजित मांगों को लेकर गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। बाद में अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों का निराकरण न किया गया तो आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा व आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स एसो. महोबा शांत नहीं बैठेगा।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां औ सहायिकाएं कई दशकों से महिला एवं बाल विकास की आधारशिला के रुप में कार्य करते हुए पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, टीकाकरण, मृत शिशु देखभाल सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रही हैं, बावजूद इसके आज भी कार्यकत्रियों को न तो पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है और न ही उन्हें वैधानिक सामाजिक सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ज्ञापन में बताया कि उम्र में सेवानिवृत्त की आयु 65 वर्ष की जाए और कोरोना काल से सेवानिवृत्त सभी कार्यकर्ताओं को पेंशन एवं ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। ज्ञापन में कार्यकत्रियों को पूर्ण कालिक सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, वेतनमान, भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, महंगाई भत्ता एवं मेडिकल आवकाश सहित सभी वैधानिक दिए जाने की मांग की गई। आंगनबाड़ी से मुख्य सेविका पद पर एवं सहायिका से आंगनबाड़ी से कार्यकत्रि पद पर योग्यता एवं वरिष्ठा के आधारपर नियमित व समयवद्ध पदोन्नति शासना देश के अनुसार किए जाने की मांग की गई है।

# यूजीसी के नियमों पर रोक सवर्ण छात्रों की जीत

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाए जाने पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने जश्न मनाया और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। आपको बता दें कि देश में पिछले कई दिनों से यूजीसी के नए नियमों का विरोध हो रहा था तथा करणी सेना के पदाधिकारियों ने देश भर में उग्र प्रदर्शन और आंदोलन कर कानून को रोकने की मांग की थी और अब करणी सेना के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और खुशी मनाई।

वहीं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा.ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों में जातिवाद को बढ़ावा दिया गया था तथा छात्रों के बीच गहरी खाई खोदने का कार्य किया गया था जबकि कॉलेज के अंदर किसी भी छात्र की कोई जाति नहीं होती वहां वह सिर्फ एक छात्र के रूप में शिक्षा ग्रहण करने जाता है और सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से छात्रों को न्याय मिला है और करणी सेना सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करती है।इतना ही नहीं करणी सेना के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि कोई भी इस तरह का कानून लाकर जातिवाद को बढ़ाना बढ़ावा देने का कार्य ना करें अन्यथा और ज्यादा उग्र प्रदर्शन होंगे।इस अवसर पर संजय सिंह,आशीष चौहान,उमेश कुमार सिंह,वीरू भदोरिया, सचिन चौहान,बीपी सिंह, सत्य प्रकाश शर्मा,सुनील शर्मा, सचिन राघव, मनु ठाकुर,ध्रुव राजपूत, ललित राघव, दीपक भारद्वाज,आलेख सैनी, यश शर्मा,योगेश राजपूत,सुमित चौहान और साहिल चौहान आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में गुरुवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज, महोबा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महोबा एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं को हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा पैदल यात्रियों के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई, जिससे वे स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सकें। कार्यक्रम के उपरांत स्काउट्स एवं गाइड, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं जैसे नारों के जरिए आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके एवं सुरक्षित यातायात संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

# पॉक्सो एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

- पीड़िता जो घटना के समय 13 वर्ष की थी उसके परिजनों की ओर से थाना भेलूपुर में प्रार्थना पत्र दिया गया था

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** बालिकाओं के साथ यौन शोषण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस बड़ा कदम। पुलिस ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराधों की रोकथाम और दुष्कर्म जैसे संगीन मामलों के त्वरित अनावरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी। वही पुलिस के अनुसार पीड़िता जो घटना के समय लगभग 13 वर्ष की थी उसके परिजनों की ओर से थाना भेलूपुर में प्रार्थना पत्र दिया गया था।

प्रार्थना पत्र में आरोपी द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 0061 2026 धारा 376 और 506 भारतीय दंड विधान तथा 3 और 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया।पुलिस के अनुसार मामले के पंजीकरण के बाद पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश और तलाश की जा रही थी। वही पुलिस को सूचना मिली जिसके आधार पर आरोपी को द्वारिकाधीश मंदिर के पास से नियमानुसार हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अ*न कुमार पुत्र शम्भूनाथ निवासी ग्राम राघोपुर थाना रसड़ा जिला बलिया उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले से संबंधित साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नाबालिगों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह गिरफ्तारी 29 जनवरी 2026 को द्वारिकाधीश मंदिर के पास थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी क्षेत्र में की गई। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रेमलाल सिंह तथा उप निरीक्षक लवकुश यादव शामिल रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की बैठक संपन्न हुई

**फर्रुखाबाद।** उ0प्र0 शासन द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू की गयी है। जिसकी समीक्षा प्रत्येक सप्ताह मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/मण्डलायुक्त एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण बैंक शाखाओं द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों पर पुनर्विचार तथा लम्बित आवेदनों पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु विशेष समीक्षा बैठक दिनांक 29 जनवरी, 2026 को स्थान कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ फर्रूखाबाद आहूत की गयी थी। उक्त बैठक में आज दिनांक 29.01.2026 को बैंक ऑफ बडौदा, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया बैंक शाखाओं की समीक्षा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गयी। उक्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त योजनाओं में युद्ध स्तर पर ऋण वितरण की कार्यवाही करायी जाये जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को माह फरवरी, 2026 तक पूर्ण हो सके।

## यूजीसी कानून के विरोध में अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार



**गोरखपुर।** यूजीसी कानून को लेकर प्रदेश भर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच अब यह आंदोलन तेज होता नजर आ रहा है। सहजनवां तहसील के अधिवक्ताओं ने कानून के विरोध में तहसील से नारेबाजी करते हुए थाना चौराहे पर जाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर हाथ मे हथकड़ी लगाकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने एक मांग पत्र एसडीएम केशरी नन्दन तिवारी को सौपा। एसडीएम ने उच्च अधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि नया यूजीसी कानून शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदेह है। इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित होगी। उन्होंने इस कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में तहसील बार एसोशिएशन अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी, मंत्री राघवेंद्र सिंह , रमाकांत उपाध्याय, बृजेन्द्र मिश्र, भूपेंद्र कुमार तिवारी, अनिल कुमार तिवारी, भूपेश तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, उमेश त्रिपाठी, सुनील कुमार, अभिषेक तिवारी, अभिषेक ,सन्नी शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## व्यापार बंधु समिति की बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में अवगत कराया गया कि आरटीओ कार्यालय की कार्य प्रणाली संदेह जनक है आरटीओ ऑफिस के कर्मचारी आवेदक से सीएससी पर जाने को कहते हैं जो उचित व पारदर्शी नहीं है इस पर सीडीओ ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए ई रिक्शा द्वारा तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर आपत्ति के क्रम में सीडीओ ने क्षेत्राधिकारी पुलिस को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए व्यापारियों द्वारा फतेहगढ़ में मंगल बाजार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने विचार करने के लिए कहा संपूर्ण नगर में व्याप्त अतिक्रमण को समाप्त करने की मांग की गई रेलवे रोड पर पुलिया व नाली का सामंजस्य एक लेवल पर नहीं है इस पर सीडीओ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद को मौके पर स्थलीय निरीक्षण करके समस्या को हल करने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नामावलियों के पुनरीक्षण के संबंध में बैठक संपन्न हुई

**जया उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राष्टीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आज दिनांक 29.01.2026 को दोपहर 01.20 बजे बैठक जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिसमें निम्नांकित अधिकारियों/राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–1-श्री आषुतोष कुमार द्विवेदी, जिला निर्वाचन अधिकारी, फर्रूखाबाद।2-श्री अरूण कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, फर्रूखाबाद।3-श्री मुकेष गुप्ता, जिला संयोजक चुनाव प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी।4-श्री रामरतन गौतम, पूर्व जिलाप्रभारी, बहुजन समाज पार्टी।5-श्री सुभाष चन्द्र शाक्य, एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी।6-श्री अंकुष सिंह, जिला सचिव, आम आदमी पार्टी।7-श्री वरूण त्रिपाठी, एडवोकेट, जिला प्रवक्ता, कांग्रेस पार्टी। सर्वप्रथम सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में निर्वाचकों की सुविधा के लिए सुनवाई हेतु चयन किए गए स्थल प्राधिकृत अधिकारी से संबंधित विवरण, सुनवाई की तिथि एवं समय संबंधित तिथि हेतु चयनित भाग संख्याओं के विवरण कार्यवाही के बारे में अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि 01-01-2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके या पूर्ण करने वाले मतदाता प्रारूप-6 पर अपना आवेदन कर सकते है। मतदाता को प्रारूप-6 पर आवेदन करने हेतु प्रारूप-6 के साथ फार्म में फोटो लगाकर घोषणा पत्र अनुलग्नक-4 भर कर जमा करना होगा। साथ ही समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि आनलाइन माध्यम से वेब पोर्टल पर जाकर प्रारूप-6 ज्यादा-ज्यादा भरवाने का अनुरोध किया गया तथा आयु एवं जन्म के लिये मतदाता को निम्न साक्ष्य उपलब्ध कराने होगेः-जन्म तारीख के सबूत के प्रमुख दस्तावेजः- इनमें से कोई एक1.सक्षम स्थानीय निकाय/ नगरपालिका प्राधिकरण/जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। 2.पैन कार्ड 3.चालन अनुज्ञप्ति (ड्राविंग लाइसेस) 4.सीबीएसई/ आईसीएसई/ राज्य षिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 या कक्षा 12 का प्रमाण पत्र, यदि इनमें जन्म तारीख अतर्विष्ट है।5.भारतीय पासपोर्टनिवास के सबूत के रूप में प्रमुख दस्तावेजः-1.उस पते पर पानी/बिजली/गैस कनेक्षन बिल (कम से कम एक बर्ष)2.आधार कार्ड 3.राष्टीय/ अनुसूचित बैंक/डाक घर की वर्तमान पास बुक।4.भारतीय पास पोर्ट5.राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख जिसमें किसान बही भी है।6.रजिस्ट्रीकृत किराया पट्टा विलेख (किरायेदार की दषा में) 7.रजिस्ट्रीकृत विक्रय विलेख (स्वंय के घर की दषा में) अतः बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की, कि अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे या कर चुके मतदाता उपरोक्त मानको के साथ प्रारूप-6 के साथ फार्म में फोटो लगाकर घोषणा पत्र अनुलग्नक-4 भर कर अधिक से अधिक संख्या में जमा करायें।


**सूचना**

दि. 2/1/2026 को पंजाब नेशनल बैंक, माधो नगर, सहारनपुर शाखा के पास 10 बजे दिन दो मूल विक्रय पत्र बही स.1जिल्द स. 3081 पेज 198 में सं.1810 ए डी बुक स. जिल्द 3307 पेज 443 से 448 दि. 10/2/1989 जो कि सुदेश कुमारी पत्नी अनिल कुमार खुराना नि. विष्णु पूरी द्वारा हरीश कुमार, सुरेश कुमार और महेश कुमार पुत्र गण श्री विशंभर दास 87.1/2 वर्ग गज़ प्लॉट स.45 स्थित विष्णु पूरी, न्यू माधो नगर, सहारनपुर, मूल दस्त. स. बही स. 1 जिल्द 3081 पेज 198 में स.1811ए डी बुक स. जि. 449 से 454 दि.10/2/1989 को कमलेश कुमारी पत्नी खैराती लाल द्वारा हरीश कुमार, सुरेश कुमार और महेश कुमार पुत्र विशभर दास 87.1/2 वर्ग गज़ प्लॉट स.45 विक्रय की गई है जो सब रजिस्ट्रार ऑफ़िस प्रथम सहारनपुर में दर्ज है वास्तव में मूल विक्रय पत्र गिर गए हैं ढूंढे नहीं मिले यदि मिले तो संपर्क करें। एड. महेश कुमार, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. 9897020635



**कार्यालय नगर पालिका परिषद-जौनपुर**

पत्रॉक- 1809/तीन-सामा0/2025-26 दिनांक- 24 जनवरी, 2026

राष्ट्री पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 20026 के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद परिवार की ओर से जौनपुर नगरवासियों से पालिका निम्नलिखित अपील करती है:-

1- गृहकर जलकर व जलमूल्यय का भुगतान 31 मार्च 2026 से पहले पालिका को करते हुए छूट का लाभ उठायें।
2- दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्ट, नार्सिंग होम हास्पिटल पर देय किराया व लाईसेन्स शुल्क की अदायगी समय से पालिका में करें।
3- अपने-अपने घरों से निकलने वाले दैनिक कूड़ों को समय से निर्धारित स्थल व कुडेदान में फेंकें इधर-उधर तितर-वितर न करें। झाड़ू लगने के पश्चात कूड़ा व कचरा कदापि सड़कों व पटरियों पर न फेकें, अपने दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ादान अवश्य रखें।
4- सड़क पटरियों, नालियों व नालों पर किसी प्रकार का स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण न करें।
5- पर्यावरण को स्वच्छ बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
6- जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के भीतर नगर पालिका में अवश्य करायें।
7- अपने घरो के पेयजल नल की टोटी को खुला न छोड़कर पेयजल का अपव्यय न करें। खुली टोटी पाये जाने व जल का अपव्यय करने हेतु पाये जाने पर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।
8- नगर में लगे स्ट्रीट लाईट व विद्युत उपकरणों को क्षति व नुकसान से बचायें।
9- प्रतिबन्धित पॉलिथिन, थर्माकोल, दोहरा, चायनीज मंझे के खरीद, बिक्री, स्टोरेज व उपयोग वर्जित है, इसका उपयोग कदापि न करे, यह गम्भीर अपराध है पकड़े जाने पर जुर्माना भरना पड़ेगा।
10- देय करों गृह कर एवं जलकर का भुगतान समय से करें तथा आनलाईन करें।
11- डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में नगर पालिका कर्मियों का सहयोग करें।
12- शौचालय का प्रयोग करें। खुले में शौच कदापि न करें, इससे बिमारी फैलती है।

अधिासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जौनपुर | समस्त मान्य सभासद नगर पालिका परिषद, जौनपुर | (मनोरमा मौर्या) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जौनपुर

# अयोध्या को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने की नई शुरुआतः त्रिपाठी

## महापौर ने किया बर्तन भंडार का लोकार्पण एवं डस्टबिन का वितरण




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इसके तहत कृष्णानगर वार्ड में बर्तन भंडार का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप, एसवीआई फाउंडेशन, एसबीआई कंजर्व के सहयोग से समारोह पूर्वक किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह को बर्तन भंडार सौंपा। इसका एकल उपयोग सामुदायिक आयोजनों में प्लास्टिक के विकल्प के रूप में किया जा सकेगा। इसके साथ वेस्ट नो मोर इन अयोध्या अभियान के तहत डस्टबिन वितरण भी किया गया।महापौर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बर्तन भंडार के उपयोग, रखरखाव तथा इसके व्यापक उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल प्लास्टिक मुक्त अयोध्या के लक्ष्य को मजबूती देगी, बल्कि नागरिकों के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम भी बनेगी। इस दौरान महापौर ने उपस्थित नागरिकों से गीला कचरा हरे डस्टबिन एवं सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि इससे अयोध्या की कचरा प्रबंधन प्रणाली को वैज्ञानिक और प्रभावी बनाया जा सकेगा। महापौर ने बताया कि नगर के चार वार्डों में 10 हजार डस्टबिन एवं कपड़े के झोले वितरित करेगा, ताकि लोग प्लास्टिक के थैलों के प्रयोग से बच सके।

इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने कहा कि कचरा पृथक्करण और सामुदायिक बर्तन भंडार जैसी पहल स्वच्छ, सतत और जिम्मेदार शहरी विकास की मजबूत आधारशिला हैं।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि कार्यक्रम का संयुक्त संचालन मुख्य संयोजक आलोक सिंह राना एवं एकता भटनागर ने किया। कार्यक्रम में पार्षद रमाशंकर निषाद, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पाण्डेय, चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप की ओर से विमल कुमार, सुलभ मिश्र, नेहा वर्मा, आदर्श यादव, सुंदरी कुमारी और बड़ी संख्या में महिलाएं एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भ्रमण कर महापौर जानेंगे जनसमस्याएं

अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ अवधपुरी वार्ड में शनिवार को सुबह 7:30 बजे भ्रमण कर जनसमस्याएं सुनेंगे और उनका समयबद्ध निदान कराएंगे। यह जानकारी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत 30 जनवरी को सुबह 7.30 बजे महापौर भ्रमण कर लोगों की शिकायतें और समस्याएं संकलित करेंगे और उसका यथासंभव समाधान कराएंगे। भ्रमण के मद्देनजर नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को टीम सहित मौके पर मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भ्रमण में जलकल, स्वास्थ्य, प्रकाश एवं निर्माण विभाग से जुड़ी टीमें शामिल रहेंगी।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत बाइक रैली रवाना, यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**अयोध्या।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव के निर्देश पर 01 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 27वें दिन राह-वीर एवं कैशलेस उपचार योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 28वें दिन गलत नंबर प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे वाहनों, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही लेन ड्राइविंग और सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को रात्रि में हेडलाइट के हाई बीम व लो बीम के सही प्रयोग के संबंध में जागरूक किया गया।सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया।

# अयोध्या में राम भक्तों का अभिनंदन करेगा भरत द्वार

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** अयोध्या आने वाले राम भक्तों का हार्दिक अभिनंदन करने के लिए भरत द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। योगी सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना में से एक यह भव्य प्रवेश द्वार अयोध्या-सुल्तानपुर मार्ग पर मैनुदीनपुर प्रयागराज मार्ग गेट कॉम्प्लेक्स टी0एफ0सी0 क्षेत्र में बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत यू.पी. प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा है। भरत द्वार का निर्माण 4.410 हेक्टेयर क्षेत्र में हो रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग 2024.90 लाख रुपये है। वर्तमान में इस परियोजना का करीब 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अगले माह यानी फरवरी 2026 तक सभी निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने का लक्ष्य है, और इसी माह के आस पास ही इसका लोकार्पण संभव है। यह द्वार अयोध्या नगरी में प्रवेश करने वाले राम भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए प्रथम स्वागत स्थल के रूप में कार्य करेगा, जहां भगवान राम के छोटे भाई भरत की भक्ति और मर्यादा का प्रतीकात्मक स्वागत होगा।

योगी सरकार ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या को विश्व स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें अयोध्या से जुड़ने वाले प्रमुख छह मार्गों पर रामायण से प्रेरित भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण शामिल है। इनमें राम द्वार, लक्ष्मण द्वार, शत्रुघ्न द्वार, भरत द्वार, सीता द्वार और हनुमान द्वार जैसे नाम शामिल हैं। अयोध्या- सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित भरत द्वार इसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक होगा, बल्कि इसमें रामायण काल की थीम पर आधारित मूर्तियां, नक्काशी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाएं भी होंगी, जो आने वाले तीर्थयात्रियों को त्रेता युग की याद दिलाएंगी।

**मंदिर निर्माण के बाद बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त**

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। लाखों-करोड़ों राम भक्त प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में शहर के प्रवेश द्वारों को भव्य बनाने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भरत द्वार का निर्माण इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

# एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा ने आयोजित की शोक सभा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के वरिष्ठ नेता दादा अजित पवार के आकस्मिक निधन की सूचना से शोकाकुल कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार को गांधी भवन, बाराबंकी में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शोक सभा का आयोजन एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर धनंजय शर्मा ने कहा कि अजित पवार एक मजबूत नेतृत्वकर्ता और जनसेवा के प्रति समर्पित राजनेता थे। उनके जाने की सूचना से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में जिले के अनेक वरिष्ठ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से एनसीपी जिलाध्यक्ष सुनील सोनी, विजय कुमार सिंह गुड्डू, मृत्युंजय शर्मा, विजय सिंह मुन्ना, अशोक जायसवाल, नीरज दुबे, छोटू शर्मा, श्रीनिवास त्रिपाठी, अनिल वर्मा, सत्यवान वर्मा, सियाराम वर्मा, लम्बू मिस्त्री, विजय कनोजिया, साकेत मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### कस्बे मे नातिया मुशायरा आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** कस्बे के मोहल्ला छोटा इमामबाड़ा के पास बुधवार को एक नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया, जिसकी निजामत उसतादुस शोअरा बशर जैदपुरी ने किया, जिसमे इब्ने वफ़ा, अरमान जैदपुरी ताबिश जैदपुरी, सिराज जैदपुरी हाफिज नूर आलम, सहित तमाम शोआराओं ने अपने अपने कलाम पेश किये मुशायरा देर रात तक चलता रहा और अरमान जैदप के कलाम पर इनाम एकराम के साथ दादो तारीफ की बौछार होती रही, जो कुछ इस प्रकार था, नहीं है दुनियां में कोई भी हमारा या रसूलुलल्ला, हमें तो आपका ही है सहारा या रसूलुलल्ला। इस अवसर पर हसीब महबूब आलम, मतोले उमर अली, फरमान कविश नफीस, कामरान सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सम्भागीय निरीक्षक ने मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का निरीक्षण किया



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने जनपद मे संचालित विभिन्न मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का औचक निरीक्षण मानको की जांच की। इस दौरान दस्तावेजों, वाहनों की स्थिति, प्रशिक्षकों की योग्यता और मान्यता नियमों की गहनता से निरीक्षण कर कमियां मिलने पर सुधार करने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। आज बृहस्पतिवार को सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने ए टू जेड मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल कबीरपुर, जेपी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, न्यू महावीरा मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलो का निरीक्षण करते हुये ट्रेनिंग गुणवत्ता, पत्रावलियो एंव ड्राइविंग सिखाने के लिए योग्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति की जांच करते हुये सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किये जाने को लेकर निर्देशित किया। तो वही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने विभिन्न मार्गो मे चेकिंग के दौरान 3 ओवरलोड़ वाहन व 1 अनाधिकृत रूप से संचालित बस संख्या यू0पी 50 ई0टी 8770 पर मानको का उल्लंघन मिलने पर सीज किया।

### अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान, मचा हड़कंप

**ज़ैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** एक बार पुनः फिर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़क किनारे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के साथ अवैध रूप से लगी होर्डिंग को हटाया गया, मचा हड़कंप। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत जैदपुर में नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर गुरूवार करीब 12ः30 बजे अभियान चलाया। इस दौरान कस्बे के मुख्य मार्ग से दर्जनों की संख्या में अवैध कब्जों को हटाया गया। साथ ही मुख्य मार्गों पर लगी तमाम होल्डिंग भी हटाई गयी। यह अभियान थाना चौराहे के पास से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए वसीनगर तक चला। कार्यवाही को देखते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया तो किसी के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने में नगर पंचायत की जेसीवी का भी प्रयोग किया गया, इस दौरान नगर पंचायत के अधीशाषी अधीकारी राम जनक तिवारी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे, दर्जनों अतिक्रमणकारियों के कब्जे हटाए।

## आलमपुर में मरहूम रौशन अली करबलाई की बरसी की मजलिस 1 फरवरी को

**आलमपुर (बाराबंकी)।** हुसैनियात अमानत अली आलमपुर, ज़िला बाराबंकी में मरहूम रौशन अली करबलाई की बरसी की मजलिस 1 फरवरी, रविवार को दिन में 10 बजे आयोजित होगी मजलिस का आगाज तिलावत ए कलमे पार्क से किया जाएगा। 31 जनवरी की रात 8 बजे मजलिस आयोजित की जाएगी, इस मजलिस को मौलाना मेहंदी हसन वॉइस जलालपुरी ख़ितिाब फरमाएंगे। 1 फरवरी, रविवार को दिन में 10 बजे दूसरी मजलिस आयोजित होगी, इस मजलिस को मौलाना गुलाम रसूल नूरी कश्मीर संबोधित करेंगे। और खावातीन की मजलिस 10 बजे दिन में मरहूम के मकान पर आयोजित की जाएगी, जिसको कनीज ज़ैदी साहिब मजलिस संबोधित करेगी कार्यक्रम में मरहूम के भाई मौलाना मोहम्मद समीर ने सभी मोमिनीन व मोमिनात से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मजलिस में शिरकत करने की अपील की है।

## सिसवा बाजार में बजाज पल्सर 'डेयर फेस्ट' का आयोजन, युवाओं में दिखा उत्साह



**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** बजाज ऑटो की ओर से सिसवा बाजार में दो दिवसीय बजाज पल्सर डेयर फेस्ट का भव्य आयोजन गुरुवार को किया गया। यह कार्यक्रम बजाज एजेंसी, सिसवा बाजार के ग्राउंड में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरजेश जायसवाल एवं सिसवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। डेयर फेस्ट के अंतर्गत फ्री स्टंट शो, सर्विस कैंप और एक्सचेंज मेला आयोजित किया गया है, जिसमें पल्सर बाइकों के रोमांचक स्टंट दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं बाइक प्रेमियों को बजाज की नवीन तकनीक, उन्नत फीचर्स और नए मॉडलों से रूबरू कराना है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले ग्राहकों को विशेष छूट, सर्विस सुविधाएं तथा पुराने वाहन के बदले नया वाहन लेने की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, राजन विश्वकर्मा, निरंकार सिंह, अमित अंजन एवं स्टेट बैंक के मैनेजर मोहम्मद फारूक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 17 बोटा सागौन की लकड़ी को वन कर्मचारियों ने किया बरामद



**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के दक्षिणी चौक रेंज क्षेत्र में अवैध सागौन लकड़ी रखने का मामला सामने आया है। नगर पंचायत चौक के वार्ड संख्या 1 अम्बेडकर नगर में पंचायत भवन से लगभग 30 मीटर दक्षिण दिशा में स्थित एक मकान के पीछे छिपाकर रखे गए 17 नग सागौन के बोटे वन विभाग ने बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से वृहस्पतिवार को मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सागौन के बोटों को अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया कि उक्त मकान में वर्तमान में कोई निवास नहीं करता। मकान मालिक ने बताया कि उनकी अनुपस्थिति में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर के पीछे सागौन के बोटे छिपाकर रख दिए गए थे। घर पहुंचने पर बोटों को देखकर उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। इस संबंध में दक्षिणी चौक रेंज के वनक्षेत्राधिकारी ऋषभ नायक ने बताया कि अवैध सागौन रखे जाने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि सागौन के बोटे किसके हैं और इन्हें किस उद्देश्य से यहां छिपाकर रखा गया था। दोषियों के विरुद्ध ग्रामीण वन अधिनियम के तहत 4/10 के तहद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### यूजीसी के नए नियम के विरोध में राष्ट्रीय सेवा संघ का प्रदर्शन

**बरेली।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा संघ के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। संगठन के प्रदेश महामंत्री सोनू ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को सौंपकर नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

इस अवसर पर सोनू ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में सहायता का आधार आर्थिक स्थिति होनी चाहिए, न कि जाति या धर्म। उन्होंने कहा कि हर जाति और वर्ग में गरीब भी हैं और संपन्न भी, ऐसे में केवल जाति के आधार पर सुविधाएं देना न्यायसंगत नहीं है।

उनका कहना था कि शिक्षा में सहयोग वास्तव में उन जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचना चाहिए, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से हों।

# बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पिता का निधन, जिले में शोक की लहर, आवास पर उमड़ा जनसैलाब

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** अत्यंत दुःख एवं शोक के साथ सूचित किया जाता है कि जनपद बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पिता स्वर्गीय दिनेश बहादुर सिंह का आज दिनांक 29 जनवरी को पूर्वाह्न में श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल संस्थान में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे और बीते कई महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे।

उनके निधन का समाचार मिलते ही जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इस दुःखद समाचार पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

परिजनों के अनुसार, स्वर्गीय दिनेश बहादुर सिंह का उपचार चिकित्सकीय निगरानी में चल रहा था। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्होंने अंतिम सांस ली।

निधन की सूचना मिलते ही बरेली जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी जिलाधिकारी आवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी , डीआईजी , एसपी सिटी सीओ , कर्मचारी, महापौर डॉ. उमेश गौतम सहित कई जनप्रतिनिधि, विधायक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग डीएम आवास पहुंचे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह को इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। डीएम आवास पर पूरे दिन शोक और संवेदना का वातावरण बना रहा।

दिवंगत दिनेश बहादुर सिंह को एक सादगीपूर्ण, अनुशासित एवं संस्कारों को महत्व देने वाले व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता था। उन्होंने शिक्षा, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों को अपने जीवन में सर्वोपरि स्थान दिया। उनके विचारों और संस्कारों की छाप उनके परिवार और उनके पुत्र के प्रशासनिक जीवन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

परिवार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, दिवंगत का पार्थिव शरीर 30 जनवरी, शुक्रवार को प्रातः 4 बजे बरेली से प्रयागराज संगम स्थित रसूला घाट के लिए ले जाया जाएगा, जहां दोपहर 12 से 2 बजे के बीच पारंपरिक विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

इस दुःखद अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## यूजीसी पर रोक की सूचना से धरना स्थल पर खुशी की लहर , सवर्ण समाज ने जताया न्यायपालिका पर भरोसा

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** यूजीसी के कथित काले कानून के विरोध में सवर्ण समाज द्वारा बरेली के सेठ दामोदरदास पार्क में पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण एवं निरंतर धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दौरान धरना स्थल पर यह सूचना प्राप्त हुई कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने सरकार द्वारा लाए गए उक्त कानून पर रोक लगा दी है। यह खबर मिलते ही धरना स्थल पर मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। निर्णय की जानकारी मिलते ही प्रदर्शनकारी उत्साहित हो उठे और एक-दूसरे को बधाइयाँ देते हुए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि जब कोई जनहित याचिका गंभीर और संवैधानिक होती है, तभी सर्वोच्च न्यायालय उस पर सुनवाई करता है। यह निर्णय सामान्य वर्ग की न्यायपूर्ण लड़ाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदर्शनकारियों ने विश्वास जताया कि अंतिम निर्णय भी सामान्य वर्ग के पक्ष में आएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सवर्ण समाज न्यायालय के हर आदेश का सम्मान करता है और आगे भी अपनी लड़ाई संवैधानिक, लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से जारी रखेगा।

धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से रमेश मिश्रा (राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण सभा), सोहनलाल शर्मा एडवोकेट, अनिल द्विवेदी (राष्ट्रीय प्रवक्ता), अजय राज शर्मा, किसान नेता राजेश शर्मा, सपा नेता समर्थ मिश्रा, भाजपा नेता सुधांशु शर्मा, पंकज पाठक, रतन शर्मा, दीपक पांडे एडवोकेट, गजेंद्र पांडे एडवोकेट, सौरभ पांडे, प्रमोद उपाध्याय, राज शर्मा, तृप्ति शुक्ला, अनुराधा शर्मा, ज्योति शर्मा, अजय शर्मा, सचिन शर्मा, अविनाश मिश्रा, वंदना पांडे, ज्योति मिश्रा, रामरतन शर्मा, मदन शर्मा, अरुण शुक्ला, मुकेश पांडे, अनिकेत शर्मा, आरसी पांडे, अक्षय अवस्थी, राजेंद्र सिंह, पंकज मिश्रा, आलोक चौहान, संजय सक्सेना, विमल पांडे, विष्णुदेव पाठक, रजत सिंह, अचिंत द्विवेदी, एडवोकेट अखिलेश मिश्रा, राहुल उपाध्याय, अरुण शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ई-संजीवनी कम होने पर सीएचओ को लगाई फटकार

**एनसीडी मरीजों का नियमित फॉलोअप करते रहने का दिया निर्देश**



**डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपरा रसूलपुर का किया निरीक्षण**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** डिप्टी सीएमओ डॉ वीर विक्रम सिंह ने गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिपरा रसूलपुर का औचक निरीक्षण किया। यहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नीतू यादव द्वारा बताया कि जनवरी माह में 97 ई-संजीवनी की गयी हैं। जिसपर फटकार लगाते हुए ई-संजीवनी बढ़ाने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि अप्रैल 2025 से 29 जनवरी 2026 तक 30 वर्ष अधिक उम्र के 3600 आबादी के सापेक्ष 2680 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई। कम एनसीडी होने का कारण पूछने पर सीएचओ द्वारा बताया गया कि वह एक सप्ताह अवकाश पर रहीं। जनवरी माह में 125 के सापेक्ष मात्र 97 ई-संजीवनी होने का भी एक सप्ताह अवकाश पर रहने का ही कारण बताया। एनसीडी मरीजों का नियमित फॉलोअप करते रहने का भी निर्देश दिया। एएनएम रेखा के बारे में जानकारी लेने पर बताया गया कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर गयी हुई हैं।

### यूजीसी के समर्थन व अलंकार अग्निहोत्री के विरोध में भीम आर्मी का हल्लाबोल

**बरेली।** भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी के समर्थन और अलंकार अग्निहोत्री के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति एवं सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी पदाधिकारियों ने कहा कि यूजीसी की स्वायत्तता और शैक्षणिक सुधारों का समर्थन करना समय की आवश्यकता है। संगठन का मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की जानी चाहिए और किसी भी तरह से संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास स्वीकार्य नहीं है। वहीं दूसरी ओर, प्रदर्शनकारियों ने अलंकार अग्निहोत्री द्वारा दिए गए कथित बयानों व गतिविधियों पर कड़ा विरोध जताया। भीम आर्मी का आरोप है कि उनके वक्तव्यों से दलित एवं पिछड़े समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है, जिस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

## लीड बैंक का वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) एवं लीड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जनपद मुख्यालय पर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 24 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 100 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंती देवी ने की, जबकि संचालन लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) भूपेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत, ऋण प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन, बीमा योजनाओं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक (एजीएम) जितेंद्र मोरे तथा नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) कृष्ण कुमार ने महिलाओं से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं, बल्कि समाज में भी सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। वक्ताओं ने सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और वित्तीय अनुशासन अपनाने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी महिलाओं ने प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा अन्य महिलाओं को भी बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ने का संकल्प लिया।

# उत्तर प्रदेश सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन का गठन, व्यापारियों को मिला मजबूत संगठन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** जिले के समस्त सम्मानित सर्राफा व्यापारियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन (रजि.) का विधिवत गठन किया गया। सिविल लाइंस जंक्शन रोड स्थित एक होटल में आयोजित बैठक एवं प्रेसवार्ता के दौरान संगठन के गठन की घोषणा की गई। बैठक में व्यापारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। संगठन का मुख्य उद्देश्य सर्राफा व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, व्यापार के दौरान आने वाली समस्याओं का समाधान करना, व्यापारियों के दुख-दर्द में साथ खड़े रहना, राज्य व केंद्र सरकार तक व्यापारियों की समस्याएं पहुंचाना तथा सरकार की व्यापारी हितैषी योजनाओं का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाना है। इसके साथ ही नियमित रूप से सोने-चांदी के भाव की जानकारी, आभूषणों की शुद्धता पर ध्यान, आईपीसी की धारा 411 एवं बीएनएस की धारा 317 से जुड़ी समस्याओं का समाधान, बढ़ते भाव के कारण गिरवी आभूषणों की समस्या तथा सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कार्य किया जाएगा।

बैठक में सर्वसम्मति से सेठ प्रताप चंद , प्रेम प्रकाश अग्रवाल एवं विनीत रस्तोगी को संरक्षक बनाया गया। अनिल पाटिल को प्रदेश अध्यक्ष, विशाल मेहरोत्रा को मंडल अध्यक्ष, सुशील बंसल को जिला अध्यक्ष, संजीव अग्रवाल (पूर्व पार्षद) को महानगर अध्यक्ष तथा रामनारायण गुप्ता (मीरगंज) को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। अन्य व्यापारियों को प्रदेश, मंडल, जिला एवं महानगर स्तर पर विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

संरक्षक प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों से पद की गरिमा बनाए रखते हुए निष्ठा से व्यापारियों की सेवा करने का आह्वान किया। संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अनिल पाटिल ने कहा कि सर्राफा व्यापारियों को संगठित होने की आवश्यकता थी और संगठन हर व्यापारी की समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेगा। मंडल अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि ÷संगठित व्यापारी, सुरक्षित व्यापारी÷ के मंत्र के साथ युवा साथी नई सोच से कार्य करेंगे।

जिला अध्यक्ष सुशील बंसल ने व्यापारियों की एकजुटता पर बल दिया, जबकि महानगर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बढ़ते सोने-चांदी के भाव से उत्पन्न चुनौतियों पर सभी को जागरूक करने की बात कही। जिला प्रभारी रामनारायण गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्राफा व्यापारी भी संगठन से जुड़ेंगे।

बैठक में सैकड़ों सर्राफा व्यापारियों की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता को मजबूती दी।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं ने निभाई जिम्मेदारी

- लोकतंत्र की मजबूती मत से तय होती है : रजनी कान्त
- मतदान केवल अधिकार नहीं हमारा नैतिक कर्तव्य : रेखा शर्मा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** मेरा युवा भारत गोण्डा के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के बीएससी कैंपस में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉक्टर रेखा शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक डॉक्टर रजनी कान्त तिवारी रहे। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन कृष्ण मोहन त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें युवाओं ने मतदान के महत्व, मतदाता की जिम्मेदारी और लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच से पुरस्कृत किया गया, जिससे युवाओं का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। मुख्य अतिथि डॉक्टर रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। शिक्षित युवा यदि जागरूक होकर मतदान करें तो देश की दिशा और दशा दोनों बदल सकती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं मतदान करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतपेटी से निकलने वाले मत से तय होती है, यदि युवा वर्ग सजग और सक्रिय रहेगा तो भ्रष्टाचार, असमानता और अव्यवस्था पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियानों में युवाओं की अग्रणी भूमिका पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम में डॉक्टर स्मृति शिशिर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक वोट राष्ट्र निर्माण की नींव है। मतदान के प्रति उदासीनता भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय है। वहीं डॉ डी.पी. सिंह ने लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और मताधिकार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को जागरूक रहने की प्रेरणा दी। करुणेश दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा यदि अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझ ले, तो लोकतंत्र को कोई कमजोर नहीं कर सकता। उन्होंने युवाओं से निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक मतदान की अपील की।जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन बोलते हुए एक पदयात्रा निकाली गई, जिससे पूरे परिसर में जागरूकता का संदेश गूंज उठा। इसके पश्चात उपस्थित युवाओं एवं आम जनमानस को मतदान की शपथ दिलाई गई। समापन के दौरान विनय श्रीवास्तव ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम ने युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत किया और यह संदेश दिया कि सशक्त लोकतंत्र की पहली शर्त जागरूक मतदाता है। इसमें योगेश तिवारी, शिवम पाठक, आयुष, अर्पित श्रीवास्तव, डॉक्टर ड्रिंकल यादव, मानसी पाण्डेय, डॉक्टर विनय पाण्डेय, अमित दूबे, अनुष्का पाण्डेय, निदा फातिमा, ज्योति शुक्ला, अफसर, आदित्य, आर्यन सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

## स्कूली बस ने दूध विक्रेता को कुचला, मौके पर मौत

**गोण्डा।** जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। शेरापुर चौराहे के पास दूध बेचने जा रहे 19 वर्षीय युवक को एक निजी स्कूल की बस ने बेरहमी से कुचल दिया। भीषण हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक की पहचान अनूप गोस्वामी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनूप रोजाना की तरह साइकिल पर दूध लादकर बिक्री के लिए निकला था। इसी दौरान सामने से आ रही ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सीधे बस के पहियों के नीचे आ गया और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह बस छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलते ही वजीरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक अनूप गोस्वामी दो भाइयों में सबसे बड़ा था।

# आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

- एकजुट होकर अपनी वर्षों से लंबित एवं न्यायसंगत मांगों को लेकर बुलंद की आवाज़



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन उप्र एवं महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उप्र संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन कर मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को जनपद सिद्धार्थनगर में आंगनबाड़ी कर्मचारियों द्वारा एक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलम पाण्डेय एवं महामंत्री श्रीमती रेनू यादव तथा आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष/प्रदेश महामंत्री श्रीमती प्रभावती देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं और एकजुट होकर अपनी वर्षों से लंबित एवं न्यायसंगत मांगों को लेकर आवाज़ बुलंद की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के प्रति अपना रोष व्यक्त करते हुए बताया कि कम मानदेय, बढ़ता कार्यभार और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में उनका जीवन अत्यंत कठिन हो गया है।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मचारी समाज के सबसे कमजोर वर्ग माताओं और बच्चों के लिए कार्य करती हैं, लेकिन स्वयं उपेक्षा और असुरक्षा का शिकार हैं। वर्षों की सेवा के बावजूद उन्हें न तो स्थायी दर्जा मिल पा रहा है और न ही भविष्य की सुरक्षा।

धरना-प्रदर्शन के उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन संबंधित को सौंपा गया तथा मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा की। चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर दोनों संगठनों के पदाधिकारी प्रभावती देवी, नीलम पांडेय, रेनू यादव व कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# कर्नलगंज में आरसीसी सड़क निर्माण घोटाला : कार्रवाई शून्य, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** कर्नलगंज कस्बे के मोहल्ला बजरंगनगर (मेंहदी हाता) में नगर पालिका द्वारा कराए गए आरसीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों के बाद भी न तो अब तक स्थलीय निरीक्षण कराया गया है, न ही टीएसी (तकनीकी जांच समिति) से जांच कराई गई और न ही किसी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई हुई। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह सड़क विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में हुए भ्रष्टाचार, लापरवाही और जेईङ्कठेकेदार की मिलीभगत का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों की खुलकर अनदेखी की गई। निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट, गिट्टी (एग्रीगेट), मिश्रण अनुपात और निर्माण प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि कागज़ों में सड़क की मोटाई 200 मिमी दर्शाई गई है, जबकि मौके पर महज 80 से 100 मिमी की ढलाई कर औपचारिकता निभा दी गई।

स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि सड़क निर्माण में जीएसबी (ग्रैन्यूलर सब-बेस) का प्रयोग नहीं किया गया, क्योरिंग पूरी तरह नदारद रही और घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया। यही कारण है कि निर्माण के कुछ ही समय बाद सड़क पर जलभराव की स्थिति बनने लगी है,जिससे आने वाले दिनों में सड़क के टूटने, धंसने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। नगरवासियों का कहना है कि यह सड़क जनता के टैक्स के पैसों की खुली लूट और कमीशनखोरी का परिणाम है। सूत्रों का दावा है कि पूरे निर्माण कार्य में जेई और ठेकेदार की गहरी सांठ-गांठ रही। बताया जाता है कि बिना गुणवत्ता नियंत्रण, बिना तकनीकी परीक्षण और बिना किसी भय के निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया,जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सबसे गंभीर सवाल यह है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने अब तक इस मामले का संज्ञान क्यों नहीं लिया? न तो स्थलीय निरीक्षण हुआ, न तकनीकी जांच और न ही किसी अधिकारी से जवाब-तलब। प्रशासन की यह चुप्पी इस आशंका को और मजबूत करती है कि कहीं पूरे मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं की जा रही। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला कर्नलगंज में भ्रष्टाचार को खुली छूट देने का खतरनाक उदाहरण बन जाएगा।

# महोत्सव के दूसरे दिन डीएम ने करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

- अनुशासन व संस्कार आवश्यक, माता पिता का करें सम्मान : जिलाधिकारी
- लक्ष्य निर्धारित कर अपने वर्तमान पर करें फोकस, भविष्य के बारे में न करें चिंता : एसएसपी



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 के दूसरे दिन गुरुवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल एवं सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर तथा मॉ सरस्वती एवं महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। राजकीय इण्टर कालेज के छात्राओ द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन0 ने कहा कि बच्चों को आईएएस, पीसीएस, एसएससी आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी नहीं होती है कि वह अपने कैरियर का चुनाव कर सकें। कैरियर काउन्सलिंग कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपने कैरियर का चुनाव करने में मदद मिलेगी। आप लोग सिविल सर्विस, नीट, इंजीनियरिंग की तैयारी कर अपना कैरियर बना सकते हैं। कैरियर काउंसलिंग में ध्येय आईएएस, आकाश कोचिंग, एलेन टीम, कैरियर बेल की टीम द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं को क्रैक करने के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। जिसके माध्यम से तैयारी कर अपने लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सिविल सर्विस की तैयारी करने से पहले अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें। सिलेबस के अनुसार कड़ी मेहनत कर पढ़ाई करें। सभी लोगों के अन्दर अनुशासन व संस्कार आवश्यक है।

अपने माता पिता का सम्मान करें। किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए अच्छा इंसान बनना जरूरी है। अपने दिमाग को आराम देने के लिए योगा करें। आपके व्यक्तित्व में गरीबों की मदद, न्याय की भावना होनी चाहिए। आप लोग करियर काउंसलिंग फेयर के आयोजन का लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आगे बढ़ें। सभी को शुभकामनायें दी। करियर काउंसलिंग के सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल को बधाई दिया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने कहा कि विभिन्न संस्थानों के काउंसलरों द्वारा विभिन्न परीक्षाओं के बारे में बताया जा रहा है। उन्होने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि आप सभी अपने वर्तमान पर अपना फोकस करें भविष्य के बारे में चिंता न करें। हमे जो भी प्राप्त करना है उसके लिए लक्ष्य पूर्व से निर्धारित होना चाहिए। अपना प्लान तैयार कर, लक्ष्य बनाकर तैयारी करे। आप मेहनत करे अच्छी कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। कोई भी परीक्षा पास करना असम्भव नहीं है। मोबाइल फोन का प्रयोग केवल पढ़ाई के लिए करें। सोशल मीडिया, रील से दूर रहें। आपके जो दोस्त हो वह पढ़ाई करने वाले हों। बिना अलार्म के सुबह उठने की आदत डालें। एनसीआरटी की बुक पढ़े तथा स्नातक में जिस विषय की पढ़ायी करें उससे सम्बंधित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें। सकते है।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि सभी लोग अपने रूचि के हिसाब से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। जो भी बनना हो अपना एक लक्ष्य निर्धारित करके तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल द्वारा बच्चों को अपना करियर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। करियर काउंसलिंग कार्यक्रम के प्रथम सत्र सिविल सर्विसेज के अन्तर्गत ध्येय आईएएस के सीईओ वर्षा सिंह व उनकी टीम द्वारा सिविल सर्विसेज की तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। द्वितीय सत्र मेडिकल सेंशन (नीट) में आकाश कोचिंग से डॉ0 संजय पाण्डेय द्वारा उपस्थित बच्चों को मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के बारे में जानकारी दिया गया। जिले के रहने वाले अजय राज पटेल द्वारा नीट में 364 रैंक प्राप्त कर एम्स भोपाल में सेवा दे रहे हैं उनके द्वारा अपना अनुभव साझा किया तथा जानकारी दी गयी।

# यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**आलापुर अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा(2026)की तैयारी हेतु कारगर एवं सटीक सुझाव (बिना किसी हड़बड़ाहट के,भयमुक्त होकर समय प्रबंधन के साथ सहज एवं संयमित भाव से दें प्रश्नों का उत्तर। परीक्षा कक्ष में यह भाव स्वयं में कभी न लायें कि प्रश्नपत्र कठिन है।) परीक्षार्थियों में इसकी तैयारी को लेकर प्रायः यह जिज्ञासा रहती है कि बचे हुए कम समय में अच्छी एवं विशिष्ट तैयारी करके श्रेष्ठ अंक अर्जन कैसे किया जाय। इस सन्दर्भ में राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज, के प्रधानाचार्य एवं विषय विशेषज्ञ (मनोविज्ञान तथा शिक्षा शास्त्र), जनपदीय हेल्प डेस्क, अम्बेडकरनगर, सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा सुझाये गये 10 प्रभावकारी टिप्स किसी भी विषय के परीक्षार्थियों को बेहतर अंक अर्जन में मददकारी हो सकते हैं।

1-परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे लिये गये सभी विषयों/प्रश्नपत्रों के अध्यायवार आवश्यक विन्दुओं का संक्षिप्त नोट्स/सारांश तैयार कर लें, जिससे परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने से पूर्व एक बार पुनः स्मरित कर सकें।

2-परीक्षा की तैयारी के अभ्यास के लिए सभी विषयों/प्रश्नपत्रों के विगत05 वर्षों के अन सॉल्वड प्रश्नपत्रों तथा 02-03मॉडल प्रश्नपत्रों को समय प्रबंधन के साथ अवश्य हल कर लें।

3-परीक्षा कक्ष में बिना किसी हड़बड़ाहट के सहजभाव से प्रश्नपत्र में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

4-प्रश्नपत्रानुसार प्रश्नोत्तर संख्या का सही-सही एवं स्पष्ट उल्लेख करें।

5-किसी भी प्रश्नोत्तर के लिए समय का निर्धारण उसके अंक भार एवं निर्दिष्ट शब्द सीमा के मुताबिक़ करें।

6-लेखन शैली सुस्पष्ट, प्रभावक हो।चित्रों,मानचित्रों, वृत्तारेख,डंडारेख एवं सारणी का वर्ण्य विषय की अपेक्षा अनुसार प्रयोग अंक अर्जन में प्रभावकारी होता है।

7-वर्णनात्मक प्रश्नोत्तर में प्रस्तावना तथा सारांश या निष्कर्ष में कोटेशन डालने/लिखने से गुणवत्ता बढ़ जाती है।

8-प्रत्येक प्रश्नोत्तर की समाप्ति पर कोई समाप्ति सूचक चिह्न अवश्य अंकित करें।

9-वर्णनात्मक प्रश्नोत्तर का प्रारम्भ यदि वायें पृष्ठ से हो और समाप्ति दाहिने पर तो बेहतर होगा।

10- किसी भी प्रश्न को अनुत्तरित न छोड़ें तथा जो प्रश्न अच्छे ढंग से तैयार हो, उसे पहले करें।

# निःशुल्क शिविर : मैक्स चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्राकृतिक चिकित्सा पर दिया जोर

- दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिये जरूरी टिप्स






**निहाल चौधरी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील क्षेत्र में क्षेत्र स्थित ग्राम गंगवल में मैक्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में लोगों ने विशेष सहयोग दिया।

शिविर में डॉ. अफरोज खान (फिजीशियन एवं सर्जन) ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने मानव जीवन में प्रकृति के महत्व पर प्रकाश डाला और चिंता व्यक्त की कि लोग प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं।

डॉ. अफरोज ने बताया कि आजकल फसलों में अत्यधिक यूरिया, कीटनाशक और खरपतवारनाशक दवाओं का उपयोग हो रहा है। ये रसायन पौधों के तनों में चले जाते हैं और फिर पशुओं के चारे, दूध, सब्जियों और दाल-अनाज के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचते हैं। उन्होंने जोर दिया कि यही दूषित भोजन बीमारियों की जड़ है और इस कारण हम निरोग नहीं रह सकते। उन्होंने किसानों से देशी उपाय अपनाने और रासायनिक दवाओं का उपयोग न करने की अपील की। डॉ. अफरोज खान (फिजीशियन एवं सर्जन) ने ग्रामीणों को जीवनशैली सुधार, नियमित जांच तथा समय पर इलाज कराने के महत्व के बारे में बताया। मैक्स चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अफरोज खान ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

शिविर में डॉ. रूखसाना खान (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) ने अधिक मसाले और तेल का सेवन न करने की सलाह दी। उन्होंने लोगों को अपने खेतों में बिना यूरिया और जहरीली दवाओं के सब्जियां उगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कच्ची सब्जियां खाने की आदत डालने पर भी जोर दिया, जैसे खीरा, मूली, प्याज, गाजर, चुकंदर, हरी मिर्च, टमाटर, ककड़ी और नींबू का सलाद।

शिविर में उपस्थित जनरल सर्जन डॉ. एस. एन. सोनकर ने पशुओं के प्राकृतिक खान-पान का उदाहरण देते हुए कहा कि पशु प्रकृति द्वारा निर्मित भोजन खाते हैं और नाममात्र को बीमार पड़ते हैं। इसके विपरीत, मनुष्य अपने स्वाद के लिए भोजन को सड़ा-गलाकर कई प्रकार से बनाते हैं, जिससे वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाता है। डॉ. शाक्य ने कहा कि हम स्वयं प्रकृति से खिलवाड़ कर रहे हैं और बीमार होकर डॉक्टरों को पैसा दे रहे हैं। उन्होंने लोगों से पूर्ण पालन न सही, कुछ हद तक प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया ताकि वे कम बीमार पड़ें।

इस अवसर पर ईसीजी टेक्नीशियन शीला चौधरी, फार्मासिस्ट अजीत यादव, सहायक रामप्रकाश गौतम, समद चौधरी तथा कैंप प्रभारी जुनैद अहमद सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

## कपिलवस्तु महोत्सव कार्यक्रम में बरसाती यादव इंटरमीडिएट कालेज पथरदेइया के छात्राओं ने लिया भाग



**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** जनपद का गौरव बढ़ाने वाले कपिलवस्तु महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ पर विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के बरसाती यादव इण्टरमीडिएट कालेज पथरदेइया बढ़नी की छात्रा प्रीती, कल्पना तिवारी, खुशबू, संजना, शालिनी, अनुराधा, अंशी पाल , निशा, सौम्या तथा सुशीला आदि द्वारा मित्र राष्ट्र की नेपाल संस्कृति और सभ्यता पर आधारित नेपाली गीत पर नृत्य की प्रस्तुति की गई, जिसे मंचासीन अधिकारियों और भारी संख्या में उपस्थित दशकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खूब सराहा। उक्त कार्यक्रम में सुप्रिया, गीता, याशमीन, बंधनी, गुलफिशा तथा कल्पना पाण्डेय आदि शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई ।साथ ही विद्यालय के संचालक रामसूरत यादव उपप्रधानाचार्य हरिश्चंद्र यादव, सहायक अध्यापक मनोज, मनीष ,दिनेश पाल, माधव आदि लोग उपस्थित रहें।

## एसआईआर की संगठन की बैठक सम्पन्न



**जलालपुर,अम्बेडकरनगर।** जलालपुर विधानसभा में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र ने पूर्व सासंद रितेश पांडे, केशरी नंदन त्रिपाठी, विकास निषाद,सुनील गुप्त,अरुण मिश्र के साथ मिलकर अभियान की रणनीतिक योजना तैयार की। राजीव मिश्र ने बताया कि मतदाता सूची का सशक्तिकरण और सूक्ष्म पुनरीक्षण हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचना, उन्हें सूची में पंजीकृत कराना और जागरूक करना है.जिला महामंत्री दिलीप देव पटेल, संदीप अग्रहरि, विनय सिंह, नृपेन्द्र कुशवाहा,सोनू गौड सहित उपस्थित रहे।

## तहसील तरबगंज के विकासखण्डों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति कार्यों की गहन समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड तरबगंज, वजीरगंज, नवाबगंज तथा बेलसर के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारीगण को निर्देशित किया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से डोर-टू-डोर सर्वे कर वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सर्वे के दौरान मृतक किसानों को चिन्हित कर उनकी प्रविष्टियों को अलग किया जाए, जिससे अभिलेखों की शुद्धता बनी रहे और किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण आधार है।

# अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को निर्धारित केंद्रों पर होगी : सहायक श्रमायुक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**टाण्डाअम्बेडकरनगर।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पात्र बच्चों (जो पंजीयन के बाद 30.11.2025 तक 03 वर्ष तक बोर्ड की सदस्यता पूर्ण कर चुके है) एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए विभाग के पंजीकृत बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के दृष्टिगत मुख्यमंत्री के निर्देशन में श्रम विभाग के अधीन अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तर पर जनपद अयोध्या के रुदौली तहसील अन्तर्गत अमराई गांव में जनपद अम्बेडकरनगर के सहायक श्रम आयुक्त राजबहादुर यादव ने बताया कि महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश की संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार उक्त अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर अधिकतम कक्षा-06 में कुल 160 पात्र 60छात्र व 80 छात्राएं, जिनका जन्म 01.05.2014 से 31.07.2016 के मध्य हो) तथा कक्षा-09 में 61 छात्रों को (31 छात्र एवं 30 छात्राएं, जिनका जन्म 01.05.2011 से 31.07.2013 के मध्य हो) प्रवेश दिया जाना है। कक्षा-06 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण तथा भाषा परीक्षण से सम्बन्धित टेस्ट लिए जायेंगें।

इसी प्रकार कक्षा-09 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से अंग्रेजी, हिन्दी, गणित तथा विज्ञान से सम्बन्धित टेस्ट लिए जायेंगें। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन/ऑफलाइन स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन-पत्र किसी भी सामान्य कार्य दिवस में दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक निःशुल्क सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय जनपद अम्बेडकरनगर से प्राप्त एवं जमा किये जा सकतें है।

## दून एक्सप्रेस की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक की मौत

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बृहस्पतिवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। देहरादून ट्रेन की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक विनय राजभर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान विनय राजभर (24 वर्ष) पुत्र राधेश्याम राजभर, निवासी गोरा बसंतपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विनय किसी कार्य से रेलवे क्रॉसिंग के पास गया था। इसी दौरान देहरादून जाने वाली तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन की गति तेज होने के कारण विनय को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही अहिरौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रास्ता मिलने से प्राथमिक विद्यालय की राह हुई आसान



**अवधनामा संवाददाता**

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर ।** विकासखंड अकबरपुर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कहरा सुलेमपुर को लगभग 60 वर्षों बाद आवागमन का स्थायी रास्ता मिल सका। यह विद्यालय ग्राम पंचायत गयासपुर में स्थित है, जो अब तक चारों ओर से निजी बाग भूमि से घिरा हुआ था। रास्ता न होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को निजी बागों से होकर विद्यालय आना-जाना पड़ता था।

बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी, जब विद्यालय चारों तरफ से पानी से घिरकर टापू जैसा बन जाता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई और शिक्षकों की उपस्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता था। इस गंभीर समस्या को स्थानीय लोगों द्वारा मीडिया के माध्यम से उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी जलालपुर को समाधान हेतु मौके पर भेजा। विगत शनिवार को उप जिलाधिकारी जलालपुर राहुल गुप्ता, क्षेत्रीय लेखपाल रविकांत तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर आसपास के खातेदारों से विचार-विमर्श किया। इस दौरान खातेदारों ने सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय के हित में रास्ता देने पर सहमति जताई। हरिश्चंद्र मिश्र, रामचंद्र शुक्ल सहित अन्य लोगों ने अपनी बाग के पूर्वी छोर से विद्यालय के लिए रास्ता देने की दरियादिली दिखाई। उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने खातेदारों की इस नेक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम प्रधान गयासपुर के सहयोग से रास्ता निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया।

## भारत-यूरोप 'मदर डील'

अंततः भारत और यूरोपीय संघ ने साझा इतिहास रच दिया। करीब 19 साल की माथापच्ची, उधेड़बुन, असमंजस, सवाल समाप्त हुए और दोनों लोकतांत्रिक शक्तियां 'मदर डील' पर सहमत हुईं। आपस में हस्ताक्षर कर दिए गए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने इस सर्वाधिक व्यापक 'मुक्त व्यापार समझौते' (एफटीए) की घोषणा कर नई विश्व-व्यवस्था की बुनियाद रख दी। व्यापक और विश्व व्यवस्था परिवर्तनकारी इसलिए माना जा सकता है, क्योंकि पहली बार 193 करोड़ से अधिक की आबादी एक एफटीए के दायरे में होगी। भारत-यूरोप की अर्थव्यवस्था दुनिया की जीडीपी की 25 फीसदी है और दुनिया का एक-तिहाई व्यापार दोनों के बीच है, जिसे 2032 तक 40 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। यूरोपीय संघ विश्व की दूसरी (27 देशों को मिला कर) और भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा यह 'मदर डील' ही है। इस एफटीए से अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की 'टैरिफ दादागीरी' का बड़ा रचनात्मक और शालीन जवाब दिया गया है। इसके अलावा, चीन के समानांतर भारत को 'इनोवेशन एंड मैन्यूफैक्चरिंग हब' बनाने का लक्ष्य तय कर चीनी वर्चस्व को भी चुनौती दी गई है, लिहाजा वाकई यह 'मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स' है। चीन में करीब 1700 यूरोपीय कंपनियां सक्रिय हैं। क्या अब वे भारत शिफ्ट हो सकती हैं? इसकी प्रबल संभावना बन गई है। गौरतलब यह है कि जब 2027 में यह एफटीए यूरोप के सभी 27 देशों में लागू हो जाएगा, तब भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, सामान या तो 'टैरिफ-मुक्त' होंगे अथवा रियायती शुल्क ही देना पड़ेगा। मसलन-जैतून का तेल, वनस्पति तेल, ऑप्टिकल उपकरण, मशीनरी, रासायनिक एवं सर्जिकल उपकरण, फार्मा (खासकर जेनेरिक दवाएं), वस्त्र, रत्न-आभूषण, चमड़ा एवं जूते-चप्पल, चॉकलेट, पास्ता आदि लंबी सूची है।

अधिकतर उत्पादों और उपकरणों को 'टैरिफ-मुक्त' तय किया गया है। करीब 2 ट्रिलियन डॉलर के यूरोपीय बाजार में 2030 तक भारतीय उत्पादों का निर्यात 300 अरब डॉलर तक ले जाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इससे महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कानपुर, आगरा के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसएमई) का व्यापारिक लाभ काफी बढ़ सकता है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर ने खुलासा किया है कि 4 अरब यूरो से अधिक के टैक्स खत्म करने का फैसला किया गया है। इससे दोतरफा व्यापार बढ़ेगा, लाखों नौकरियां पैदा होंगी, दोनों पक्षों की प्रतिभाएं, छात्र, शोधार्थी और पेशेवर एक-दूसरे के देशों में सहजता से आ-जा सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, 8 लाख से अधिक भारतीय इस समय यूरोप के देशों में बसे हैं और काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस व्यापार समझौते को 'साझा समृद्धि का ब्लू प्रिंट' करार दिया है। गौरतलब यह भी है कि भारत की करीब 1500 कंपनियां फिलहाल यूरोप में सक्रिय हैं। एफटीए के बाद नीदरलैंड से प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण होगा, लिहाजा 2030 तक भारत विश्व के शीर्ष 5 सेमीकंडक्टर हब में आ सकता है। फ्रांस, जर्मनी, इटली सरीखे देश भारत में रक्षा-फैक्टरियां स्थापित कर सकेंगे। अभी यूरोपीय कारें भारत में बहुत महंगी पड़ती हैं, क्योंकि उन पर 110 फीसदी टैक्स है। अब आगामी पांच साल में, चरणबद्ध तरीके से, यह टैक्स मात्र 10 फीसदी तक लाया जाएगा। जो लोग ऑडी, मर्सेडीज, फॉक्सवैगन, पोर्शे, बीएमडब्ल्यू सरीखी यूरोपीय कारों के शौकीन हैं, उनके लिए यह एफटीए भारी बचत की खबर लाया है। अब यूरोपीय बीयर पर टैरिफ 50 फीसदी कम किया गया है और शराब पर 40 फीसदी ही टैक्स लगेगा, जबकि अभी यह टैक्स 150 फीसदी तक है। भारत-यूरोप की यह 'मदर डील' बहुआयामी है, क्योंकि यह बहुपक्षीय गठबंधन की पक्षधर है। दुनिया के देश किसी एक-दो देशों की धमकियों के दबाव में कांपते और डरते न रहें, लिहाजा ऐसी डील कर जवाब दिया गया है।

## विकासशील देशों में संसाधनों की कमी, पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन


संजीव ठाकुर

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्किरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

(विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं। इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है) इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया, लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन, रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोन और गैजट्स के लिए लगाई जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया और वैश्विक प्रमुखों ने भारत-ईयू एफटीए की प्रशंसा की

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के पूर्ण होने पर दुनिया भर में, अंतरराष्ट्रीय मीडिया, विदेशी राजनीतिक नेतृत्व, वैश्विक व्यापार प्रमुखों और सम्मानित नीति विशेषज्ञों ने मज़बूत और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। इस समझौते को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों तरह से ऐतिहासिक, रणनीतिक और सही समय पर उठाया गया कदम बताया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया

दुनिया के प्रमुख मीडिया संस्थानों ने भारत-ईयू एफटीए की व्यापकता, महत्वाकांक्षा और रणनीतिक समय का उल्लेख किया है।

द टेलीग्राफ ने जेम्स क्रिस्प के मोदी इज़ द रियल विनर इन मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स विद् ईयू शीर्षक से एक लेख में इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी बताते हुए कहा कि भारत इस मामले में असली रणनीतिक विजेता के रूप में उभरा है। अख़बार ने बताया कि यह समझौता ईयू से भारत को होने वाले 96.6 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ को खत्म या कम करता है, जबकि ईयू सात वर्षों में 99.5 प्रतिशत भारतीय सामानों पर टैरिफ कम करेगा।

ब्लूमबर्ग ने डैन स्ट्रमफ के ऑल रोड्स लीड टू मोदी एज़ वर्ल्ड हेजिज ट्रम्प शीर्षक से एक लेख में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता एक उभरते हुए पैटर्न का नवीनतम उदाहरण हैः भारत देशों के लिए पसंदीदा पार्टनर बन रहा है।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस समझौते को वैश्विक टैरिफ बाधाओं के प्रति मध्यम शक्तियों की प्रतिक्रिया के रूप में पेश करते हुए लिखा कि कैसे भारत और ईयू अमेरिकी व्यापार नीतियों से पैदा हुई अनिश्चितता के बीच गठबंधन का विस्तार कर रहे हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह समझौता लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक ब्लॉक और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था को एक साथ लाता है।

द वाशिंगटन पोस्ट ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया और अपनी हेडलाइन में कहा कि भारत और ईयू ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते में 'मदर ऑफ ऑल डील्स पर मुहर लगाई।

द गार्जियन ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्सः ईयू और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए के तौर पर अपनी खबरों में जगह दी। इसी तरह की हेडलाइन बीबीसी ने भी देते हुए कहा- भारत और ईयू ने मदर ऑफ ऑल डील्स की घोषणा की।

ब्लूमबर्ग ने अपने एक और लेख में सघन आपूर्ति श्रृंखला समेकन की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए बताया कि कारों पर ड्यूटी पहले के 100 प्रतिशत से अधिक के स्तर की तुलना में 10 प्रतिशत तक कम हो जाएगी और ऑटो कंपोनेंट्स पर ड्यूटी खत्म कर दी जाएगी।

एसोसिएटेड प्रेस ने इस समझौते की व्यापकता की जानकारी देते हुए अपनी हेडलाइन में कहा कि भारत और यूरोपीय संघ ने एक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई जो वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा है। इस समझौते के पैमाने को अल जज़ीरा ने भी इस समझौते को प्रमुखता से दिखाते हुए कहा कि मदर ऑफ ऑल डील्स भारत-ईयू ट्रेड डील से 27 ट्रिलियन डॉलर का



बाज़ार बनेगा।

रॉयटर्स ने इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि भारत, ईयू ने ऐतिहासिक व्यापारिक समझौता किया, ज़्यादातर सामानों पर टैरिफ कम किए जाएंगे।

फॉक्स न्यूज़ पर पाकिस्तानी पत्रकार कमर चीमा ने कहा कि इस समझौते से भारत को फायदा होने वाला है, क्योंकि कई अहम सेक्टर में टैरिफ घटाकर ज़ीरो कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देश अब यूरोपीय बाज़ार में भारत से मुकाबला नहीं कर पाएंगे।

**वैश्विक प्रमुख–** पूरे यूरोप के कई वरिष्ठ राजनीतिज्ञों ने सार्वजनिक तौर पर इस समझौते का स्वागत किया।

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने बातचीत के नतीजे को बहुत ही सकारात्मक संकेत बताया और इस वृद्धि और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए इसे शीघ्र अति शीघ्र लागू करने की अपील की।

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत-ईयू एफटीए को ऐतिहासिक और दोनों पक्षों द्वारा अब तक का सबसे बड़ा व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक और राजनीतिक संबंध काफी मजबूत होंगे।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि यह समझौता सहयोग के एक नए युग की शुरुआत है, जो व्यापार और साझेदारी के माध्यम से समृद्धि, प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा को मजबूत करेगा।

ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉक ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों को फायदा पहुंचाने वाला एक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाता है और इसे तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था में यूरोप की उदार नीति के लिए एक बड़ा कदम बताया।

डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने समझौते को पूरा समर्थन देते हुए इसे भू-राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बताया और दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार में पहले कदम उठाने के लाभ पर जोर दिया।

फ्रांस के विदेश व्यापार और आर्थिक मंत्री निकोलस फोरिसियर ने ईयू-भारत समझौते को एक बड़ा राजनीतिक कदम बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि यह दूसरे समझौतों से अलग है। यूरोपीय संसद के सदस्य सैंड्रो गोज़ी ने कहा कि यह समझौता साफ तौर पर साझेदारी में विविधता लाने और अपनी स्वायत्तता और स्वतंत्रता बढ़ाने की ईयू की जरूरत को दिखाता है। उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक राष्ट्र बताते हुए कहा कि भू-राजनीतिक और कूटनीतिक नजरिए से, यह समझौता यूरोपीय और भारतीयों दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर खोलता है।

**व्यापार प्रमुख और संगठन–** भारत में काम कर रहे यूरोपीय और वैश्विक व्यापार प्रमुखों ने इस समझौते से अत्यंत उम्मीद जताते हुए इसे लंबे समय से प्रतीक्षित सफलता बताया। एयरबस में भारत और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया के अध्यक्ष जुर्गन वेस्टरमेयर ने एफटीए को 20 वर्ष की वार्ता के बाद एक बड़ा पल बताते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए अवसरों को बढ़ाने का काम करेगा। एयरबस इंटरनेशनल के अध्यक्ष वाउटर वैन वर्श ने इसे शानदार दिन बताया, और मेक इन इंडिया, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रक्षा, अंतरिक्ष और अत्याधुनिक विनिर्माण के प्रति एयरबस की लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को दोहराया।

इंडो-जर्मन चैंबर ऑफ कॉमर्स के महानिदेशक जान नोएथर ने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों और वैश्विक जीडीपी के लगभग एक चौथाई हिस्से को एक साथ लाता है, और इसे मदर ऑफ ऑल ट्रेड्स बताया। बर्लिन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएचके बर्लिन) के अध्यक्ष, सेबेस्टियन स्टीज़ेल ने भारत-ईयू एफटीए को लगातार तनावपूर्ण वैश्विक स्थिति में खुलेपन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि भारत अब भविष्य का बाज़ार नहीं, बल्कि वर्तमान का बाज़ार है, जिसमें बर्लिन को अब अवसरों का फ़ायदा उठाना चाहिए।

वोक्सवैगन, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी प्रमुख जर्मन कार निर्माताओं के सीईओ सहित प्रमुख उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत में जर्मन निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के इस समझौते की क्षमता की सराहना की।

# युवाओं में बढ़ता मानसिक अवसाद

**वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों के अनुसार पंद्रह से उनतीस वर्ष की आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल हो चुकी है। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं है, बल्कि असंख्य टूटे परिवारों, अधूरे सपनों और मौन पीड़ा की कहानी कहता है। हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि युवा वर्ग में बार-बार होने वाले मानसिक तनाव की घटनाओं में सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।**


महेन्द्र तिवारी

भारत के युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य आज जिस संकट के दौर से गुजर रहा है, वह केवल व्यक्तिगत पीड़ा की कथा नहीं है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। हाल ही में दिल्ली मेंआयोजित भारतीय मनोरोग विज्ञान संस्था के 77 वें राष्ट्रीय सम्मेलन ने इस सच्चाई को पूरे समाज के सामने रख दिया है कि देश में मानसिक विकारों का सबसे बड़ा भार अब युवाओं के कंधों पर आ चुका है। सम्मेलन में प्रस्तुत शोध और अनुभव बताते हैं कि मानसिक रोग अब जीवन के उत्तरार्ध में नहीं, बल्कि किशोरावस्था और युवावस्था में ही अपनी जड़ें जमा रहे हैं। यह वही समय होता है जब व्यक्ति शिक्षा ग्रहण करता है, अपने सपनों को आकार देता है और समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनने की ओर बढ़ता है। ऐसे में यदि मन ही अस्वस्थ हो जाए, तो न केवल व्यक्ति टूटता है, बल्कि सामाजिक संरचना भी कमजोर पड़ती है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारत में पाए जाने वाले कुल मानसिक विकारों में से लगभग साठ प्रतिशत मामले पैंतीस वर्ष से कम आयु के लोगों में देखे जा रहे हैं। यह तथ्य अपने आप में भयावह है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए एक व्यापक अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि एक तिहाई से अधिक मानसिक विकार चौदह वर्ष की आयु से पहले ही शुरू हो जाते हैं और अधिकांश समस्याएँ पच्चीस वर्ष तक सामने आ जाती हैं। भारत में मानसिक रोगों की औसत शुरुआत की आयु उन्नीस से बीस वर्ष के बीच बताई गई है। ध्यान की कमी, अत्यधिक चंचलता, चिंता, अवसाद, भोजन से जुड़ी समस्याएँ, नशे की लत और व्यवहार संबंधी विकार अब बहुत कम उम्र में दिखाई देने लगे हैं। इन रोगों की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ये अक्सर शांत रूप से व्यक्ति के भीतर पनपते रहते हैं और समय पर पहचान व उपचार न मिलने पर जीवन की दिशा ही बदल देते हैं।

युवाओं में बढ़ते मानसिक संकट का एक भयावह पहलू आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति है। वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों के अनुसार पंद्रह से उनतीस वर्ष की आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु के प्रमुख कारणों में शामिल हो चुकी है। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं है, बल्कि असंख्य टूटे परिवारों, अधूरे सपनों और मौन पीड़ा की कहानी कहता है। हाल के वर्षों में यह भी देखा गया है कि युवा वर्ग में बार-बार होने वाले मानसिक तनाव की घटनाओं में सौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके पीछे महामारी के दौर में बढ़ा एकांत, शिक्षा और रोजगार की अनिश्चितता तथा सामाजिक ताने-बाने का कमजोर होना प्रमुख कारण रहे हैं।

यदि इस संकट के कारणों पर दृष्टि डाली जाए, तो आधुनिक जीवनशैली की कई परतें सामने आती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, प्रवेश परीक्षाओं का दबाव और असफलता का भय किशोरों और युवाओं को भीतर से तोड़ रहा है।




परिवार और समाज की अपेक्षाएँ इतनी अधिक हो गई हैं कि युवा स्वयं को लगातार कसौटी पर खड़ा महसूस करते हैं। इसके साथ ही मोबाइल और आभासी संसार पर अत्यधिक निर्भरता ने वास्तविक मानवीय संबंधों को कमजोर कर दिया है। संवाद कम हुआ है, संवेदना घट रही है और अकेलापन बढ़ रहा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और तेज शहरीकरण ने भी भावनात्मक सहारे की कमी को गहरा किया है।

नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। शराब, मादक पदार्थ और जुए जैसी आदतें तनाव से राहत का झूठा भ्रम देती हैं, लेकिन अंततः समस्या को और जटिल बना देती हैं। आर्थिक दबाव, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई ने युवाओं के मन में असुरक्षा और निराशा को जन्म दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक रोगों को लेकर गहरा सामाजिक कलंक आज भी मौजूद है, जहाँ इन्हें पागलपन से जोड़कर देखा जाता है। वहीं शहरी समाज में मानसिक बीमारी को कमजोरी मानकर लोग उपचार से कतराते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर किए गए सर्वेक्षण बताते हैं कि मानसिक रोग से ग्रस्त केवल दस से पंद्रह प्रतिशत लोग ही किसी प्रकार का उपचार प्राप्त कर पाते हैं।

मानसिक रोगों का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। कम उम्र में शुरू होने वाले विकार अक्सर लंबे समय तक बने रहते हैं और जीवन भर की उत्पादकता को प्रभावित करते हैं। शोध बताते हैं कि ऐसे लोगों में कार्यक्षमता में भारी गिरावट आती है और विकलांगता की संभावना भी बढ़ जाती है। इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। अनुमान है कि मानसिक रोगों के कारण भारत को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अवसाद से ग्रस्त व्यक्ति की कार्यक्षमता में बीस से तीस प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। सामाजिक स्तर पर पारिवारिक कलह, तलाक, अपराध और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएँ भी बढ़ती हैं। यदि युवाओं का मन अस्वस्थ रहेगा, तो जनसंख्या का वह लाभ, जिसे देश की सबसे बड़ी शक्ति माना जाता है, बोझ में बदल सकता है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए बहुस्तरीय और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। सबसे पहला कदम है समय पर पहचान। विद्यालयों और महाविद्यालयों में नियमित रूप से मानसिक स्वास्थ्य की जाँच की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि प्रारंभिक लक्षणों को पहचाना जा सके। जागरूकता अभियानों के माध्यम से यह संदेश समाज तक पहुँचना चाहिए कि मानसिक रोग भी अन्य बीमारियों की तरह उपचार योग्य हैं। मीडिया, सिनेमा, खेल और सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रभावशाली लोगों की भागीदारी से कलंक को तोड़ा जा सकता है।

नीतिगत स्तर पर भी ठोस बदलाव जरूरी हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति को वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप अद्यतन करना होगा। जिला स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों तक उपचार पहुँच सके। शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की नियुक्ति अनिवार्य हो। परिवारों को भी यह सिखाया जाना चाहिए कि बच्चों के साथ संवाद कैसे बनाए रखें और उनकी भावनाओं को कैसे समझें। युवाओं को संतुलित जीवनशैली, शारीरिक गतिविधि और सामाजिक जुड़ाव के महत्व के बारे में शिक्षित करना होगा। सरकार, समाज और निजी क्षेत्र को मिलकर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। बजट में पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएँ और स्थानीय स्तर पर कार्यरत संस्थाओं को सशक्त बनाया जाए। कार्यस्थलों पर कर्मचारियों के मानसिक कल्याण के लिए सहायता कार्यक्रम लागू किए जाएँ, ताकि युवा कामकाजी वर्ग भी सहारा पा सके। अंततः यह समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य कोई गौण विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की नींव से जुड़ा प्रश्न है। यदि आज हम युवाओं के मन की पीड़ा को अनसुना करते रहे, तो आने वाला कल और अधिक अंधकारमय हो सकता है। समय रहते उठाए गए कदम न केवल लाखों जीवन बचा सकते हैं।

# सनातन, संत, सत्ता और संग्राम

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुये कहा था कि उस समय चूँकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाज़ा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुये सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाक़ी थी।**


तनवीर जाफ़री

गत दिनों मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में उस समय के एक अजीब स्थिति पैदा हो गयी जबकि माघ मेला में मेला प्रशासन व पुलिस द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम में स्नान करने से रोका गया? मेला प्रशासन के अनुसार सुरक्षा कारणों से उनके वाहन (पालकी) को रोका गया और स्नान हेतु पैदल जाने को कहा गया। परन्तु शंकराचार्य जी ने इस प्रशासनिक निर्देश को प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए अस्वीकार कर दिया। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त ब्यौरे के अनुसार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या के दिन अपनी पालकी पर सवार होकर अपने सैकड़ों भक्तों व अनुयायियों के साथ संगम नोज़ की तरफ़ बढ़ रहे थे। उसी समय मेला प्राधिकरण की ओर से तैनात पुलिस ने भारी भीड़ बताकर उनकी पालकी को रोक दिया और शंकराचार्य जी से सीमित अनुयायियों के साथ पैदल स्नान स्थल तक पहुँचने व स्नान करने का अनुरोध किया। परन्तु शंकराचार्य ने पूरे सम्मान और प्रोटोकॉल की मांग की, जो अस्वीकार होने पर उन्होंने स्नान नहीं किया और अनशन पर बैठ गए। इस संबंध में मेला व पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि शंकराचार्य को स्नान से नहीं, बल्कि वाहन से स्नान लिये जाने से रोका गया था और सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन के लिए यह ज़रूरी भी था।

परन्तु शंकराचार्य जी व उनके शिष्यों द्वारा जो आरोप लगाये गये हैं वे बेहद गंभीर हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा शंकराचार्य जी महाराज के शिष्यों की चोटी (शिखा) को पकड़कर घसीटा गया,उन्हें बुरी तरह पीटा गया व अपमानित किया गया। इस घटना को केवल एक कृत्य या हिंसा नहीं, बल्कि इसे सुनियोजित सांस्कृतिक अपमान बताया जा रहा है। क्योंकि यह सब उस समय हुआ जब शंकराचार्य, साधु,संत, शिष्य और श्रद्धालु किसी विरोध या प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और ईश्वर आराधना के लिए संगम घाट पर आए थे। लिहाज़ा क्या वजह है कि सनातन धर्म व संतों की रक्षा व इसके मान सम्मान की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार के शासन काल में शंकराचार्य स्तर के सम्मानित संतों व उनके गुरुकुल के शिष्यों का धर्म क्षेत्र प्रयागराज में इस तरह अपमान किया गया?

इस घटना के फ़ौरन बाद जिस तरह 19 जनवरी को प्रशासन ने एक नोटिस चिपका कर 24 घंटे में शंकराचार्य जी से यह बताने को कहा गया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य कैसे हैं ? गोया शंकराचार्य को स्नान से रोके जाने की बात यहां तक जा पहुंची कि अविमुक्तेश्वरानंद जी शंकराचार्य हैं या नहीं? शंकराचार्य कैसे बनते हैं और कौन बना सकता है? क्या सरकार तय करेगी कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं? यानी भीड़



को बहाना बनाकर शंकराचार्य की पालकी को रोकना उनके अनुयायियों से मारपीट करना व उन्हें अपमानित करना फिर उसके बाद उनकी शंकराचार्य की पदवी को ही चुनौती देने का अर्थ है कि उन्हें किसी पूर्वाग्रह के चलते ही रोका गया। साथ ही जिसतरह कई संत सरकार की भाषा बोलते व सरकार का पक्ष लेते दिखाई दिये उससे भी साफ़ हो गया कि उन्हें रोकना व अपमानित करना न केवल सत्ता के अहंकार का एक उदाहरण है बल्कि इसके पीछे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विरुद्ध सत्ता का पूर्वाग्रह भी नज़र आता है। हालाँकि देश का अधिकांश संत समाज अविमुक्तेश्वरानंद जी व उनके शिष्यों व अनुयायियों के साथ हुये दुर्व्यवहार व अपमान से आहत नज़र आया। इस घटना के बाद जिस तरह देश के कोने कोने से शंकराचार्य के अनुयायी व अनेक संत संगम तट पर इकठ्ठा होने शुरू किया इससे भी सरकार की काफ़ी फ़ज़ीहत हुई है।

यदि आप शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के विगत कुछ वर्षों की सक्रियता व उनकी कारगुज़ारियों पर नज़र डालें तो हम यह देखेंगे कि वे बे हिचक और बिना लाग लपेट के और बिना सत्ता की परवाह किये अपनी बात कहने वाले संत हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनवरी 2024 में अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का विरोध करते हुये कहा था कि उस समय चूँकि मंदिर का शिखर, कलश और ध्वज स्थापित नहीं थे लिहाज़ा अधूरे मंदिर में प्रतिष्ठा करने से मूर्ति में आसुरी शक्ति प्रवेश कर सकती है, जो शास्त्रों के विरुद्ध है। इसी तरह उन्होंने नवंबर 2025 में भी ध्वजारोहण पर यह कहते हुये सवाल उठाए थे कि शास्त्रों में ध्वजारोहण का उल्लेख नहीं है, बल्कि शिखर प्रतिष्ठा होती है, जो अभी बाक़ी थी। उन्होंने इस आयोजन को मनमाना और शास्त्र-विरोधी भी बताया था तथा शंकराचार्यों को न बुलाने पर भी नाराज़गी जताई थी । शंकराचार्य ने प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के लिये भी योगी आदित्यनाथ सरकार की कड़ी आलोचना की थी। उस वक़्त उन्होंने कहा था कि सरकारी प्रबंधों के दावों की पोल खुल गई है और राज्य सरकार को खुद ही हट जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा था कि महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का दावा करने वाली सरकार को व्यापक तैयारी करनी चाहिए थी, लेकिन भगदड़ ने सरकार की नाकामी उजागर कर दी। इसी तरह शंकराचार्य जी ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास कार्यों के नाम पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने गोविंदेश्वर महादेव मंदिर को तोड़े जाने पर धरना दिया था और प्रशासन पर शिवलिंग ग़ायब करने का आरोप लगाया था । स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी ने इसे हिंदू धार्मिक परंपराओं के ख़िलाफ़ बताया था और कहा था कि विकास के नाम पर मंदिर नष्ट नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने स्कंद पुराण में उल्लिखित मंदिरों का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन किया और धर्म संसद भी बुलाई थी।

इसी तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलोग्राम सोने के ग़ायब होने की मीडिया में प्रसारित ख़बरों पर प्रतिक्रिया करते हुये इसे सोना घोटाला क़रार दिया था। उन्होंने दिल्ली में केदारनाथ मंदिर के निर्माण पर भी सवाल उठाते हुये कहा था कि हिमालय में स्थित मंदिर को दिल्ली में नहीं बनाया जा सकता। गोहत्या के विरुद्ध हमेशा मुखर व आंदोलित रहने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ हत्या मामले में पूर्व मंत्री मुख़्तार अब्बास नक़वी और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू की तुलना करते हुए भाजपा के घोर आंतरिक विरोधाभास पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि नक़वी ने गोमांस खाने वालों को पाकिस्तान जाने की सलाह दी थी तो ऐसे व्यक्ति को मंत्री पद से हटा दिया गया जबकि किरण रिजिजू ने गोमांस खाने वालों का समर्थन करते हुए कहा था कि वे खुद भी बीफ़ खाते हैं और कोई उन्हें रोक नहीं सकता।

# सिद्धार्थ की शादी पर रो पड़ी थीं साउथ अभिनेता की बेटी, सोशल मीडिया पर डिलीट कीं 700 स्टोरी

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का अभिनय हर कोई पसंद करता है। सिद्धार्थ बॉलीवुड के गुड लुक्स हीरो की लिस्ट में भी शुमार हैं। लेकिन सिद्धार्थ की एक फैन ऐसी है, जो साउथ अभिनेता की बेटी है, जिसने सिद्धार्थ की शादी की खबर सुनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल से सभी 700 स्टोरीज हटा दी थीं।**



द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, साउथ अभिनेता किच्चा सुदीप की बेटी सान्वी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा पर बहुत बड़ा क्रश था। सान्वी ने कहा कि जब उन्होंने 2012 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में सिद्धार्थ को पहली बार देखा, तभी से उन्हें उनसे प्यार हो गया था। सान्वी ने यह भी बताया कि जब सिद्धार्थ ने 2023 में कियारा आडवाणी से शादी की, तो वे बहुत दुखी हुई और खूब रोई थीं। सान्वी ने आगे कहा कि सिद्धार्थ की शादी से पहले वे उनकी तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर डालती थीं और उन्हें हाइलाइट करती थीं। एक समय में उनके पास सिद्धार्थ की करीब 700 स्टोरीज थीं, लेकिन शादी के बाद उन्होंने सारी तस्वीरें डिलीट कर दीं। सान्वी ने यह भी कहा कि अगर वे भविष्य में अभिनेत्री बनीं और सिद्धार्थ ने उनकी प्रोफाइल देखी, तो उन्हें अजीब लगेगा। साथ ही, उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ और कियारा की शादी का वीडियो उन्होंने आज तक नहीं देखा। सान्वी ने हंसते हुए कहा कि उनके दोस्त उन्हें काफी चिढ़ाते थे। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म परम सुंदरी एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसे तुषार जलोटा निर्देशित कर रहे हैं और दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है।

# सनी लियोनी ने थामा नीलकमल सिंह भोजपुरी सिंगर का हाथ

सनी लियोनी की फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है। बॉलीवुड के कई स्टार्स के साथ वह काम कर चुकी हैं। मगर, इस बार उन्होंने बॉलीवुड एक्टर का हाथ थामा है। और वह एक्टर पवन सिंह या खेसारी लाल यादव नहीं हैं। वह एक्टर है नीलकमल सिंह। जी हां, सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना लड़की दीवानी आज मंगलवार को रिलीज हुआ है। सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का गाना टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। और यह जबर्दस्त तरीके से ट्रेंड कर रहा है। इसे कुछ ही घंटों में करीब पांच लाख व्यूज मिल गए हैं। इस गाने को नीलकमल सिंह ने गाया है। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं। गाने में सनी लियोनी और नीलकमल सिंह का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। नीलकमल सिंह ने आज इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाने के रिलीज की जानकारी शेयर की है। साथ में लिखा है, इस खबर को लेकर शांत नहीं रहा जा सकता। लड़की दीवानी गाना रिलीज हो गया है। जाइए और देखिए। यह भी जरूर बताइए कि गाना आपको कैसा लगा है? नीलकमल सिंह ने एक वीडियो भी शेयर किया है, इसमें वे सनी को भोजपुरी बोलना सिखाते दिख रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, भोजपुरी एक्टर के साथ सनी लियोनी। गाना तो गजब बनेगा ही। एक अन्य यूजर ने लिखा, इससे पहले शायद ही कभी किसी ने सनी लियोनी को इतने खूबसूरत अंदाज में और पारंपरिक ड्रेस में दिखाया होगा।



# किंगडम का दमदार थीम टीजर आउट



विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म किंगडम की थीम टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें विजय का दमदार लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। विजय देवरकोंडा की नई फिल्म किंगडम ने इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं। फिल्म का थीम टीजर रिलीज होने के बाद से फैंस बहुत उत्साहित हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म का टीजर थीम भी जारी किया, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने बनाया है। यह 1 मिनट 30 सेकंड का साउंडट्रैक विजय को एक शानदार और नायक की भूमिका में दिखाता है। यह संगीत फैंस को पसंद आएगा और फिल्म देखने की उनकी उत्सुकता बढ़ाएगा। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसे जर्सी फेम डायरेक्टर गौतम तिन्नानुरी ने बनाया है। विजय इसमें मुख्य किरदार निभा रहे हैं, लेकिन बाकी कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। फिल्म किंगडम को सितारा एंटरटेनमेंट, श्रीकारा स्टूडियो और फॉर्च्यून फॉर सिनेमा के बैनर तले रिलीज किया जा रहा है। इसके प्रोड्यूसर नागा वामसी और साई सौजन्या हैं। किंगडम का टीजर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था, जिसमें विजय एक दमदार एक्शन हीरो के रूप में नजर आए। पहले वह रोमांटिक किरदारों के लिए जाने जाते थे, लेकिन अब उन्होंने एक मजबूत और साहसी किरदार निभाया है। टीजर युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। नयूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीजर को और खास बनाने के लिए जूनियर एनटीआर, सूर्या और रणबीर कपूर ने अपनी आवाज दी है। जूनियर एनटीआर ने तेलुगु, सूर्या ने तमिल और रणबीर कपूर ने हिंदी टीजर में कहानी बताई है। इससे फिल्म सभी भाषाओं के दर्शकों के लिए खास बन गई है।

# टाइगर जिंदा है लेकर किक तक, कब-कब बॉक्स ऑफिस के सिकंदर बने सलमान खान

सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से रहता है। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के टीजर ने फैंस के उत्साह को और बढ़ा दिया है। फिल्म के तीन गाने अब तक आए हैं, जो काफी ज्यादा लोकप्रिय हो चुके हैं। माना जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाल मचा सकती है। सलमान की लगातार हो रही चर्चा के बीच आइए जानते हैं कि उनकी किन पांच फिल्मों ने सबसे ज्यादा कमाई की है। टाइगर जिंदा है सलमान की ब्लॉकबस्टर फिल्म है। इस फिल्म ने 2017 में रिलीज होकर टिकट खिड़की पर बंपर कमाई की। यह फिल्म एक था टाइगर का सीक्वल थी। इसमें सलमान ने रॉ एजेंट टाइगर का किरदार दोबारा निभाया था। कैटरीना कैफ के साथ उनकी केमिस्ट्री और फिल्म के दमदार एक्शन सीन्स से फिल्म को खूब लोकप्रियता हासिल हुई। फिल्म भारत में 339.16 करोड़ रुपये कमाने में कामयाब रही थी।



सलमान खान की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बजरंगी भाईजान भी है। साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 320.34 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस कमाई की वजह से फिल्म को ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया था। कबीर खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान ने एक साधारण और नेकदिल इंसान का किरदार निभाया था। फिल्म में वह एक मासूम बच्ची को उसके परिवार से मिलाने की कोशिश करते हैं। फिल्म की भावनात्मक कहानी, सलमान की शानदार एक्टिंग और इसके सामाजिक संदेश ने इसे दर्शकों के साथ समीक्षकों का भी प्यार दिलाया था। सुल्तान ने साल 2016 में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। रिलीज होने के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ने भारत में 300.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। सलमान ने इसमें एक पहलवान की भूमिका निभाई थी, जो अपने करियर और निजी जीवन में उतार-चढ़ाव से गुजरता है। अनुष्का शर्मा के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। यह फिल्म टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त थी। यह साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान और कटरीना की जोड़ी एक बार फिर नजर आई थी। साथ ही, इसमें इमरान हाशमी ने विलेन की भूमिका निभाई थी। हालांकि, यह अपनी पिछली फिल्मों जितनी कमाई नहीं कर पाई। फिर भी सलमान के एक्शन अवतार ने फैंस को थिएटर तक खींचने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 285.52 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

# गोविंदा सभी से असुरक्षित रहते थे और हर सीन बदल देते, खिलाड़ी नंबर 1 के एक्टर आदि ईरानी ने किया खुलासा

अभिनेता आदि ईरानी ने कई फिल्मों में अहम किरदार अदा किए हैं। शाहरुख खान की बाजीगर में विल्नी मल्होत्रा का किरदार अदा कर उन्होंने खूब लोकप्रियता बटोरी। इसके अलावा वे गोविंदा और रवीना टंडन की फिल्म अनाड़ी नंबर 1 में भी खलनायक टाइगर तड़ीपार के रोल में दिखे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्याद नहीं चली थी। हालांकि, गोविंदा का किरदार फैंस को पसंद आया। हाल ही में आदि ने गोविंदा को लेकर कहा है कि वे शूटिंग के दौरान सीन को बदल दिया करते थे। आदि ईरानी का कहना है कि उनका और गोविंदा का करियर लगभग साथ में शुरू हुआ। आदि ने यूट्यूब चैनल फिल्मीयात्रा को दिए इंटरव्यू में कहा, हम लोग सब संघर्ष के दौर के दोस्त हैं। मेरा जो स्ट्रगल का टाइम है, उसी समय गोविंदा भी स्ट्रगल कर रहे थे। हम एक-दूसरे को अच्छे से जानते थे। मैं जिस डांस स्टूडियो में डांस सीखने के लिए जाता था, वहां पर गोविंदा कई बार आए थे और वह डांस दिखाते थे। आदि ने आगे कहा, उस समय मैं उन पर हंसता था। मैं और मेरे दोस्त उनके डांस का मजाक बनाते थे। मैं बोलता था कि क्या डांस कर रहे हैं, ये कोई डांस है क्या? हमें अंदाजा नहीं था कि एक दिन उनका डांस स्टाइल इतना मशहूर हो जाएगा और वह इसके लिए जाने जाएंगे। हम बेवकूफ थे, जो उनका मजाक उड़ाते थे। आदि ईरानी ने कहा, गोविंदा एक नेचुरल एक्टर हैं। वे अपने तरीके से डांस करते हैं। इसी तरह शूटिंग के दौरान वे सीन को पढ़ते थे और फिर सब कुछ बदल देते थे, न केवल अपनी भूमिका बल्कि सीन में उनके आस-पास के लोगों के अभिनय का तरीका भी। वे सीन को इस तरह से बदलने की कोशिश करते थे कि फ्रेम में वे दूसरों से अलग दिखें। आदि ईरानी ने कहा कि उन्हें सीन बदलने और दोबारा लिखने के गोविंदा के तरीके से कोई एतराज भी नहीं। उनसे जब पूछा गया कि क्या उनकी वजह से गोविंदा को कभी असुरक्षित फील हुआ? इस पर एक्टर ने कहा, गोविंदा सेट पर सभी से असुरक्षित थे। आदि ने आगे कहा, उन्हें यकीन नहीं था कि मैं फिल्म में टाइगर तड़ीपार की भूमिका निभा सकता हूं और उन्होंने मेरे साथ दो अन्य खलनायकों को जोड़ने का सुझाव दिया।





बनारसी साड़ी से नुसरत भरूचा का स्टाइलिश अंदाज

## यही कहूंगा कि कुछ तो लोग कहेंगे

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म नादानियां से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। इस पूरे मामले पर हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने प्रतिक्रिया दी है। इब्राहिम अली खान को करण जौहर ने लॉन्च किया है। फिल्म %नादानियां% धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। करण जौहर आज मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म अकाल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। यहां उनसे नादानियां को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने नादानियां की अलोचना पर कहा, मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें।

# जॉन अब्राहम ने खरीदी नई शानदार कार थॉर रॉक्स

**जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं**

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं इसी बीच जॉन की कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिससे साफ पता चल रहा है कि उन्होंने अपने कार कलेक्शन में थॉर रॉक्स को जोड़ लिया है। क्या जानते हैं आप इस कार कि कीमत कितनी है। जॉन को बाइक और कारों का बेहद शौक है। अब उन्होंने अपने गैराज में यह नई कस्टमाइज्ड ब्लैक थार रॉक्स जोड़ ली है। यह कार देखने में बहुत शानदार है। पावर ड्रिफ्ट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जॉन अपनी नई कार को पेश करते हुए स्टाफ से बात कर रहे हैं। वीडियो के साथ लिखा गया, जॉन अब्राहम की नई कार को नमस्ते कहें - एक खास कस्टम महिंद्रा थार रॉक्स।न्यूज 18 की रिपोर्ट्स के अनुसार, थॉर रॉक्स कार की कीमत 12.99 लाख से 23.09 लाख रुपये तक है। वहीं इसके 4WD मॉडल की कीमत 19.09 लाख रुपये से शुरू होती है। यह कार फोर्स गुरखा 5-डोर और मारुति जिम्नी जैसी गाड़ियों से टक्कर लेती है। दिलचस्प बात यह है कि जॉन पिछले साल अगस्त में थार रॉक्स के लॉन्च इवेंट में भी शामिल हुए थे। जाहिर है, वह इस कार को काफी समय से पसंद कर रहे थे।



जॉन के पास पहले से ही निसान जीटी-आर और इसुजु वी-क्रॉस जैसी शानदार कारें हैं। इसके अलावा उनके पास कई बेहतरीन बाइक का कलेक्शन भी है। जॉन अब्राहिम की फिल्म द डिप्लोमैट 14 मार्च को होली के मौके पर रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी एक भारतीय महिला को पाकिस्तान से बाहर निकालने की है। फिल्म में अभिनेता ने राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में जॉन के अलावा सादिया खातिब, कुमुद मिश्रा, शारीब हाश्मी, रेवती जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है।

# कीर्ति कुल्हारी के पिंक में नजरअंदाज किए जाने वाले बयान पर तापसी ने दी प्रतिक्रिया

कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक' की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। ई-टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान तापसी ने इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ÷मुझे कैसे पता चलेगा? उसे जो महसूस होता है, उसे महसूस करने का पूरा अधिकार है। मैं आखिरी व्यक्ति होऊंगी जो किसी को बताए कि आप जो महसूस कर रहे हैं वह गलत है। अगर किसी ने कुछ महसूस किया है, तो मुझे यकीन है कि इसके पीछे कोई कारण होगा। तापसी ने इस पूरे मामले पर आगे कहा, ÷उसने अपनी आवाज उठाई, जो उसकी मर्जी है। अगर मुझे पता होता कि कीर्ति उस वक्त किसी भी तरह से नजरअंदाज किए जाने जैसा महसूस कर रही है, तो मैं उस समय उससे बात करना पसंद करती है और पूछती कि क्या मैं इसे बेहतर बनाने के लिए कुछ कर सकती हूं। अफसोस, मुझे नहीं पता चला, उसे उस वक्त कोई समस्या है। इसलिए मुझे नहीं पता अब क्या करना चाहिए। मैं उनकी भावनाओं को खारिज नहीं कर सकती।÷ तापसी ने ये भी बताया कि वो और कीर्ति दोस्त नहीं हैं, लेकिन प्रोफेशनल स्तर पर दोनों के अच्छे संबंध हैं। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, ÷उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।÷ कीर्ति ने हाल ही में पीआर मशीनरी के बारे में बात की थी और पिंक के ट्रेलर में अपनी कम भूमिका पर बात करते हुए कहा था, ÷मैंने देखा कि ट्रेलर में मुख्य रूप से तापसी और मिस्टर बच्चन थे। यह मेरे लिए पहला झटका था, क्योंकि मुझे पता है कि मैंने फिल्म में क्या किया है।



# माघ मेले गोताखोर टीम एवं आपदा मित्रों की तैनाती होगी: जिलाधिकारी

- महाशिवरात्रि पर अधिक भीड़ भाड़ वाले मंदिरों पर लगाएं जाएंगे स्वास्थ्य कैम्प

अवधनामा संवाददाता




**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आगामी पर्वो के दृष्टिगत कानून व्यवस्था एवं शान्ति समिति की आयोजित बैठक के दौरान कहा है कि 01 फरवरी 2026 को माघी पूर्णिमा पर्व एवं संत रविदास जयन्ती है, जिसको ध्यान में रखते हुए समस्त प्रकार की तैयारी अभी से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा है कि माघी पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेंहदी घाट पर स्नान हेतु आते है। माघी मेले की सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, पार्किंग, विद्युत, गोताखोर, बैरिकेडिंग, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्थायें समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने कहा कि घाट पर सुव्यवस्थित टॉयलेट, चेंजिंग रूम एवं लाइट की व्यवस्था तथा घाट की सफाई अच्छे से हो जानी चाहिए। घाट पर बैरिकेडिंग जाल होने के साथ ही उसपर झंडे लग होने चाहिए। उन्होंने कहा है कि गोताखोर टीम के साथ ही आपदा मित्रों की भी ड्यूटी मेले में लगाई जाए। मेले में मेडिकल टीम की भी तैनानी की जाएं।

पार्किंग एवं ट्रैफिक प्लान की तैयारी पहले से ही कर ली जाए। कहा है कि प्रभागीय वानिकी अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गंगा आरती का भी भव्य आयोजन कराया जाये। उन्होनें निर्देश दिये कि घाट पर गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। डीएम ने कहा है कि संत रविदास जयंती के को ध्यान में रखते हुए जनपद में संत रविदास एवं अन्य महापुरूषो के स्थलों व सफाई अच्छे से हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि दिनांक 04.02.2026 को शब-ए-बरात को ध्यान में रखते हुए जनपद के विभिन्न मजारों/कब्रिस्तानों पर साफ सफाई एंव प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि महाशिवरात्रि के अवसर पर अधिक भीबड़ भाड़ वाले मंदिरों पर स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जाये। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में आपदा मित्रों की ड्यूटी लगाई जाएं। मंदिर कमेटी के साथ महाशिवरात्रि पर व्यवस्था देखने में आपदा मित्रों से काम लिया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उपजिलाधिकारी सुश्री वैशाली सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# खोये हुये मोबाईल पाकर खुशी से खिले मोबाईल स्वामियों के चेहरे



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस, हेड कांस्टेवल अजय सिंह, कांस्टेवल शिवराज यादव, शुभम कुमार, दीपक गुर्जर, शुभम बालियान, अभिषेक द्वारा जनपद में खोए हुए 111 मोबाइल फोनों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया, बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा मोबाइल धारकों ने अपना खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्नता जाहिर करते हुए कन्नौज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की। मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा किन्तु पुलिस द्वारा किये सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है। मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित इस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम यूपी कॉप एप् के माध्यम से/सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है, इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ सीईआईआर पोर्टल की वेबसाइट (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. सीईआईआर. गोव.इन) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

# उच्च शिक्षा में समानता पर अंतरिम रोक चिंताजनक : एआइपीएमएम

अवधनामा संवाददाता

- यू.जी.सी. रेगुलेशंस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वंचित वर्ग चिंतित
- आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ को मार्च सुनवाई से न्याय की उम्मीद

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा University Grants Commission (Promotion of Equity in Higher Educational Institutions) Regulations, 2026 पर 29 जनवरी 2026 को लगाई गई अंतरिम रोक (स्टे) पर गहन चिंता और गहरा दुख व्यक्त किया है। संगठन का कहना है कि ये नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता, गरिमा, समावेशन और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल थे।

संगठन ने स्पष्ट किया कि वह भारतीय संविधान की सर्वोच्चता और न्यायपालिका की स्वतंत्रता में पूर्ण विश्वास रखता है तथा आशा व्यक्त करता है कि मार्च 2026 में प्रस्तावित विस्तृत सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय इन नियमों की गहन समीक्षा कर उन्हें और अधिक स्पष्ट, संतुलित, मजबूत एवं प्रभावी बनाएगा। इससे उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र, लिंग, धर्म या दिव्यांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के अनुसार, 3 जनवरी 2026 को अधिसूचित ये नियम भारतीय संविधान की मूल भावना के अनुरूप थे और विशेष रूप से अनुच्छेद 14, 15, 16, 17 एवं 21 के तहत प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा को सुदृढ़ करते थे। संगठन का मानना है कि अंतरिम रोक से जाति-आधारित भेदभाव के विरुद्ध संवैधानिक सुरक्षा अस्थायी रूप से कमजोर होती प्रतीत होती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव पसमांदा, OBC, दलित और अन्य वंचित वर्गों के करोड़ों छात्रों पर पड़ सकता है, जो लंबे समय से उच्च शिक्षा संस्थानों में संरचनात्मक भेदभाव का सामना करते आए हैं।

महाज़ ने यह भी स्पष्ट किया कि ये नियम किसी भी विशेष वर्ग के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि सभी के लिए समानता, गरिमा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। संगठन ने नागरिकों, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अफवाहों और विभाजनकारी प्रचार से दूर रहते हुए इस मुद्दे को संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें।

अंत में, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने भरोसा जताया कि मार्च 2026 की सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय इन नियमों को और अधिक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण स्वरूप देकर उच्च शिक्षा में भेदभाव-मुक्त, समानता-आधारित और गरिमापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करेगा।

# बरहज में 31 जनवरी को मत्स्य पालकों का वृहद पंजीकरण शिविर

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना (PMMKSSY) के अंतर्गत जनपद के मत्स्य पालकों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए विकास खंड बरहज में 31 जनवरी को वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर एनएफडीपी (NFDP) पोर्टल पर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों का ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने जानकारी देते हुए बताया कि निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार यह विशेष पंजीकरण शिविर 31 जनवरी 2026 को विकासखंड बरहज सभागार में आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में मछुआरे, नाविक, मछली पालन करने वाले किसान, मछली विक्रेता, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के सदस्य तथा मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित सभी पात्र व्यक्तियों का निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। अधिकारियों ने इच्छुक लाभार्थियों से अपील की है कि वे शिविर में आते समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर अवश्य साथ लाएं, ताकि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, तेज और सुगम बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस पंजीकरण से लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# मंत्री एके शर्मा ने पंडित अलगू राय की प्रतिमा का किया अनावरण

- पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य लोकार्पण,
- चार करोड़ से बने अतिथि गृह का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता




**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान सभा सदस्य स्वर्गीय पंडित अलगू राय शास्त्री की जयंती के पर मऊ बस डिपो का नामकरण पंडित अलगू राय शास्त्री बस स्टेशन किया, परिसर में लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अतिथि गृह का शिलान्यास भी किया। मंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय पंडित अलगू राय शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण करते हुए बस स्टेशन परिसर में विकसित किए गए मिनी पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह बस स्टेशन अब केवल आवागमन का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति और जनसेवा का प्रतीक बनेगा। अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उनके जीवन के लगभग दस वर्ष इस बस स्टेशन से जुड़े रहे हैं। जिसके कारण इसका उनके साथ एक विशेष भावनात्मक लगाव है। जनभावनाओं के सम्मान में परिवहन विभाग के सहयोग से इस बस स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। इस कार्य के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार भी व्यक्त किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल नामकरण या निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन को बेहतर सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। पंडित अलगू राय शास्त्री बस स्टेशन का विकास इसी सोच का परिणाम है। मऊ के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

## 30 स्वयंसेवक 12 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना

**उरई (जालौन)** जनपद में आपदा प्रबंधन तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय बैच के चयनित 30 आपदा मित्रों को 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण हेतु आज राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से आपदा मित्रों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, जिससे त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को अग्निकांड, बाढ़, आकाशीय विद्युत, सर्पदंश, भूकंप जैसी आपदाओं से निपटने हेतु प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव तथा राहत कार्यो की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## देवरिया-कसया मार्ग निर्माण के लिये धन अवमुक्त होने पर भाजपाई खुश



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** देवरिया-कसया मार्ग के निर्माण हेतु 292 करोड़ 66 लाख रुपये उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही समेत कैबिनेट के सभी मंत्रियों और जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अजय उपाध्याय ने कहा कि देवरिया-कसया रोड निर्माण के लिये धन स्वीकृति मिलना क्षेत्र अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों एवं मंत्रीपरिषद् के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।इस मार्ग के निर्माण से देवरिया से कसया तक आवागमन सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि यह निर्णय जनहित और विकास के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस रोड के निर्माण से देवरिया के विकास को भी गति मिलेगी। इस दौरान गोविन्द मणि,रत्नेश्वर गर्ग,रजनीश तिवारी, अखिलेश मिश्रा, पुनीत सिंह,विकास पाण्डेय, नवीन तिवारी आदि रहें।

## मदरसा दारुल उलूम रशीदिया में जोश व खरोश के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया



**बिसवां, सीतापुर (अवधनामा संवाददाता)** देश को आजाद कराने में सभी धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था इसलिए अब देश की तरक्की हम सभी को मिलजुल कर करना होगा उक्त विचार नागरिक अधिकार संगठन के संयोजक हरिशंकर गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में क्योंटी बादुल्ला स्थित मदरसा दारुल उलूम रशीदिया में व्यक्त किए। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने उपस्थित जन सैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब आपसी भेदभाव को बुलाकर राष्ट्र को मजबूत करने में अहम योगदान दें। मुफ्ती साबित अली ने कहा कि हिंदुस्तान को आजाद कराने में लाखों उलमा शहीद हुए हैं। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार झंडारोहण हुआ। इस दौरान देशभक्ति की अलख देखने को मिली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जमीयत उलमा-ए-हिंद बिसवां के जनरल सेक्रेटरी मौलाना फहीम जामई का मुख्य योगदान रहा। उक्त मौके पर पंकज भारती, मौलाना अतीक, कारी इमादुद्दीन गौरी, वरिष्ठ समाजसेवी डा0 अब्दुल करीम अंसारी, मुशीर नेता, कफील, वकील, सूफियान, जियाउद्दीन कोटेदार, नेक आलम, अहमद हसन, शान मोहम्मद, जीशान, आफताब सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मदरसे के मैनेजर मो0 नसीम ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने काले कानून पर रोक लगाकर लोकतंत्र की रक्षा की

**कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के सहयोग से सवर्ण समाज के लोगों ने यूजीसी के नए नियमों के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने ÷काला कानून वापस लो÷ के नारे लगाते हुए यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग की। शुक्रवार को डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन सौपनें के उपरान्त डॉ. शरद द्विवेदी ने कहा कि यूजीसी के नए नियम सवर्ण समाज के हितों के खिलाफहैं और इससे शिक्षा व्यवस्था में असंतुलन पैदा होगा।

# भारत ईयू मुक्त व्यापार समझौते से निर्यातक को मजबूती

अवधनामा संवाददाता





**मुरादाबाद।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा है कि इससे हस्तशिल्प निर्यातकों को समृद्ध करने तथा पीतल कारीगरों को सशक्त बनाने के नए अवसर खुलेंगे।

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा है कि भारत-ईयू एफटीए ऐसे अहम समय में आया है जब भारतीय निर्यातक जानबूझकर मार्केट में विविधता लाकर और दूसरी अधिक वैल्यू वाली जगहों के साथ गहन जुड़ाव के जरिए मजबूती बना रहे हैं। इस समझौते पर हस्ताक्षर होने से टैरिफ को तर्कसंगत बनाकर और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करके यूरोप में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने का एक व्यवस्थित और अनुमानित रास्ता मिलेगा। साथ ही यह समझौता टैरिफ के अलावा अन्य बाधाओं को भी व्यवस्थित तरीके से खत्म करता है जिसमें अक्सर एमएसएमई को अनुपालन के समय, डॉक्यूमेंटेशन, टेस्टिंग और अप्रूवल के मामले में सबसे अधिक लागत और मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। समझौता दुनिया के सबसे बड़े और गुणवत्ता के प्रति सबसे अधिक जागरूक उपभोक्ताओं के बाजारों में से एक ईयू के साथ भारत की व्यापार व्यवस्था को मजबूत बनाता है। यह समझौता यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के बाजारों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात की पहुंच को बढ़ाएगा। टैरिफ में कमी के लिए स्पष्ट रास्ता देगा और व्यापार के लिए ज्यादा सुविधाजनक माहौल तैयार करेगा। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत के हाथ से बने सामान के एक्सपोर्ट के लिए नए ईयू मार्केट में मौके खोलेगी, जिसमें आर्ट मेटलवेयर और वुडक्राफ्ट से लेकर टेक्सटाइल-बेस्ड हैंडीक्राफ्ट, फैशन ज्वेलरी, लाइफस्टाइल एक्सेसरीज और जीआई प्रोडक्ट्स शामिल हैं।

ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा भारत-ईयू एफटीए निर्यात इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए बड़ा अवसर है। एफटीए लागू होने के बाद और ज्यादा सुविधाजनक व्यवस्था के साथ भारतीय हस्तनिर्मित उत्पाद अब यूरोपीय बाजारों में अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर सकेंगे। उन्होंने कहा है कि यूरोपीय खरीदार हस्तशिल्पों में प्रामाणिकता, दीर्घकालिक, गूढ़ डिजाइन और मजबूत भावनात्मक प्रस्तुति की तलाश कर रहे हैं जो देश में हस्तनिर्मित हस्तशिल्प स्वाभाविक रूप से देते हैं। फ्रांस के पेरिस में मैसों ऐंड ऑब्जे, पेरिस जैसे इंटरनेशनल डिजाइन प्लेटफॉर्म पर हमारी हाल की भागीदारी ने भारतीय हस्तनिर्मित होम, लाइफस्टाइल और डेकोर प्रोडक्ट्स के लिए विजिटर्स और खरीदारों के बीच उत्साहजनक प्रतीक्रियाएं देखी गई। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने इसके बाद कहा है कि अब ईपीसीएच हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करके और डिजाइन एवं उत्पाद के विकास के साथ ही मानकों और डॉक्युमेंटेशन पर स्पष्ट मार्गदर्शन के जरिए इसके सशक्तिकरण के प्रयास और तेज करेगा। निर्यातकों, खासकर एमएसएमई और पहली बार निर्यात करने वाले, एफटीए का प्रभावी तरीके से फायदा उठा सकें। समझौता डिमांड बढ़ाकर, ट्रेड की रुकावटों को कम करके और यूरोप में नए खरीदार नेटवर्क बनाकर, रोजगार पैदा करने और क्राफ्ट क्लस्टर में बेहतर आजीविका के लिए एक मजबूत मल्टीप्लायर साबित हो सकता है।

## यूजीसी समानता कानून के खिलाफ ब्राह्मण संगठनों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, नारेबाजी




**मुरादाबाद।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने नए प्रावधानों पर रोक लगा दी है फिर भी ब्राह्मण समाज ने कानून के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कानून को निरस्त करने की मांग भी उठाई गई है। गुरुवार को विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता यूजीसी कानून के विरोध में बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट में एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यूजीसी कानून हमारी शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के अधिकारों और संस्थागत स्वायत्तता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना व्यापक परामर्श के कानून लागू किया गया है, जिससे शिक्षण संस्थानों में असंतोष फैल गया है। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ एक कानून के खिलाफ नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को बचाने की लड़ाई है। आरोप लगाया कि नए प्रावधानों से नियुक्तियों की पारदर्शिता प्रभावित होगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाएगी। शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता घटने से अकादमिक वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ेगा। वक्ताओं ने चेतावनी दी है कि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान काला कानून वापस लो, शिक्षा बचाओ, देश बचाओ, मनमानी बंद करो जैसे नारे गूंजते रहे। जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन भी सतर्क नजर आया और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था।

# भाषा विवि में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्र सुविधा केंद्र में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण और टाटा 1mg के सक्रिय सहयोग से आयोजित इस शिविर में विश्वविद्यालय के 120 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समुदाय के स्वास्थ्य स्तर की जांच कर आवश्यक सलाह प्रदान करना था, जो विश्वविद्यालय की स्वास्थ्य-केंद्रित पहलों का हिस्सा है। शिविर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का उपयोग कर यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल के अलावा रक्तचाप और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। टाटा 1द्भद्द के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिपोर्ट प्रदान कीं तथा जीवनशैली सुधार, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम पर उपयोगी सलाह दी। कई प्रतिभागियों को उच्च यूरिक एसिड या कोलेस्ट्रॉल स्तर पाए जाने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श की सिफारिश की गई, जिससे वे स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से पूर्व सावधान हो सके। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शिविर का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, ÷ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन स्वास्थ्य हित के लिए अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि छात्रों और कर्मचारियों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। हम भविष्य में ऐसे और अधिक शिविर आयोजित करेंगे ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ जीवन जी सके।फैकल्टी ऑफ फार्मेसी की निदेशक डॉ. शालिनी त्रिपाठी ने शिविर के सफल संचालन पर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, टाटा 1mg के सहयोग से यह शिविर संभव हो सका। फैकल्टी सदस्यों, छात्र स्वयंसेवकों और स्टाफ की टीमवर्क ने इसे यादगार बनाया। हम आगामी महीनों में विशेषज्ञों के साथ डायबिटीज जागरूकता और कैंसर स्क्रीनिंग जैसे शिविर भी आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रायगंज गाजीपुर में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम 9:15 पर गाजीपुर जिले के जिला संघचालक जयप्रकाश, जिला प्रचारक प्रभात, सह विभाग प्रचारक प्रेम प्रकाश, नगर प्रचारक विक्रम विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार राय, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य दाऊजी उपाध्याय के संयुक्त तत्वाधान में प्रबंध समिति के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात भैया/ बहनों के द्वारा भारत माता की आरती की गई। इसके बाद भारत माता की झांकी, लक्ष्मण शक्ति झांकी, सुभाष चंद्र बोस की झांकी, मिसाइल की झांकियों के साथ में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें विद्यालय के भैया /बहन ब्लैक कमांडो, मिसाइल मैन के रूप में सुसज्जित होकर चल रहे थे। संचलन में विद्यालय की प्रबंध समिति नगर के गणमान्य व्यक्ति तथा विद्यालय के समस्त आचार्य आचार्या बंधु भगिनी भारत माता की जय का उदघोष करते हुए चल रहे थे। झांकियों को देखने के लिए लोग अपने घरों की छतों से झांकियों का अवलोकन कर रहे थे। जगह-जगह लोगों के द्वारा भारत माता की आरती उतारी गई और भैया बहनों को बिस्किट, फल आदि भी वितरित किया गया, तथा जगह-जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा भी किया गया। झांकी लाल दरवाजा, झुन्नूलाल चौराहा, गोलाघाट, नखास, नवाब साहब का फाटक ,लकड़ी का टाल, तुलसी का पुल होते हुए पुनः विद्यालय में आकर समाप्त हुई।

# राजेश अध्यक्ष और सुल्तान बने महामंत्री

- डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव गुरुवार को सदर तहसील परिसर के बार सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें राजेश मिश्रा को अध्यक्ष और सुल्तान अहमद को महामंत्री चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में रमाशंकर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल सिंह उपाध्यक्ष, अनिल कुमार शर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, रवि प्रकाश सिंह संयुक्त सचिव और मिथिलेश कुमार एडवोकेट पुस्तकालय मंत्री बनाए गए। चुनाव अधिकारी पंचानंद पांडेय की अध्यक्षता में यह चुनाव संपन्न हुआ। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर बार की गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा अधिवक्ता हित में कार्य करते रहेंगे। महामंत्री सुल्तान अहमद ने भी पद की गरिमा बनाए रखने में कोई कसर न छोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यकारिणी में वरिष्ठ अधिवक्ता लाल प्यारे श्रीवास्तव, रमाकांत सिंह, राजेंद्र प्रसाद पाठक, शहाबुद्दीन, विद्या चरण सिंह, प्रमोद शंकर सिंह, आनंद कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह और शमसुद्दीन को शामिल किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष सिंह, अनिल सिंह, जयप्रकाश सिंह, आनंद कुमार सिंह, हाजी इम्तियाज अहमद, समरनाथ यादव, प्रमोद शंकर सिंह, राजेश सिंह सहित कई अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित थे।

## आज ही घर पर लाएं किचन के जरूरतमंद आइटम



अगर आप भी किचन के लिए जरुरतमंद आइटम तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी खरीद सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं अमेजन पर मिलने वाले बेस्ट किचन आइटम, जिन्हें आप खरीद सकते हैं।

हमारे किचन में रोजमर्रा के जरूरतमंद आइटम की बहुत जरूरत होती है। ऐसे में किचन की जरूरत के समान सभी किचन में जरूर होने चाहिए। चलिए इस लेख के माध्यम से आज हम रोजमर्रा के किचन के जरूरतमंद आइटम के बारे में बताएंगे।

अब पर घर की जरूरत है सब्जियों को चॉप करने के लिए चॉपर की। बिना किसी झंझट के चॉपर की मदद से झट से सब्जियाँ कटे वो भी बेहद कम समये में। पेश है Pigeon हैंडी चॉपर जो फटा-फट सब्जियाँ कटे। ये हैंडी चॉपर अमेजन पर उपलब्ध है। शार्प स्टेलेस स्टील ब्लेड और एंटी स्किड बेस है जो आसानी से उपयोग करने के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल है। Pigeon हैंडी चॉपर की 6 महीने की निर्माता वारंटी है। इसका प्राइस 199 रूपये है। आज ही खरीदें अमेजन से, लिंक नीचे उपलब्ध है।

**किचन सिंक आर्गेनाइजर**

किचन के लिए बेहद जरूरी प्रोडक्ट जो काफी मददगर है हमारे किचन के लिए। किचन सिंक आर्गेनाइजर हर घर के लिए जरूरी है। किचन सिंक क्षेत्र के लिए पूरी तरह से तैयार इस स्टैंड के साथ अपने किचन सिंक क्षेत्र को व्यवस्थित करें। डिशवॉशर तरल, ब्रश, कपड़ा, साबुन, स्पंज इत्यादि जैसे सिंक काम के लिए सभी दैनिक आवश्यकताओं को स्टोर करने के लिए बहुत ही मददगर है। इसकी कीमत मात्र 249 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

kimberly Clark द्वारा Wypall दुनिया के मुख्य वाइपर ब्रांड में से एक है। बहुउपयोगी, वॉशेबल और रीयूज़ेब्ल वाइप हैं। किचन, कार की सफाई या सामान्य उद्देश्य की सफाई के लिए बहुत मददगर है। प्रोडक्ट कागज़ के जितना पतला, हल्के वज़न का और हाई अब्ज़ॉर्बेसी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस तरह से डिज़ाइन किया गया है की कपड़े से पानी कम टपके। Wypall ×70 वाइप कपड़े नियमित तौलिए और रैग की तुलना में अधिक तेल को अब्ज़ॉर्ब और होल्ड कर सकते हैं। इसकी कीमत मात्र 257 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

## सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज में दम पुख्त बिरयानी देखकर आ गया मुंह में पानी, तो अब जान लें इसे बनाने के जरूरी टिप्स

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं।

हाल ही में सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज रिलीज हुई और यह फिल्म हर कोई बेहद पसंद कर रहा है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा को डिलिशियस दम पुख्त बिरयानी बनाते हुए दिखाया गया है। उसे देखकर यकीनन आपके मुंह में भी पानी आ गया होगा और अब आप भी उसे खाने का मन बना रहे होंगे। ऐसे में अगर आप भी घर पर दम पुख्त बिरयानी बनाना चाहते हैं तो उसे परफेक्ट तरीके से बनाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। वास्तव में अगर कोई एक डिश है जो शाही अंदाज़ में बनाई जाती है, तो वह है दम पुख्त बिरयानी। धीमी आंच पर पकाई गई बिरयानी स्वाद से भरपूर होती है। जब मीट और चावल अपनी भाप में एक साथ पकते हैं, जिससे हर निवाला बेहद स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको दम पुख्त बिरयानी बनाने के कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

**सही चावल और मीट का करें चयन**

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता।



चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं। इससे चावल अच्छी तरह से पकता है और टूटने से बचता है। वहीं मीट के लिए मटन सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह दम पर पकाने से बहुत नरम हो जाता है। लेकिन अगर आप चिकन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे कम समय के लिए पकाएं, नहीं तो यह सूख सकता है।

**सही तरह से करें मैरिनेशन**

मीट का सही तरह से मैरिनेशन बहुत अधिक मायने रखता है। मीट को कम से कम 4-6 घंटे के लिए मैरिनेट करें, या हो सके तो रात भर के लिए। मैरिनेशन के लिए दही, तले हुए प्याज़, अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और नींबू का रस इस्तेमाल करें। थोड़ा सा सरसों का तेल या घी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाता है।

**प्रो की तरह करें लेयरिंग**

दम पुख्त बिरयानी बनाते समय उसकी सही तरह से लेयरिंग करना भी उतना ही जरूरी है। सबसे पहले हमेशा भारी तले वाले बर्तन या हांडी का इस्तेमाल करें ताकि वह जले नहीं। साथ ही, पहली परत डालने से पहले नीचे घी लगा लें। पहले मैरिनेट किया हुआ मीट, फिर उबले हुए चावल, फिर तले हुए प्याज, पुदीना, धनिया, केसर मिला हुआ दूध और थोड़ा सा घी डालें। जब तक सारी सामग्री इस्तेमाल न हो जाए, तब तक यही दोहराते रहें। जलने से बचने के लिए सबसे ऊपर चावल होना चाहिए, मीट नहीं।

## नींबू के छिलकों से मिनटों में चमक जाएगी गंदी चिमनी, मेहनत के साथ समय की भी होगी बचत

क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते



हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है।

चमकदार और साफ-सुथरी चिमनी घर की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है और यह घर को फ्रेश रखता है। चिमनी के अंदर जमा गंदगी, तेल के दागों और कालिख को साफ करना एक मुश्किल टास्क हो सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से नींबू के छिलके के इस्तेमाल से चिमनी को आसानी से चमका सकते हैं।

**क्यों जरूरी है चिमनी के अंदर की सफाई करें**

बता दें कि चिमनी के अंदर की सफाई बेहद जरूरी है। क्योंकि चिमनी में ग्रीस, तेल, धुआं और कालिख जमा हो जाता है। जो न सिर्फ किचन में गंदगी पैदा करता है, बल्कि यह घर को भी गंदा कर सकता है।

**कैसे करें**

चिमनी को सबसे पहले ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

अब नींबू के छिलकों को जलती हुई चिमनी में डालें और यह धुआं छोड़ता है। साथ ही यह जमी गंदगी को ढीला करने में मदद करता है।

कुछ मिनट धुआं फैलने दें और अब चिमनी को गीले कपड़े या ब्रश की मदद से साफ कर लें।

**चिमनी के बर्नर को ऐसे करें साफ**

चिमनी के बर्नर को साफ करने के लिए नींबू के छिलके का इस्तेमाल अच्छा है। नींबू में एसिडिक गुण पाए जाते हैं, जो ग्रीस, तेल और जमी हुई गंदगी हटाने में मदद करता है। वहीं नींबू से चिमनी के बर्नर पर फ्रेशनेस भी आती है।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी के बर्नर को ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जिससे कि आराम से आप सफाई कर सकें।

क्योंकि नींबू के छिलके के अंदर नेचुरल तेल और एसिड होते हैं। जो तेल के दागों और ग्रीस को हटाने में सहायता करते हैं।

अब नींबू के छिलकों को हल्के हाथों से रगड़ते हुए बर्नर पर रगड़ें। खासकर उस जगह पर जहां पर दाग या गंदगी है।

फिर इसको 5-10 मिनट के लिए बर्नर पर छोड़ दें। क्योंकि छिलके का एसिड ग्रीस और तेल को ढीला करने में सहायता करेगा।

इसके बाद एक ब्रश या गीले कपड़े से बर्नर को रगड़कर साफ करें। इससे बर्नर की सतह से जमी गंदगी आसानी से हट जाएगी।

सफाई के बाद साफ सूखे कपड़े से इसको अच्छे से पोंछ लें।

**नींबू के छिलका आएगा काम**

भले ही यह तरीका आपको सुनने में थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह चिमनी के अंदर की सफाई के लिए जरूरी है। खासकर जब चिमनी के अंदर कालिख और गंदगी जमा हो गई हो। आप इस हैक को अपना सकते हैं।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी को ठंडा करें।

फिर नींबू के छिलकों को छोटे टुकड़ों में काटें।

अब इन छिलकों को चिमनी में चलती हुई आग में डाल दें।

जैसे ही चिमनी की आग में नींबू के छिलके जलेंगे, वह धुआं छोड़ेंगे और चिमनी के अंदर जमा गंदगी ढीली हो जाएगी।

फिर कुछ मिनटों तक धुआं फैलने दें और एक ब्रश या गीले कपड़े से चिमनी की दीवरों को साफ कर लें।

**नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण**

बता दें कि नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण चिमनी की साफ-सफाई के लिए सबसे अच्छा तरीका है। नींबू का एसिड ग्रीस चिमनी में जमी गंदगी और कालिख को ढीला करता है। वहीं पानी इन तत्वों को साफ करने में सहायक होता है।

**कैसे करें**

सबसे पहले एक कटोरी में पानी भरकर उसमें नींबू के छिलके डालें।

अब इसको मीडियम आंच पर उबालें और जब पानी उबलने लगेगा तो छिलकों का एसिड पानी में घुल जाएगा। इससे नेचुरल क्लीनर तैयार हो जाएगा।

अब इस पानी को छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें।



फिर इस मिश्रण को चिमनी के अंदर और उसके आसपास स्प्रे करें।

इस मिश्रण को चिमनी के दीवारों और बर्नर पर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। क्योंकि यह समय नींबू के छिलकों से निकला एसिड गंदगी को ढीला करने के लिए आवश्यक है।

इसके बाद ब्रश या गीले कपड़े की सहायता से चिमनी की दीवारों, बर्नर और सारी जगहों को रगड़कर साफ कर लें।

इससे चिमनी की गंदगी और कालिख आसानी से हट जाएगी और चिमनी साफ हो जाएगी।

फिर सफाई के बाद चिमनी को सूखे कपड़े से पोंछकर अच्छे से सुखा लें।

## एक बार बैंगन का अचार खा लिया तो बार-बार खाएंगे, जानें बनाने का तरीका



अचार के साथ खाना खाने में मजा ही आ जाता है। अचार अपने चटपटे और टेस्टी स्वाद और फ्लेवर के कारण अचार खाने से खाना का स्वाद भी डबल हो जाता है। पराठा, पूड़ी, दाल-चावल के साथ अचार बड़े ही स्वाद से खाया जाता है। आइए आपको बैंगन के अचार की रेसिपी के बारे में बताते हैं।

हर भारतीय घरों में खाना के साथ अचार बड़े ही चाव से खाया जाता है। आप सभी के घर में आम, नींबू, मूली, गाजर के अचार जरुर होंगे। अचार खाने को स्वाद को डबल कर देता है। अब सवाल यह कि आप ने कभी बैंगन का अचार खाया है? बैंगन एक ऐसी सब्जी जिसका स्वाद हर किसी को पसंद नहीं आता है। बैंगन की सब्जी खाते समय सभी लोग मुंह बनाते हैं। तो चलिए इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं बैंगन के अचार की रेसिपी, इसे आप घर में जरुर बनाएं।

**बैंगन के अचार खाने से फायदे**

बैंगन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से डायबिटीज, हार्ट, एनीमिया दूर होती है। बैंगन में कई पोषक तत्व पाएं जाते हैं, जैसे कि कैल्शियम, आयरन, फाइबर, कॉपर, कैल्शियम और ढेर सारे विटामिन मिनरल से भरपूर बैंगन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है।

**बैंगन का अचार बनाने की सामग्री**

- 2 टेबलस्पून विनेगर
- 2 टेबलस्पून चीनी
- 2 टेबलस्पून तेल और स्वादानुसार नमक
- 4 से 5 खड़ी लाल मिर्च
- 1 टेबलस्पून जीरा
- 1 टी स्पून पीली सरसों
- 5 से 6 लहसुन की कलियां
- 5 से 6 कूचे हुए लहसुन
- 2 इंच अदरक

**बैंगन का अचार बनाने की विधि**

- बैंगन का अचार बनाने के लिए सबसे पहले आप बैंगन को अच्छे से धो लें। इसके बाद टुकड़ों को काट लें।
- इसके बाद सभी सामग्री को पीस लें और इसमें नींबू का जूस मिलाएं।
- अब तेल को कढ़ाई में डालें और गर्म करें। फिर सरसों का तड़का दें।
- फिर इसमें कुटे हुए लहसुन डालें। करी पत्ता और कटे हुए बैंगन डाल कर फ्राई करें।
- बैंगन जब हल्का सुनहरा होने लगे तब इसमें मसाले को पेस्ट को डालें।
- इसके बाद आधा कप पानी डालें और इसे ढंक दें।
- फिर इसे 5 मिनट के लिए पकने दें।
- अब ढक्कन हटाएं और चीनी और विनेगर मिलाएं।
- अच्छे से ड्राई होने तक पकाएं।
- फिर इसको आप रोटी, पराठे और चावल के साथ खा सकते हैं।

## रात की बची दाल से बच्चों के लिए बनाएं 2 टेस्टी ब्रेकफास्ट, बेहद आसान है रेसिपी



क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं।

हम सभी घर में कितना ही हिसाब से खाना बना लें लेकिन कुछ न कुछ बच ही जाता है। जिसमें सब्जी और दाल तो जरूर थोड़ी-बहुत रह जाती है। ऐसे में इतनी महंगाई में इन चीजों को फेंकने में भी बहुत दुख होता है। वहीं हमारे शास्त्रों में भी अन्न की बर्बादी को बुरा बताया गया है। इसलिए हमें खाना फेंकने से बचना चाहिए। बहुत सारे लोग बचे हुए खाने को या तो फेंक देते हैं या फिर किसी जानवर को खिला देते हैं।

लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दाल से बनने वाले दो बेहद टेस्टी ब्रेकफास्ट की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**दाल के चीले की रेसिपी**

आपको बची हुई कोई भी मूंग, चना, मसूर या अरहर की दाल लेनी है।

अब मिक्सी के जार में दाल डालें और ऊपर से बेसन और चावल का आटा मिक्स करें।

दोनों चीजों को अच्छे से पीसकर स्मूद बेटर बना लें।

अब इस बेटर को एक बाउल में निकालकर इसमें बारीक कटा प्याज, हरा धनिया और हरी मिर्च डालें।

फिर इसमें हल्का नमक, कश्मीरी लाल मिर्च और चाट मसाला डालकर अच्छे से मिक्स करें।

इसके बाद नॉन स्टिक पैन पर इस मिश्रण को डालकर फैलाएं और दोनों तरफ घी या तेल लगाकर सेक लें।

दोनों तरफ से सिक जाने के बाद आप अंदर पनीर घिसकर भी डाल सकती हैं।

इस तरह से आपको स्वादिष्ट दाल चीला बनकर एकदम तैयार है।

दाल से बनाएं वेजिटेबल चीज पैनकेक

रात की बची दाल को मिक्सी जार में बिना पानी डाले पीस लें।

फिर इस पिसी हुई दाल में आधा कटोरी बेसन और सूजी डालकर फिर पीसें।

जब स्मूद बेटर बन जाए तो इसको बड़े बाउल में निकाल लें।

अब ऊपर से गाजर, पत्ती गोभी, लौकी, फूल गोभी और शिमला मिर्च आदि सब्जियां कद्दूकस करके डालें।

इसके बाद इस मिश्रण को अच्छे से स्पैटुला की मदद से मिक्स करें।

साथ ही चाट मसाला, नमक और हरा धनिया डालकर दोबारा मिला लें।

फिर पैनकेक वाला पैन या फिर किसीनॉन स्टिक तवापर घी लगाकर छोटे-छोटे पैनकेक डालें।

अब इस पर चीज घिस दें और अच्छे से ढककर सिकने दें।

आप चाहें तो किसी गहरे पैन में इस बेटर को डालकर उस पर चीज घिसे और ढककर सेंकने के बाद प्लेट में निकाल लें।

अब आप इसको अपने हिसाब से चौकोर या गोल शेप में काट लें।

इस तरह से गर्मागर्म टेस्टी पैनकेक बनकर तैयार है।

आप इसको टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

## स्वादिष्ट और जायकेदार शादी वाला खाना घर में बनाना चाहती हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें

शादी का खाना की तो अलग ही बात होती हैं। कई लोगों को घर खाना बिल्कुल पसंद नहीं होता है। अगर आप भी इन्हीं में से हैं, तो हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं, जिसकी मदद से आप भी घर पर ही टेस्टी खाना बना सकते हैं।

किसी भी पार्टी या शादी में चले जाएं, वहां का खाना खाकर घर में भी वैसा ही खाना खाने का मन हम सभी का जरुर करता है। अब चाहे वह शाही पनीर की रिच ग्रेवी हो, दम बिरयानी की खुशबूदार महक हो या फिर गरमा-गरम पूरियां और स्वादिष्ट मिठाइयां। हर एक डिश को खाने का अलग ही मजा होता है। कई बार तो लगता है कि बस दोबारा शादी में जाकर खाना खाकर आ जाएं। अब आपको यह सब करने की कोई जरुरत नहीं है। यदि आप भी चाहते हैं कि घर में बना खाना शादी के



मेन्यू जैसा स्वादिष्ट खाना बनाएं, तो आप इन कुछ खास टिप्स को फॉलो करें।

**हर एक डिश का अलग टेस्ट होता है**

जैसा कि शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है।

**सही मसालों का चयन करें**

शादी में जो खाना बनता है उसमें मसाले का प्रयोग किया जाता है। ये मसाले स्वाद के साथ ही खाने में महक और जान डाल देते हैं। सही मसालों के इस्तेमाल करने से शादी के खाने को स्वादिष्ट बनाता है। ग्रेवी मसाले के लिए आप कसूरी मेथी, गरम मसाला, जावित्री और खसखस का पेस्ट इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रेवी वाली सब्जियों में लाएं शादी के जैसा टेस्ट**

शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है। ग्रेवी बनाते समय इसके टेक्सचर का जरुर ध्यान रखें। इसके बाद आप ग्रेवी में कसूरी मेथी और गरम मसाला डालने से शादी वाला फ्लेवर आएगा।

**नान और पूरियां कैसे बनाएं**

शादी में खाने वाली पूरियां और रोटियां काफी फूली-फूली, नरम और बेहद स्वादिष्ट होती हैं। शादी जैसी खास बेड़मी पूरियां बनाने के लिए आटे में बेसन, अजवाइन और हल्दी मिला सकते हैं। इसके अलावा, आटे में थोड़ा दही और तेल मिलाने से रोटियां शादी जैसी मुलायम बन जाती है। आटे को गुनगुने पानी से ही गूंथे और 20-30 मिनट के लिए ढककर रखें और इससे रोटियां नरम बनेंगी। आप चाहे तो इसमें आटें में थोड़ा सा दूध और घी मिला सकते हैं।

# अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी में हलचल

## सुनेत्रा को कैबिनेट में शामिल करने की मांग, शरद गुट विलय के पक्ष में

एजेंसी

**मुंबई।** अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पार्टी के नेताओं ने उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने और उन्हें नेतृत्व की भूमिका देने की मांग उठाई है। वहीं, विपक्षी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) ने दोनों गुटों के संभावित विलय पर बातचीत के संकेत देकर सियासी समीकरणों को नया मोड़ दिया है। आइए पूरे मामले को विस्तार से जानते हैं।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत के एक दिन बाद गुरुवार को उनकी पार्टी के नेताओं ने सुनेत्रा पवार को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग उठाई है। इसी बीच विपक्षी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) ने संकेत दिए कि वह दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की बातचीत को आगे बढ़ाने के खिलाफ नहीं है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं ने यह भी सुझाव दिया कि सुनेत्रा पवार को आगे आकर पार्टी की कमान संभालनी चाहिए। बता दें कि एनसीपी और भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है। वरिष्ठ एनसीपी नेता और खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि झिरवाल ने कहा कि यह जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की भावना है कि दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्य कैबिनेट में जगह दी जाए।

एनसीपी नेता एवं महाराष्ट्र में कैबिनेट मंत्री नरहरि झिरवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता चाहती है कि दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्य के मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए। अजित पवार की राकांपा राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी शामिल हैं।

अजित पवार की मृत्यु के बाद राकांपा के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर झिरवाल ने कहा कि लोग चाहते हैं कि 'वहिनी' (यानी भाभी सुनेत्रा पवार) को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए। अजित पवार के करीबी रहे झिरवाल ने बारामती में नेता के अंतिम संस्कार के बाद एक समाचार चैनल से कहा, हम इस बारे में नेतृत्व से बात करेंगे और फैसला लेंगे।राकांपा के दोनों गुटों के विलय के संबंध में पूछे गए सवाल पर झिरवाल ने कहा, दोनों गुट पहले से ही एक हैं। सभी को यह एहसास हो गया है कि बिखरे रहने का कोई फायदा नहीं है और एकजुट होना ही होगा।

एनसीपी और विपक्षी एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के संभावित विलय पर पूछे जाने पर झिरवाल ने कहा कि दोनों गुट पहले ही स्थानीय निकाय चुनावों में साथ आ चुके हैं। उन्होंने कहा, अब सभी को समझ में आ गया है कि बिखरे रहने का कोई मतलब नहीं है। हमें एकजुट रहना होगा।

एनसीपी नेता और अजित पवार के विश्वासपात्र प्रमोद हिंदुराव ने कहा कि सुनेत्रा पवार को आगे आकर अपने पति की राजनीतिक विरासत को संभालना चाहिए और पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। सुनेत्रा पवार ने 2024 का लोकसभा चुनाव एनसीपी के टिकट पर लड़ा था, लेकिन बारामती सीट से उन्हें सुप्रिया सुले के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

इस बीच एनसीपी-शरद के महाराष्ट्र अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने कहा कि अजित पवार स्वयं दोनों एनसीपी गुटों के विलय को लेकर सकारात्मक थे।

# महिला रोजगार योजना में दो लाख मिलेंगे, शर्तें लागू, सीएम नीतीश ने दिया बड़ा अपडेट

एजेंसी

**पटना।** दूसरे चरण की समृद्धि यात्रा का समापन कर पटना लौटने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने महिला रोजगार योजना पर बातचीत की। कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक बड़े पैमाने पर लाभ पहुंचाया गया है। योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक परिवार की एक महिला को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता दी गई है। अब तक 1 करोड़ 56 लाख लाभुकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शेष पात्र आवेदकों को भी नियमानुसार जल्द ही उनके खातों में राशि भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत रोजगार शुरू करने के छह माह बाद आकलन कर आवश्यकता के अनुसार 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है। इस दिशा में चयनित लाभुकों को अतिरिक्त सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह राशि चरणबद्ध तरीके से दी जाएगी, बशर्ते पहले दी गई राशि का सदुपयोग रोजगार में किया गया हो। बेहतर ढंग से चल रहे रोजगार के मामलों में एकमुश्त राशि देने पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है कि योजना के तहत महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही लाभार्थियों को पोशाक निर्माण, सुधा बिक्री केंद्र, दीदी की रसोई जैसे विभिन्न सरकारी कार्यों से भी जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, राज्य में ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और रोजगार के लिए मजबूरी में पलायन पर भी रोक लगेगी।



### क्विक न्यूज

## डच सरकार की चीनी चिप निर्माता कंपनी पर कार्रवाई

**हेग।** डच सरकार ने चीन के स्वामित्व वाली चिप निर्माता कंपनी नेक्सपेरिया का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है। सरकार ने कहा कि यह एक बेहद असाधारण कदम है। कंपनी की प्रबंधन व्यवस्था (कॉर्पोरेट प्रशासन) में खामियों के चलते यूरोप कीआर्थिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है। डच आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार देर रात एक बयान जारी किया। जिसमें उसने वस्तु उपलब्धता अधिनियम के तहत नेक्सपेरिया के व्यापार में दखल दिया है। यह कानून बहुत कम मामलों में इस्तेमाल होता है। नेक्सपेरिया सेमीकंडक्टर बनाती है, जो ओटोमोबाइल और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी उद्योग में उपयोग होते हैं। यह कंपनी नीदरलैंड के नाइमेखेन शहर में है, लेकिन इसका स्वामित्व चीन की विंगटेक टेक्नोलॉजी के पास है। मंत्रालय ने कहा कि नेक्सपेरिया के प्रबंधन में खामियों की वजह से डच और यूरोपीय क्षेत्रों के जरूरी तकनीकी क्षमताओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। आर्थिक मामलों के मंत्रालय ने यह भी कहा कि इन क्षमताओं को खोना डट और यूरोप के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। हालांकि, मंत्रालय इसके बारे में विस्तार से कुछ भी नहीं बताया।

सरकार ने इस फैसले जुड़ी बहुत सी जानकारी साझा नहीं की है। लेकिन यह कदम चीन और पश्चिमी देशों के बीच उन तकनीकों को लेकर बढ़ते तनाव को दिखाता है, जो कंप्यूटर चिप जैसी भविष्य की उन्नत तकनीकों से जुड़ी हैं। इस कदम पर नेक्सपेरिया ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, विंगटेक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह व्यापारिक मामलों का राजनीतिकरण करने का सख्त विरोध करता है। विंगटेक ने डट सरकार की इस कार्रवाई को तथ्यों के आधार पर आकलन करने के बजाय भू-राजनीतिक पक्षपात पर आधारित हस्तक्षेप बताया और कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उठाया गया निराधार कदम है। शंघाई स्टॉक एक्सचेंज में विंगटेक के शेयर 10 फीसदी गिर गए, जो वहां का दैनिक गिरावट का अधिकतम स्तर है।

## विमानन मंत्री ने महाराष्ट्र सीएम फडणवीस को लिखा पत्र, हादसे की जांच में सहयोग मांगा

**नई दिल्ली।** विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने महाराष्ट्र सरकार से बारामती हवाई हादसे की तेज जांच के लिए सहयोग मांगा है। इस हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोग मारे गए, जिनमें पायलट, सह-पायलट, सुरक्षा अधिकारी और फ्लाइट अटेंडेंट शामिल हैं। विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से सहयोग मांगा, ताकि पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे पर हुए विमान हादसे की तेजी से जांच की जा सके। इस विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चार अन्य लोग मारे गए थे। अजित पवार बुधवार को निजी विमान से मुंबई से अपने पैतृक शहर बारामती जा रहे थे। उनके साथ चार अन्य सवार थे। लेकिन यह विमान बारामती की टेबलटॉप हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) से करीब दो सौ मीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# पहाड़गंज के एक होटल में लगी आग, तीन लोग घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में बुधवार और बृहस्पतिवार की मध्य रात्रि एक होटल में भीषण आग लगने की घटना सामने आई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

दिल्ली दमकल सेवा को रात तीन बजकर पांच मिनट पर पांच मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली। आग भूतल पर लगी थी और तेजी से फैलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। होटल में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने को प्राथमिकता दी गई।

राहत और बचाव कार्यों के दौरान, कुल आठ लोगों को होटल परिसर से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, आग की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान 36 वर्षीय विनोद, 38 वर्षीय वसंत कुमार और 36 वर्षीय हितेश कुमार के रूप में हुई है। विनोद को 70 प्रतिशत तक जलने की गंभीर चोटें आई हैं, जबकि वसंत कुमार 10 प्रतिशत और हितेश कुमार पांच प्रतिशत झुलसे हैं। तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दमकल विभाग के अथक प्रयासों के बाद, तड़के चार बजकर 25 मिनट तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

# आर्थिक सर्वे के 800 पन्नों का निचोड़- घरेलू मोर्चे पर मजबूती, लेकिन बाहरी चुनौतियों का डर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार संसद में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। बजट सत्र से ठीक एक दिन पहले पेश किया गया यह दस्तावेज भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा का आधिकारिक रिपोर्ट कार्ड है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन की देखरेख में तैयार किए गए इस सर्वे का लब्बोलुआब यह है कि भारत की विकास गाथा (ग्रोथ स्टोरी) मजबूत बनी हुई है, लेकिन वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हमें सतर्क रहने की जरूरत है।



स्थिर और मजबूत सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8त्न से 7.2त्न के बीच रहेगी। हालांकि, यह चालू वित्त वर्ष (2025-26) के अनुमानित 7.4त्न से थोड़ी कम है, लेकिन वैश्विक मंदी के माहौल में यह आंकड़ा भारत की स्थिरता को दर्शाता है।

आम आदमी के लिए राहत की बात यह है कि महंगाई %नियंत्रित% है। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान घरेलू मुद्रास्फीति औसतन 1.7त्न रही है। कोर इन्फ्लेशन में कमी यह संकेत देती है कि सप्लाई-साइड की स्थिति में सुधार हुआ है।

सर्वे में बच्चों में बढ़ती डिजिटल लत पर गंभीर चिंता जताई गई है। सरकार को सुझाव दिया गया है कि सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल के लिए उम्र-आधारित सीमा लागू की जाए। चूंकि भारत मेटा और यूट्यूब जैसे दिग्गजों के लिए सबसे बड़ा बाजार है, इसलिए सर्वे ने सिफारिश की है कि इन प्लेटफॉर्म्स को एज वेरिफिकेशन और जुए व टारगेटेड विज्ञापनों पर उम्र के हिसाब से डिफॉल्ट सेटिंग्स लागू करने के लिए जिम्मेदार बनाया जाना चाहिए।

सर्वे ने एक महत्वपूर्ण विरोधाभास की ओर इशारा किया है। जहां भारत के घरेलू फंडामेंटल मजबूत हैं, वहीं बाहरी मोर्चे पर जोखिम बरकरार हैं। विशेष रूप से पूंजी प्रवाह और करेंसी पर दबाव चिंता का विषय है। विदेशी पूंजी के सूखे के कारण 2025 में रुपये का प्रदर्शन कमजोर रहा है।

सरकार ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारा है। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 प्रतिशत रहा, जो बजट अनुमानों से बेहतर है। वित्त वर्ष 2026 के लिए इसे 4.4 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्वे में राज्यों द्वारा बिना शर्त नकद हस्तांतरण और वित्तीय लोकलुभावनवाद पर चिंता जताई गई है।

# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आंख का हुआ ऑपरेशन, अस्पताल से जेल में हुए शिफ्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें पिछले कई दिनों से आंख की समस्या से परेशान थे। जिसके बाद एक छोटे सा ऑपरेशन किया गया। फिलहाल वह ठीक हैं और उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। इस बात की जानकारी पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने गुरुवार को दी।

तरार ने बताया कि खान की आंखों की प्रारंभिक जांच आदियाला जेल में की गई थी, जिसके बाद विशेषज्ञों ने सलाह दी कि उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए इस्लामाबाद के पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ले जाया जाए। शनिवार रात डॉक्टरों की सलाह पर खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अस्पताल में खान की आंखों की फिर से जांच की गई और उनकी लिखित सहमति से लगभग 20 मिनट की एक छोटी चिकित्सा प्रक्रिया की गई। इसके बाद खान को आवश्यक चिकित्सकीय निर्देशों के साथ आदियाला जेल वापस भेज दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री के हालात की जानकारी देते हुए मंत्री तरार ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान इमरान खान के स्थिर रहे और उनकी कुल स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि खान की स्थिति गंभीर नहीं है।

इस बीच, अध्यक्ष गोहर खान ने खान के स्वास्थ्य के बारे में पार्टी और परिवार को जानकारी नहीं दिए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और तुरंत उनसे मिलने की अनुमति मांगी।

# दिल्ली में को-पायलट शांभवी पाठक का हुआ अंतिम संस्कार, बेटी को नम आखों से दी विदाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में गुरुवार को एक दुखद सन्नाटा छा गया, जब युवा पायलट शांभवी पाठक के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर लाया गया। उनके घर के दरवाजे बंद थे और रिश्तेदार फुसफुसाते हुए बात कर रहे थे।

कई लोगों ने मीडिया से पाठक के नए निवास के पते के बारे में पूछा, क्योंकि परिवार हाल ही में उसी इलाके में एक नए ब्लॉक में स्थानांतरित हुआ था। शम्भावी पाठक, जिनकी आयु लगभग 25 वर्ष थी। महाराष्ट्र के बारामती के पास वीएसआर वेंचर्स के लर्नजेट 45 विमान हादसे में मारे गए पांच लोगों में से एक थीं। जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सवार थे।



एक निवासी ने कहा कि इस इलाके ने कभी इतना सन्नाटा नहीं देखा। उन्होंने बताया कि लोग बस खड़े थे, बोल नहीं रहे थे, मानो शब्द ही समाप्त हो गए हों। शांभवी की मां, जो एयर फोर्स बाल भारती स्कूल में शिक्षिका हैं, वे बेसुध बताई गईं। उनके पिता, एक सेवानिवृत्त सेना पायलट थे। जो दुर्घटना की खबर सुनकर पुणे गए थे। अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली लौट आए। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों अपनी बेटी की शादी की तैयारियां कर रहे थे।

एक करीबी पारिवारिक मित्र ने कहा कि शांभवी को उनकी असीम ऊर्जा के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वह सिर्फ एक दोस्त नहीं, बल्कि सबसे अच्छी दोस्त थीं। हम में से कोई भी उनके उत्साह और हर चीज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का मुकाबला नहीं कर सकता था।

इलाके में दशकों से काम कर रहे एक सुरक्षा गार्ड ने बताया कि उनकी आदत थी कि वह सभी का सम्मानपूर्वक अभिवादन करती थीं। शांभवी 2022 से वीएसआर वेंचर्स से प्रथम अधिकारी के रूप में जुड़ी हुई थीं।

# दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को कोर्ट ने किया बरी ये था पूरा मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर द्वारा दायर 25 साल पुराने आपराधिक मानहानि मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार (वीके) सक्सेना को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। यह फैसला ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास राघव शर्मा ने गुरुवार को सुनाया। मामला 10 नवंबर 2000 को अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित एक विज्ञापन से जुड़ा है। उस समय वीके सक्सेना नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष थे। विज्ञापन का शीर्षक था ट्रू फेस ऑफ मिस मेधा पाटकर एंड हर नर्मदा बचाओ आंदोलन। इसमें नर्मदा बचाओ आंदोलन और मेधा पाटकर की आलोचना की गई थी और गुजरात में सरदार सरोवर बांध परियोजना का समर्थन किया गया था, जिसका एनबीए विरोध कर रहा था। मेधा पाटकर ने इस विज्ञापन के जवाब में प्रेस नोट जारी किया और मानहानि का केस दायर किया।

यह मामला आपसी है। इससे पहले 2006 में वीके सक्सेना ने मेधा पाटकर के खिलाफ एक अलग मानहानि का केस दायर किया था, जिसमें एक टीवी कार्यक्रम में कथित बयान पर आधारित था। उस मामले में ट्रायल कोर्ट ने मेधा पाटकर को दोषी ठहराया था, सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि बरकरार रखी लेकिन 1 लाख रुपये के जुर्माने को हटा दिया। हालांकि बीती 24 जनवरी 2026 को साकेत कोर्ट ने उसी मामले में मेधा पाटकर को बरी कर दिया था, क्योंकि सक्सेना मूल वीडियो फुटेज या रिकॉर्डिंग डिवाइस पेश नहीं कर सके और आरोप साबित नहीं हुए।

# दक्षिण अफ्रीका में भीषण सड़क हादसा- मिनीबस टैक्सी और ट्रक की टक्कर में 11 लोगों की मौत

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को एक मिनीबस टैक्सी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सरकारी अधिकारियों और आपातकालीन सेवाओं ने हादसे की पुष्टि की है। यह दुर्घटना उस घटना के एक हफ्ते के बाद हुई है, जिसमें इसी तरह के सड़क हादसे में 14 स्कूली बच्चों की जान चली गई थी।




गुरुवार का यह हादसा पूर्वी क्वाजुलु-नटाल प्रांत में डरबन शहर के पास हुआ। प्रांतीय परिवहन विभाग के अधिकारी सिबोनिसो डूमा ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक स्कूली बच्चे सहित 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। डूमा के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया है कि ट्रक चालक ने अचानक यू-टर्न लिया, जिसके कारण मिनीबस टैक्सी से उसकी आमने-सामने की टक्कर हो गई।

प्राइवेट एंबुलेंस सेवा एएलएस पैरामेडिक्स के प्रवक्ता गैरिथ जैमिसन ने कहा कि हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। उन्होंने बताया कि मिनीबस टैक्सी का चालक मलबे में फंसा हुआ था और उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह दुर्घटना कुछ दिन पहले हुए एक और घातक हादसे के बाद हुई है, जिसमें स्कूली बच्चों को ले जा रही मिनीबस टैक्सी और एक ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में 14 बच्चों की मौत हो गई थी।

19 जनवरी को जोहान्सबर्ग के पास हुई उस दुर्घटना के बाद मिनीबस टैक्सी के चालक को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, चालक पर 14 हत्या के आरोप लगाए गए, क्योंकि वह वाहनों की कतार को ओवरटेक करते हुए तेज और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था, जिसके बाद उसकी ट्रक से टक्कर हो गई। राज्य के अभियोजकों के मुताबिक, 22 वर्षीय चालक पर पहले गैर-इरादतन हत्या जैसे अपराध का मामला दर्ज किया गया था, जिसे बाद में हत्या के आरोपों में बदल दिया गया।मिनीबस टैक्सी दक्षिण अफ्रीका में आम लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख साधन हैं।

# जलवायु परिवर्तन से दक्षिणी अफ्रीका में भीषण बाढ़

## 100 से ज्यादा लोगों की मौत, रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी अफ्रीका के कई हिस्सों में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश और भीषण बाढ़ को मानव-जनित जलवायु परिवर्तन ने खतरनाक बना दिया है। इस आपदा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़ दूसरी जगह शिफ्ट होना पड़ा है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन द्वारा दक्षिण अफ्रीका, मोज़ाम्बिक और ज़िम्बाब्वे में हुई भारी बारिश का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन के अनुसार, इन इलाकों में महज 10 दिनों के भीतर पूरे एक साल के बराबर बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके कारण घरों, सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसकी लागत लाखों डॉलर आंकी जा रही है।



मोज़ाम्बिक में कई घर और इमारतें पूरी तरह पानी में डूब गईं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिम्पोपो और म्पुमालांगा प्रांतों तथा ज़िम्बाब्वे के कुछ हिस्सों में सड़कें और पुल बह गए।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह बारिश सामान्य नहीं थी। इतनी तेज बारिश आमतौर पर 50 साल में एक बार होती है, लेकिन अब ऐसे घटनाक्रम ज्यादा हिंसक हो रहे हैं। इस स्थिति को मौजूदा ला नीना मौसम प्रणाली ने और गंभीर बना दिया, जो आमतौर पर इस क्षेत्र में ज्यादा बारिश लाती है, लेकिन इस बार यह ज्यादा गर्म वातावरण में सक्रिय थी।

रॉयल नीदरलैंड्स मौसम विज्ञान संस्थान के जलवायु शोधकर्ता और अध्ययन के सह-लेखक इज़्दीन पिंटो ने कहा कि जीवाश्म ईंधनों के लगातार इस्तेमाल से अत्यधिक बारिश की तीव्रता बढ़ रही है। हालिया बारिश की तीव्रता में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी को जलवायु परिवर्तन के बिना समझाना संभव नहीं है। उनके अनुसार, जो बारिश पहले भी गंभीर होती, वह अब एक विनाशकारी बाढ़ में बदल गई है, जिससे निपटने के लिए लोग तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिकों के लिए भी इस बार की बाढ़ की तीव्रता चौंकाने वाली रही।

मोजाम्बिक मौसम सेवा के शोधकर्ता बर्नार्डिनो न्हांतुम्बो ने बताया कि कुछ इलाकों में दो से तीन दिनों में उतनी बारिश हो गई, जितनी पूरे बरसाती मौसम में होती है। उन्होंने कहा कि मोजाम्बिक नौ अंतरराष्ट्रीय नदियों के निचले हिस्से में स्थित है, इसलिए भारी बारिश के साथ-साथ नदियों के तेज बहाव ने भी तबाही बढ़ा दी।

इस आपदा से मोजाम्बिक के मध्य और दक्षिणी हिस्से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। गाज़ा प्रांत की राजधानी ज़ाइ-ज़ाइ और पास का शहर चोक्वे लंबे समय तक पानी में डूबे रहे। अधिकारियों का कहना है कि पूर्वानुमान के बावजूद नुकसान को पूरी तरह रोक पाना संभव नहीं था। शोधकर्ताओं ने अफ्रीका में ही जलवायु मॉडल विकसित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है।

इंपीरियल कॉलेज लंदन की प्रोफेसर फ्रिडेरिके ओटो ने कहा कि दुनिया में उपलब्ध अधिकांश जलवायु मॉडल अमेरिका, यूरोप और एशिया में विकसित किए गए हैं। अफ्रीका में कोई स्वतंत्र जलवायु मॉडल न होने के कारण इस क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सटीक आकलन करना मुश्किल हो जाता है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जलवायु परिवर्तन पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में दक्षिणी अफ्रीका समेत दुनिया के कई हिस्सों में ऐसी जानलेवा बाढ़ की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

# पॉश एक्ट से संबंधित कार्यशाला का किया गया आयोजन

**सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पॉश एक्ट से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत प्रकोष्ठ (आईसीसी) के तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रो. अभिषेक तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न की रोक थाम के लिए अधिनियम में अनेक व्यवस्थाएं की गई हैं। अधिनियम ये प्रावधानित करता है कि कार्यस्थल पर महिलायें बिना किसी भय या उत्पीड़न के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे नियम बनाये गये हैं जिससे महिलायें निर्विघ्न कार्य कर सकें। प्राचार्य प्रोफ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि महिला महाविद्यालय द्वारा स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में ये प्रभावी कदम है। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजक आईसीसी प्रभारी प्रोफेसर शालिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर पॉश कमेटी के सदस्य प्रो. शिवानी श्रीवास्तव, प्रो. विनीता लाल, प्रो. कंचन लता, डा. रश्मि अग्रवाल, डा. ज्योति, डा. भास्कर शर्मा सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्रायें मौजूद रही।

महाविद्यालय में आज ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंडल स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सूच्य है कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिला स्तर पर भाषण, नुक्कड़ नाटक तथा रील मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई थीं। जिसमें विजेताओं के लिए पुरस्कारों की घोषणा प्रो. राजीव यादव प्रो. पूनम वर्मा तथा प्रो. शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा की गई। स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इन्हें नकद पुरस्कार भी शासन द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस पर कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

**प्रयागराज।** प्रयागराज कराटे क्लब के द्वारा रणजीत पंडित इंटर कॉलेज नैनी के सामने गेस्ट हाउस में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर क्लब में कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का सम्मान मेडल देकर किया गया। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी कई वर्गों में विभाजित थे जो अपनी योग्यता अनुसार प्रशिक्षण में होने वाली परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इस परीक्षा में विद्यार्थी बहुत ही कठिन प्रशिक्षण के मापदंडों पर खरा उतरने पर उत्तीर्ण करते हैं। संस्था प्रयागराज कराटे क्लब जापान की सुप्रसिद्ध पारंपरिक कराटे प्रशिक्षण देने वाली संस्था के द्वारा मान्यता प्राप्त है। इसकी परीक्षा ऑन लाइन लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होती है। यह जानकारी क्लब के निदेशक मिथुन निषाद के द्वारा दी गई। इस अवसर पर प्रयागराज कराटे क्लब के निदेशक मिथुन निषाद, फिल्म अभिनेता एवं रंगकर्मी रमेश कश्यप, वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रयागराज कराटे क्लब के अध्यक्ष सैयद गुलाम अली एवं शशिकांत मिश्रा, अतुल श्रीवास्तव आदिके नेतृत्व में उपाध्यक्ष एवं संरक्षक रमेश कुशवाहा ब्राउन बेल्ट आकाश गौड़ ब्राउन बेल्ट, नचिकेत आख्यांश ने यलो बेल्ट प्राप्त किया।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का कलेक्ट्रेट पर जबरदस्त प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**मानदेय नहीं वेतन चाहिए, पोषण ट्रैकर पर ऑनलाइन काम के लिए स्मार्टफोन और डेटा भत्ते की मांग**

**प्रयागराज।** आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के बैनर तले आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

आंगनवाड़ी संयुक्त मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सीता सोनी के नेतृत्व में सौंपे गए इस मांग पत्र में 10 सूत्रीय एजेंडा रखा गया है। जिसमें काम करने वाले लोगों को पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी घोषित कर वेतनमान, भविष्य निधि, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाएं दी जाएं। सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष की जाए और कोरोना काल के बाद से रिटायर हुए सभी कर्मियों को पेंशन व ग्रेच्युटी का लाभ मिले। पोषण ट्रैकर पर ऑनलाइन काम के लिए लोगों ने 20000 रुपए के 5जी स्मार्टफोन और 2500 रुपए प्रति माह डेटा रिचार्ज भत्ते की मांग की है। योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर सहायिका से कार्यकर्ता और कार्यकर्ता से मुख्य सेविका के पद पर समयबद्ध पदोन्नति सुनिश्चित की जाए। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बीएलओ जैसे गैर-विभागीय कार्यों में जबरन न झोंका जाए और न ही राजनीतिक रैलियों में भीड़ बढ़ाने के लिए उनका इस्तेमाल हो। प्रदेश उपाध्यक्ष सीता सोनी ने कहा कि यदि मोबाइल और डेटा भत्ते की मांग पूरी नहीं होती है तो अप्रैल 2026 से पोषण ट्रैकर पर समस्त ऑनलाइन कार्य पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे। इसके अलावा 1500 रूपए की प्रोत्साहन राशि में व्याप्त भ्रष्टाचार को देखते हुए उसे सीधे नियमित मानदेय में जोड़ा जाए।

प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव और ब्लॉक अध्यक्ष शशि कला ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दशकों से विभाग की आधारशिला बनी हुई हैं लेकिन आज भी वे बुनियादी सामाजिक सुरक्षा से वंचित हैं। कार्यकत्रियों का कहना है कि प्रशासन को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।



**मैनपुरी।** भोगांव बायपास रोड पर स्थित मुनीम जी कोल्ड स्टोर में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया इस गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रशांत मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और स्टाफ के सभी सदस्यों ने मिलकर वंदे मातरम और जन गणमन राष्ट्रगान गया। इस मोके पर अनिल दीक्षित, सुशील दुब अंकित मिश्रा पन्नू दीक्षित आदि लोगों ने सहभागिता की,तथा प्रसाद वितरण किया।

# यू.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे मना 77वाँ गणतंत्र दिवस



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** यू.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल शंकर मिल कॉलोनी, स्टेशन रोड, मैनपुरी में 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ध्वजारोहण से हुई, जिसे विद्यालय के प्रबंधक विक्रम राठौर एवं प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति राठौर द्वारा सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने राष्ट्रगान गाकर देश को नमन किया। विद्यालय के मैनेजर द्वारा दिए गए प्रेरणादायक भाषण में बच्चों को बताया गया कि कैसे वे ईमानदारी, अनुशासन, शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से देश की प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत हमारा संविधान हमारी पहचान विषय पर आधारित नाटक और देशभक्ति समूह नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मिठाइयाँ वितरित की गई और सभी ने वंदे मातरम् के साथ समारोह का समापन किया।

# सत्ता के विरूद्ध सच बोलने का प्रतीक था हिक्की गजट : डॉ. सुनील

अवधनामा संवाददाता



**भारत के प्रथम समाचार पत्र हिक्की बंगाल गजट पर संगोष्ठी**

**जौनपुर।** आज ही के दिन 1780 में भारत का प्रथम समाचार पत्र हिक्की बंगाल गजट का प्रकाशन शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जेम्स ऑगस्टस हिक्की द्वारा शुरू किया गया यह पत्र एशिया का पहला मुद्रित समाचार पत्र था हिक्की बंगाल गजट ने न केवल खबरें दीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का माध्यम भी बना। बाजार भाव, शादियां और राजनीतिक विश्लेषण से भरपूर यह पत्र सत्ता के विरुद्ध सत्य बोलने का प्रतीक था। यह बात दीगर है कि दो साल में अखबार बंद हो गया। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे वर्तमान पत्रकारिता के दौर में हिक्की के साहस से प्रेरणा लें। डॉ जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर दिग्विजय सिंह राठौर ने संगोष्ठी कहा कि हिक्की गजट ने ईस्ट इंडिया कंपनी के भ्रष्टाचार के विरुद्ध साहसी पत्रकारिता की मिसाल कायम की। हिक्की का नारा सभी के लिए खुला, लेकिन किसी से प्रभावित नहीं आज भी प्रेस स्वतंत्रता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि दो पेज के अखबार की ताकत इतनी थी कि ब्रिटिश हुकूमत उससे भयभीत हो गई। जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चंदन सिंह ने कहा कि हिक्की ने गवर्नर वारेन हेस्टिंग्स के कुशासन पर कटाक्ष भरे लेख लिखे, जिसके कारण उन्हें जेल और आर्थिक संकट झेलना पड़ा। फिर भी, मात्र दो वर्ष चले इस पत्र ने भारतीय पत्रकारिता की नींव रखी। उन्होंने आधुनिक डिजिटल युग में फेक न्यूज के संदर्भ में हिक्की की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विभाग के टेक्निकल विशेषज्ञ आनंद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन छात्र सुमित सिंह ने कुशलतापूर्वक किया, जिन्होंने सभी वक्ताओं के विचारों को प्रभावी ढंग से श्रोताओं तक पहुंचाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन छात्र दिव्याशु सिंह ने किया, जिन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं, छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद दिया। संगोष्ठी में विभाग के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

## बिशप जॉनसन 2001 बैच पुरा छात्र रजत जयंती समारोह 31 जनवरी को

**प्रयागराज।** वर्ष 2001 में बिशप जॉनसन स्कूल एवं कॉलेज सिविल लाइन प्रयागराज में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण किये हुए छात्रों का रजत जयंती पुराछात्र पुनर्मिलन (रीयूनियन) आगामी 31 जनवरी को स्कूल के ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। आयोजन के कोर कमेटी की अंतिम बैठक सिविल लाइन में संपन्न हुई जिसमे छात्र एवं छात्राओं को दिए जाने वाले टी शर्ट का भी अनावरण किया। कोर समिति के सदस्य अध्यक्ष सौरभ जैन, मुख्य एडवाइजर इंद्रनील घोष, कोषाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव, सौरभ हिमानी, स्मिता जैसवाल, अभिनव शुक्ला, डॉ0 सर्वेश गुप्ता, अंकुर श्री राम, शिल्पी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशप जॉनसन स्कूल के वर्तमान के प्रधानाचार्य डॉ 0 वी एन सिंह, होंगे जबकि 2001से अभी तक पढ़ा रहे अध्यापिका एवं अध्यापकगण वी पी दत्त, नीलम इनसुबियस, अब्बास, अशोक विल्सन, रबीन्द्र लारतीयस, सुभाष मिश्रा, संजीव श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे।

## किसी का जीवन बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है: अतुल तिवारी



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के जफराबाद विधानसभा निवासी आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला मीडिया प्रभारी एवं अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल उ.प्र. के प्रदेश संगठन मंत्री अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। गुरुवार की रात, जैसे ही अतुल तिवारी को सूचना मिली कि एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को रक्त की सख्त जरूरत है, रात करीब 10 बजे वे तत्काल जिला अस्पताल सदर पहुँचे और जरूरतमंद के लिए स्वतः रक्तदान किया। समाजसेवी ने ना केवल रक्तदान किया, यह आश्वासन दिया कि अगर और भी ब्लड की जरूरत पड़ेगी तो उपलब्ध कराया जाएगा। अतुल तिवारी ने कहा कि, दीन-दुखियों की सेवा का संस्कार मुझे मेरे परिवार से मिला है। किसी का जीवन बचाना ही सबसे बड़ा धर्म है।रक्तदान के लाभ पर दिया संदेश समाजसेवी अतुल तिवारी ने युवाओं से रक्तदान की अपील करते हुए बताया कि इससे शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, हृदय रोगों का खतरा कम होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आपका एक यूनिट रक्त किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है।

## एसआईआर को लेकर सिरकोनी ब्लॉक का प्रेक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर (जफराबाद) (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय विकास खण्ड मुख्यालय पर गुरुवार को संयुक्त सचिव युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार /विशेष प्रेक्षक कुणाल ने एसआईआर के चल रहे कार्यो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर को लेकर अहम जानकारियां लिया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी नीरज जायसवाल से ब्लॉक में 2003 का डाक्यूमेंट नही देने तथा नही देने वाले लोगो की जानकारी लिया। खण्ड विकास अधिकारी श्री जायसवाल ने उन सभी मतदाताओं की जानकारी दिया। उसके बाद प्रेक्षक ने ब्लॉक में नोटिस जारी होने के बाद ब्लॉक पर अपने 2003 के दस्तावेजों के साथ आये लोगों से भी पूछताछ किया।उन्हें बताया कि जिन लोगों की मैपिंग नही हुई है। उन्हें नोटिस मिला है।वह लोग 2003 के वैद्य दस्तावेज के साथ आकर अपने मतदाता सूची को सही करवा लें।उन्होनें डीएम से भी जिले में एसआईआर को लेकर चल रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी लिया।ब्लॉक के बीडीओ सहित पांचों ईआरओ एहतेशामूल हक,सुनील कुमार गुप्ता,ऋत्विक श्रीवास्तव, अंशुल त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश दिया।

## वृहद विधिक सहायता व सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी को

**आजमगढ़।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय आजमगढ़ नितिका राजन ने बताया है कि मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के व मा0 कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुमोदनोंपरान्त आम जनता के विधिक सशक्तीकरण हेतु जनपद स्तर पर दिनांक 22 फरवरी 2026 को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# राजनैतिक दलों के साथ समन्वय कर एसआईआर के कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करें: कुणाल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** संयुक्त सचिव, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार/विशेष रोल प्रेक्षक कुणाल (आई.ए.एस.) की अध्यक्षता में गहन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के सम्बन्ध में ईआरओ एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। विशेष रोल प्रेक्षक के आगमन पर जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र तथा राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण द्वारा पुष्पगुच्छ तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। बैठक में अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) से संबंधित कार्यों को लेकर समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा हुई तथा सुझाव लिये गये। इस दौरान विशेष रोल प्रेक्षक को जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में एसआईआर के दौरान निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार घर-घर गणना पत्रों का वितरण किया गया, डिजिटाइजेशन किया गया तथा मृतक, अनुपस्थित, शिफ्टेड के डाटा को अनमैप्ड की श्रेणी में रखा गया। 06 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया।



एसआईआर के दौरान सभी राजनैतिक दलों के साथ लगातार बैठक कर अद्यतन जानकारी दी गई। द्वितीय फेज 06 जनवरी 2026 के बाद अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस निर्गत की जा रही है। इस दौरान प्रेक्षक द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण से फीडबैक भी लिया गया, जिसके क्रम में सभी के द्वारा बताया गया कि एसआईआर के कार्यो के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। विशेष रोल प्रेक्षक ने सभी ईआरओ को निर्देश दिया कि राजनैतिक दलों के साथ समन्वय कर एसआईआर के कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करें। विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण से एसआईआर के संबंध में सुझाव लेते हुए आश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा दिए गए सुझाव पर विचार हेतु उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी ईआरओ से विधानसभावार मैपिंग की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा जनसुनवाई केंद्र बनाकर अनमैप्ड मतदाताओं के साक्ष्य मिलान हेतु सुनवाई किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने निर्देश दिया कि सभी ईआरओ, एईआरओ के साथ बैठक भी अवश्य कर ले। विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत प्रजापति, जिलाध्यक्ष सपा राकेश मौर्य, जिला अध्यक्ष अपना दल लालबहादुर पटेल, भाजपा से यादवेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कांग्रेस राकेश सिंह, सीपीआईएम से के.एस. रघुवंशी, भाजपा से सुदर्शन सिंह, आम आदमी पार्टी से सुभाष चंद्र गौतम सहित अन्य सम्मानित प्रतिनिधिगण हीरालाल विश्वकर्मा, गुलाबचंद यादव, आरिफ हबीब, श्याम बहादुर यादव, विजय कुमार पटेल, पियूष गुप्ता, संजीव भारती, स्कंद कुमार पटेल, जयप्रकाश पटेल, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नन्दन सिंह, सभी संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हमारे शरीर की एक-एक कोशिकायें इस देश की: मण्डलायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक ने 77वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सोमवार को अपने कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सामूहिक राष्ट्रगान एवं प्रतिज्ञा शपथ पत्र दोहराने के उपरान्त पुलिस परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में उनके कार्यालय के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस राष्ट्रीय महापर्व, गौरव व सम्मान का पर्व है जो हमें न्याय, समता, स्वतन्त्रता, बन्धुत्व तथा देश व समाज को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक स्वतन्त्र एवं विकसित राष्ट्र की स्थापना के लिए देश के अनगिनत जॉबाजों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया। उन अमर शहीदों के सपनों के अनुरूप देश की आजादी को बनाये रखना और एक विकसित राष्ट्र की स्थापना करना हमारी जिम्मेदारी है। यदि हम राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते रहें तो देश की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए शीघ्र ही भारत को एक विकसित राष्ट्र रूप में स्थापित किया जा सकता है। मण्डलायुक्त विवेक ने कहा कि हम इसी देश की मिट्टी में पैदा हुए हैं और इसी मिट्टी में पले बढ़े हैं, हमारे शरीर की एक-एक कोशिकायें इस देश की, इस मिट्टी की ऋणी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे समक्ष जो भी परेशानियॉ और कठिनाइयॉ हैं वह परिस्थितिजन्य नहीं हैं, बल्कि जब हम परिस्थितियों से प्रतिरोध करते हैं तब परेशानी या दुख का हमें एहसास होता है। मण्डलायुक्त ने कहा कि जहॉ स्वीकारभाव है वहॉ शांति है। उन्होने कहा कि अपने समक्ष आसन्न समस्याओं और शिकायतों के कारण देश के प्रति गलत धारणा बना लेना किसी भी दशा में उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक वरासत में मिली एकता, अखण्ड, भाईचारे के साथ एकजुट होकर किये गये संघर्षो और बलिदानों के बाद हमें स्वतन्त्रता और गणतन्त्र की प्राप्ति हुई। उन्होंने लोगों से इस सांस्कृतिक परम्परा को बनाये रखते हुए देश और समाज के लिए सकारात्मक और रचनात्मक कार्यों में एकजुट सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम को अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन, अपर आयुक्त-न्यायिक डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, अपर निदेशक अभियोजन बीपी पाण्डेय, शासकीय अधिवक्ता ओपी पाण्डेय, सहायक शासकी अधिवक्ता अजीत सिंह ने भी सम्बोधित किया तथा स्थानीय जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा देशप्रेम पर आधारित सामूहिक गीत की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन अभय तिवारी ने किया। इस अवसर पर एडी बेसिक मनोज कुमार मिश्र, प्रशासनिक अधिकारी राम अवध व राजेश यादव सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## अच्छे संस्कार से ही हम राष्ट्र को अनुशासित व मजबूत बना सकते हैं: कुन्दन



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** सरस्वती शिशु मंदिर कोलपांडेय में गणतंत्र दिवस भव्य समारोह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि एवं समाजसेवी पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तदुपरांत राष्ट्रगान एवं भारत माता व सरस्वती पूजन के बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ,जो सराहनीय रहे। अपने संबोधन में समाजसेवी पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने छात्रों के संस्कार पर जोर दिया और छात्रों को भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कारवान बनाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार से ही हम राष्ट्र को अनुशासित व मजबूत बना सकते हैं। विद्यालय के सहव्यवस्थापक रामधारी ने गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता संग्राम पर प्रकाश डाला। प्रधानाध्यापिका शीला सिंह ने आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों में गिरीश सेठ, महंत संजय दास, रणजीत सिंह, काजल, श्वेता, मंजू, आकांक्षा, पूजा गुप्ता, राम अवतार ,राहुल आदि शामिल रहे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रफीक अहमद था जिसको बदलकर रफी अहमद रख लिया है। अब मुझे रफी अहमद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

रफी अहमद पुत्र मकबूल अहमद ग्राम-बढ़या माफ़ी पोस्ट-सेमारियावान थाना - दुधारा जनपद- संत कबीर नगर

**कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद - सिद्धार्थनगर**

पत्रांक : 497(i)/न0पं0कपि0सि0नगर/2025-26 दिनांक : 27-01-2026

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-334/2025/नौ-5-2025/001-Com.No.-1982756 नगर विकास अनुभाग - 5 दिनांक 31 अक्टूबर, 2025, सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत एवं शासनादेश संख्या-240/2025/आर0एफ0-2081/नौ-9-2025/005-ई- 1981295 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 27 नवम्बर 2025 पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति धनराशि से नगर पंचायत कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर में निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य से संबंधित निविदा दिनांक 27.01.2026 से दिनांक 11.02.2026 तक आनलाईन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा व अन्य के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्यदिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं। उक्त निविदा दिनांक 11.02.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद खोली जायेगी, जिसे संबंधित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता हैं। जिसका विवरण निम्नवत है-

| | | |
|---|---|---|
| A | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 27.01.2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| B | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि/समय | 27.01.2026 अपरान्ह 01:00 बजे से |
| C | वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा/बिड अपलोड की तिथि/समय | 27.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| D | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा/ बिड अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11.02.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| E | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि/समय | 11.02.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे के बाद |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद - सिद्धार्थनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत कपिलवस्तु
जनपद - सिद्धार्थनगर

# सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी A07 5G: फोटोग्राफी और दमदार बैटरी का पावरहाउस




**गुरुग्राम।** भारत का अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग, फरवरी के पहले सप्ताह में अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी A07 5G लॉन्च करने जा रहा है। ए-सीरीज का यह नया फोन खास तौर पर भारत की डिजिटल पीढ़ी के लिए बनाया गया है। यह उन यूजर्स के लिए बेस्ट है जो किफायती दाम में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग और पूरे दिन चलने वाली बैटरी चाहते हैं।

गैलेक्सी A07 5G में आइकॉनिक ट्रैक कैमरा डेको के साथ हाई-रिजॉल्यूशन ड्यूल कैमरा सेटअप है। इसमें शानदार तस्वीरों के लिए 50MP का ऑटोफोकस मुख्य कैमरा और बेहतरीन डेप्थ के लिए 2MP का कैमरा दिया गया है।

मुख्य कैमरे का F1.8 अपर्चर, डेप्थ कैमरे के साथ मिलकर बेहतरीन बोके इफेक्ट देता है। इससे बैकग्राउंड खूबसूरती से ब्लर हो जाता है और सब्जेक्ट साफ नजर आता है। इसका वाइड-एंगल सेटअप सनसेट और स्ट्रीट फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है। साथ ही, 8MP का फ्रंट कैमरा कम शोर के साथ साफ सेल्फी और वीडियो सुनिश्चित करता है।

यूजर्स को फोटो देखने और कंटेंट शेयर करने का बेहतरीन अनुभव देने के लिए इसमें 6.7-इंच की HD+ डिस्प्ले दी गई है। इसका 120H5 रिफ्रेश रेट वीडियो देखने और वेब ब्राउजिंग को बहुत स्मूद बनाता है। हाई ब्राइटनेस मोड के कारण 800 निट्स तक की रोशनी मिलती है, जिससे कड़ी धूप में भी स्क्रीन साफ दिखती है। मजबूती के लिए इसमें 2-स्टेप टेम्पर्ड ग्लास प्रोटेक्शन दिया गया है। गैलेक्सी A07 5G में 6000mAh की दमदार बैटरी है, जो पिछले मॉडल से 20% बड़ी है। यह 25W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। चाहे यूट्यूब स्ट्रीमिंग हो या सोशल मीडिया, यह बैटरी पूरे दिन साथ देती है। इसका बेहतर पावर मैनेजमेंट काम और मनोरंजन के दौरान बिना रुके परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है।

गैलेक्सी A07 5G की लॉन्च तारीख, कीमत और खास ऑफर्स की जानकारी जल्द ही दी जाएगी।

## इंडियन बैंक एवं उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन विभाग के मध्य वेतन खाता हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर



**लखनऊ।** उ.प्र. सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इंडियन बैंक द्वारा वेतन खातों में दिए जाने वाले विशेष लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इंडियन बैंक तथा सचिवालय प्रशासन विभाग के मध्य वेतन खाता खोले जाने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत इंडियन बैंक द्वारा उ.प्र. सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वेतन खाता खोलने पर बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के व्यापक बीमा एवस्ं वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। बैंक द्वारा वेतन खातों के पाँच भिन्न वेरिएंट्स उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके अंतर्गत खाताधारकों को निःशुल्क बीमा कवर, जीवनसाथी का निःशुल्क बीमा, पुत्री के विवाह एवं बच्चे की उच्च शिक्षा से संबंधित विशेष बीमा/वित्तीय सुरक्षा लाभ प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, खाताधारकों को व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण एवं गृह ऋण पर रियायती ब्याज दरें, पात्रता अनुसार ओवरड्राफ्ट सुविधा, निःशुल्क एटीएम/डेबिट कार्ड, इंटरनेट एवं मोबाइल बैंकिंग और डिजिटल भुगतान सेवाओं का लाभ भी मिलेगा। उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष चौहान एवं इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक शिव बजरंग सिंह के मध्य सचिवालय के नवीन भवन स्थित तिलक हॉल में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सभा में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष वेतन खाता खोलने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि यह कदम आधुनिक, सुरक्षित एवं लाभकारी बैंकिंग सुविधाएँ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में मुख्य वक्ता होंगे

**नई दिल्ली।** भारत के अभूतपूर्व आर्थिक पुनरुत्थान और बौद्धिक प्रभुत्व के वास्तुकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में मुख्य भाषण देंगे। यह समिट 13 और 14 फरवरी को नई दिल्ली के होटल ताज पैलेस में होने वाली है। पीएम मोदी के नेतृत्व के ग्यारह वर्षों में, भारत छह पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसने पिछले साल जापान को पीछे छोड़ दिया। यह काफी कम समय में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस पृष्ठभूमि में, ग्लोबल बिजनेस समिट 2026 में पीएम का भाषण वैश्विक आर्थिक इतिहास में एक सही समय पर आया है और यह दुनिया की इनोवेशन राजधानी बनने में भारत की बढ़ी हुई भूमिका के लिए एक रास्ता तैयार करेगा, क्योंकि हमारी स्वदेशी विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षमता मजबूत हो रही है। ग्लोबल बिजनेस समिट ने पहले ही खुद को दक्षिण एशिया के निश्चित विचार नेतृत्व संवाद के रूप में स्थापित कर लिया है। और इस साल की थीम %एक दशक का व्यवधान, एक सदी का बदलाव% पिछले दशक के अभूतपूर्व व्यवधान से निपटने के तरीकों के बारे में समृद्ध चर्चा उत्पन्न करने की उम्मीद है, जो भू-राजनीति, जलवायु, पूंजी और प्रौद्योगिकी में बड़े बदलावों से चिह्नित था। वैश्विक नेताओं, प्रमुख नीति निर्माताओं और शीर्ष सीईओ की उपस्थिति में, यह समिट प्रतिभागियों को भारत को ज्ञान-आधारित, इनोवेशन अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कई, कार्रवाई योग्य रास्ते तलाशने की अनुमति देगा।

पीएम मोदी के तहत, भारत ने समावेशी और सतत विकास की राह अपनाई है, जिसमें मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा दिया है और इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने हमारे तकनीकी परिदृश्य में क्रांति ला दी है, जिससे एक मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है जो दुनिया की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। बुनियादी ढांचे का विकास एक और महत्वपूर्ण चालक रहा है। मोदी सरकार का हाई-स्पीड रेल, आधुनिक हवाई अड्डों और स्मार्ट शहरों में निवेश दीर्घकालिक समृद्धि के लिए एक नींव बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारत की आर्थिक सफलता के केंद्र में इसका जनसांख्यिकीय लाभ है एक युवा, गतिशील कार्यबल। और स्टार्टअप इकोसिस्टम, जो दुनिया के सबसे बड़े इकोसिस्टम में से एक है, ने फिनटेक, ई-कॉमर्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में यूनिकॉर्न बनाए हैं, जो सिलिकॉन वैली जैसे इनोवेशन सेंटर्स को टक्कर दे रहे हैं। मोदी सरकार की शिक्षा और स्किलिंग पहलों ने इस गति को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।

## 2025 में सोने में निवेश तेज़ी से बढ़ा

### अनिश्चितता के कारण सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल सोने की कुल मांग लगभग 5,002 टन रही, जो अब तक की सबसे ज्यादा है। चौथी तिमाही में तो रिकॉर्ड तोड़ मांग देखने को मिली, जिससे साल बहुत शानदार रहा। दुनिया में लगातार राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के कारण लोगों ने सोने में जमकर निवेश किया, जिसकी कुल सालाना कीमत करीब 555 अरब अमेरिकी डॉलर रही। वैश्विक स्तर पर सोने में निवेश की मांग कुल 2,175 टन तक पहुंच गई, जो सोने के इस रिकॉर्ड तोड़ साल की सबसे बड़ी वजह रही। दुनिया भर में सुरक्षित निवेश की तलाश में निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ में खूब पैसा लगाया और पूरे साल में 801 टन सोना जोड़ा। इसके अलावा, लोगों ने सोने की ईंट और सिक्के भी ज्यादा खरीदे। बार और सिक्कों की कुल मांग 1,374 टन रही, जिसकी कीमत करीब 154 अरब अमेरिकी डॉलर थी। इसमें चीन (28% की बढ़त) और भारत (17% की बढ़त) सबसे बड़े बाजार रहे। ये दोनों मिलकर इस श्रेणी की कुल मांग का 50% से ज्यादा हिस्सा बने।

## क्लासिक लीजेंड्स राइडिंग कलेक्टिव के तहत जावा, येज़्दी और बीएसए राइडर्स को एक साथ लाया

**लखनऊ।** जावा, येज़्दी और बीएसए के राइडर्स पूरे भारत में राइड के लिए गणतंत्र दिवस पर निकले। मोटरसाइक्लिंग भी गणतंत्र की तरह विविधता से जन्मी एकता पर फलती-फूलती है–इसी साझा विश्वास के साथ ये राइडर्स एक साथ आए। आधुनिक परफॉर्मेंस क्लासिक्स बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने इस अवसर पर राइडर्स के साथ यह दिन मनाया और अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर 'नोमाड्स– राइड ऐज़ वन, राइड द लेगेसी' नाम से कम्युनिटी पेज को लाइव किया। यह नया पेज राइडर्स को उनकी स्थानीय राइडिंग कम्युनिटी (जावा-येज़्दी-बीएसए राइडर क्लब्स) से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है, जिससे अब खोज और जुड़ाव केवल एक क्लिक में संभव हो गया है। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा मोटरसाइक्लिंग की जड़ में अपने तरीके की आज़ादी खोजने की चाह होती है। हमारी परफॉर्मेंस क्लासिक्स इसी खोज के लिए डिजाइन की गई हैं। लेकिन पीढ़ियों से मोटरसाइक्लिंग को परिभाषित करने वाली एक और गहरी भावना भी है, खासकर इस दौर में जब डिजिटल ओवरलोड के कारण लोग अकेलापन महसूस कर रहे हैं–और वह है कहीं अपनेपन का एहसास। कुछ दिन खुद के लिए राइड करने के होते हैं, और गणतंत्र दिवस एक साथ राइड करने का दिन होता है।

## यूपी के बेटो द्वारा स्थापित एआई-नेटिव फिल्म स्टूडियो टेकटू ने अमेरिका और कनाडा के निवेशकों से प्री-सीड फंडिंग जुटाई

**लखनऊ।** भारत के डीप-टेक स्टार्टअप इकोसिस्टम को एक नया अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। उत्तर प्रदेश के उद्यमी रुद्रेश उपाध्याय द्वारा स्थापित एआई-नेटिव फिल्म स्टूडियो टेकटू ने प्री-सीड फंडिंग हासिल की है।यह निवेश 100 करोड़ के वैल्यूएशन पर हुआ है, जिसे भारत के एआई आधारित मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में शुरुआती और अहम सौदों में माना जा रहा है। रुद्रेश उपाध्याय (सीईओ) और राघव कट्टा (सीटीओ) द्वारा स्थापित टेकटू केवल एक सॉफ्टवेयर कंपनी नहीं, बल्कि एक फुल-स्टैक एआई फिल्म स्टूडियो है। स्टूडियो फिल्म निर्देशकों और प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर जटिल विजुअल इफेक्ट्स, स्टाइलाइज्ड सीन और बड़े सिनेमैटिक सेटअप तैयार करता है, जिससे पारंपरिक वीएफएक्स की तुलना में कम लागत पर उच्च-गुणवत्ता वाले दृश्य बनते हैं।रुद्रेश उपाध्याय, सीईओ, ने कहा, हम शुरू से ही फिल्म निर्माण से जुड़ी वास्तविक समस्याओं का समाधान करने पर काम कर रहे हैं। यह फंडिंग इस बात की पुष्टि है कि एआई अब सिनेमा के भविष्य का आधार बनने जा रहा है। यूपी से निकलकर वैश्विक मंच तक पहुंचना दिखाता है कि प्रतिभा किसी एक शहर या क्षेत्र तक सीमित नहीं होती। फंडिंग का उपयोग तकनीकी ढांचे को मजबूत करने, कस्टम एआई सिस्टम विकसित करने और क्रिएटिव टेक्नोलॉजिस्ट्स की टीम का विस्तार करने में किया जाएगा।

## इंडिया एनर्जी वीक 2026 में उद्योगपतियों ने गैस को संतुलित ऊर्जा परिवर्तन के लिए आवश्यक बताया

इंडिया एनर्जी वीक 2026 में उद्योग के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन अलग थलग प्रौद्योगिकियों के बजाय सभी क्षेत्रों और नीति भागीदारों के बीच समन्वित कार्रवाई से परिभाषित होगा। जैसा कि ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, आधारभूत ढांचे का विकास करने वालों, आपूर्तिकर्ताओं और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के बीच गठबंधन को एक लचीली ऊर्जा प्रणाली के लिए आवश्यकता के तौर पर देखा जाता है।

इस परिचर्चा से यह बात रेखांकित हुई कि भारत के ऊर्जा परिदृश्य में विश्वसनीयता और किफायतीपन उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उत्सर्जन में कमी लाना। प्राकृतिक गैस और एलएनजी को व्यवहारिक परिवर्तन वाले ईंधन के तौर पर स्थापित किया जा रहा है जो अक्षय ऊर्जा की पूरक बनते हुए औद्योगिक वृद्धि और स्वच्छ परिवहन में सहायक है।

एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी के वैश्विक निदेशक (एलएनजी प्राइस रिपोर्टिंग) केनेथ फू के मुताबिक, वैश्विक एलएनजी आपूर्ति की वृद्धि बढ़ने के साथ भारत तेजी से एक बेंचमार्क संचालित त्वरित खरीदार बन रहा है और डब्ल्यूआईएम बनाम हेनरी हब बनाम ब्रेंट लिंक्ड प्राइसिंग के बीच डिसलोकेशंस के दौरान स्पॉट या अल्पकालीन बाजारों में कदम रख रहा है। भारत ने 2025 में महज 26 एमटीपीए एलएनजी का आयात किया। एक अतिरिक्त 3.5-4 एमटीपीए दीर्घकालीन अनुबंधित मात्रा की डिलीवरी 2026 से शुरू होने को तैयार है।

विशेषज्ञों ने पाया कि नेशनल गैस ग्रिड और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्कों का विस्तार परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में महत्वपूर्ण घटक हैं।

# नेटफ्लिक्स की 'कोहरा' सीजन 2 का रोमांचक थ्रिलिंग ट्रेलर रिलीज़

**मुंबई।** कोहरा एक बार फिर छा गया है इस बार दलेरपुरा नाम के कस्बे पर, जहाँ सवालों के सीधे जवाब नहीं मिलते और हर तरफ फुसफुसाहटें हैं। नेटफ्लिक्स की चर्चित जाँच-आधारित क्राइम ड्रामा सीरीज़ 'कोहरा' अपने दूसरे सीजन में एक रहस्यमय और रोमांचक ट्रेलर के साथ लौट रही है। कहानी एक महिला (पूजा भमर्रा) के मर्डर से शुरू होती है, जो अपने भाई (अनुराग अरोड़ा) के खलिहान में मृत पाई जाती है। इस मामले में कई लोग शक के घेरे में आते हैं, जिनमें उसका पति (रणविजय सिंघा) भी शामिल है। वहीं, दो पुलिस अधिकारी सच्चाई तक पहुँचने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। नेटफ्लिक्स की पुलिस जांच पर आधारित क्राइम ड्रामा सीरीज़ एक बार फिर लौट रही है। इसमें सबकी पसंदीदा किरदार असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर अमरपाल गरुंडी (बरुण सोबती) नजर आते हैं, जो इस बार अपने पुराने इलाके जगराना से दूर, एक नए अफसर के साथ नई शुरुआत करते हैं। उनकी नई कमांडिंग ऑफिसर सब-इंस्पेक्टर धनवंत कौर (मोना सिंह) हैं, जो शांत स्वभाव की, अनुशासित और ज़रूरत पड़ने पर सख्त हैं। यह अंदाज़ गरुंडी के सहज और अपने अंदाज़ में काम करने वाले स्वभाव से बिल्कुल अलग है। दोनों मिलकर अपनी ताकत और समझदारी से इस उलझे हुए केस की परतें खोलते हैं, और इसी दौरान उनकी अपनी कमजोरियाँ भी सामने आ जाती हैं। अमरपाल गरुंडी की भूमिका फिर से निभा रहे बरुण सोबती ने बताया, इस सीजन में गरुंडी एक नई शुरुआत की उम्मीद के साथ आगे बढ़ता है, लेकिन 'कोहरा' जैसी दुनिया में अतीत कभी पूरी तरह पीछा नहीं छोड़ता। इस बार कहानी और भी गहरी और उलझी हुई है, जिसका असर गरुंडी की ज़िंदगी पर भी दिखता है। वह पहले से ज़्यादा सोचने वाला, सतर्क और अपने फैसलों को लेकर उलझा हुआ नज़र आता है। सीजन 2 ने एक अभिनेता के तौर पर मुझे नई चुनौतियाँ दी हैं। मैं दर्शकों को फिर से इस दुनिया में लौटते देखने के लिए उत्साहित हूँ, ताकि वे जान सकें कि कहानी कैसे आगे बढ़ती है। धनवंत कौर के किरदार में कलाकारों में शामिल हो रहीं मोना सिंह ने बताया, 'कोहरा' की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए रोमांचक था और चुनौतीपूर्ण भी, क्योंकि इसकी कहानी बहुत सोच-समझकर लिखी गई है।

## पेंशन पाने वालों की आमदनी पर टैक्स का असर ज़्यादा पड़ता है: वेंकी अय्यर

लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल की इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी के को-चेयरपर्सन वेंकी अय्यर ने कहा, पेंशन पाने वालों की आमदनी पर टैक्स का असर ज़्यादा पड़ता है। हमारा मानना है कि पेंशन पर टैक्स की व्यवस्था को अन्य फिक्स्ड-इंटरेस्ट साधनों के अनुरूप बनाया जा सकता है, जहाँ केवल ब्याज या मुनाफे पर ही टैक्स लगाया जाए। इससे रिटायरमेंट के बाद पेंशनधारकों के हाथ में आने वाली आमदनी बढ़ेगी और जीवन बीमा के ज़रिए लंबी अवधि की बचत को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, जो पेंशनधारक अपनी पूरी राशि यानी कॉर्पस को कम्यूट नहीं करते हैं, उन्हें स्टैंडर्ड डिडक्शन की सुविधा दी जानी चाहिए। इससे सभी पेंशनधारकों के लिए टैक्स में समानता सुनिश्चित हो सकेगी।

# लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने मल्टी-स्टेट निवेश विस्तार की रणनीति पेश की

**लखनऊ।** स्विट्ज़रलैंड के दावोस-क्लोस्टर्स में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 के दौरान कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय के नेतृत्व में हुई रणनीतिक बातचीत के बाद, कंपनी ने स्वच्छ ऊर्जा, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग में एक मल्टी-स्टेट इन्वेस्टमेंट रोडमैप बताया है। ये भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास के अगले चरण में सार्थक रूप से भाग



लेने के लॉर्ड्स मार्क के इरादे को दर्शाते हैं।लॉर्ड्स मार्क ने महाराष्ट्र सरकार के साथ दो प्रोजेक्ट्स के लिए एक एमओयू साइन किया है, जिसमें कुल 225 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है। पहला प्रोजेक्ट किफायती मेडिकल और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित है, जिसमें 150 करोड़ का निवेश शामिल है, यह प्रोजेक्ट मई 2026 में शुरू होने वाला है और अगले 3-4 सालों में पूरा हो जाएगा। इस पहल से सालाना लगभग 500 करोड़ का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद है।दूसरा प्रोजेक्ट मैन्युफैक्चरिंग और मेडिकल डिवाइस से संबंधित है, जिसे महापे और नागपुर में स्थापित किया जाएगा, जिसमें 75 करोड़ का प्रस्तावित निवेश है और यह प्रोजेक्ट सितंबर 2026 में शुरू होने और अगले 2 सालों में पूरा होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट से सालाना लगभग 300 करोड़ का रेवेन्यू मिलने का अनुमान है।

# इस पोकेमॉन गो डे पर वलपिक्स और अलोला वलपिक्स को पकड़ें

हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पोकेमॉन गो फ़रवरी, 2026 कम्युनिटी डे, रविवार, 1 फ़रवरी को आयोजित किया जाएगा 7 इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, वलपिक्स और अलोला वलपिक्स, फ़ॉक्स पोकेमॉन, को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। यह कम्युनिटी डे मीटअप्स दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक 33 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। इन शहरों के प्रमुख स्थान इस प्रकार हैंन्नई दिल्ली के सेक्टर 6, द्वारका में प्लाज़ा पार्क, ईरोज़ वन मॉल, महाराजा अग्रसेन पार्क और लोधी गार्डन,गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम में स्वरूप जयंती पार्क,मुंबई के काला में हॉर्निमन सर्कल, शिवाजी पार्क दादर, डॉकयार्ड रोड, वर्धमान फ़ैंटेसी पार्क, नवी, मुंबई के वाशी में इनऑर्बिट मॉल, ऐरोली में राजीव गांधी गार्डन और कलांबोली के सेक्टर 10 में मंडावा गार्डन ,पुणे के सरसबाग, भुवनेश्वर के खरवेला पार्क,बेंगलुरु के हनुमान पार्क, केम्पफोर्ट मॉल, कम्मनहल्ली में डॉ. राजकुमार पार्क, पूर्वा फ़ाउंटेन स्क्वेयर, राजाजीनगर के ओरियन मॉलक्यूब्बन पार्क, श्रीमती लक्ष्मी देवी उद्यानवन, सेंट्रो मॉल और ॥स्क्र लेआउट में स्वाभिमान पार्क,कोलकाता के सूर्या सेन नगर प्लेग्राउंड, सॉल्ट लेक स्टेडियम, शापूरजी कॉम्प्लेक्स एम्फीथिएटर, लायलका मठ और लायंस सफारी पार्क रवींद्र सरोवर लेक, हैदराबाद के इंदिरा पार्क, जयलक्ष्मी गार्डन्स,शिल्पारमम आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज,अहमदाबाद के वस्त्रापुर लेक,अगरतला के चिल्ड्रन पार्क,लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क,मंगलुरु के कदरी पार्क,भोपाल के डीबी मॉल, कोयंबटूर के ड्रूहष्ट पार्क, इंदौर के लाल बाग गार्डन,कोच्चि के सुभाष पार्क,मैसूरु के संजीविनी पार्क, चेन्नई के टॉवर पार्क, एसआरएम टेक पार्क, बर्धमान के मलिर मठ, गोवा के फातोर्डा में रविंद्र भवन, कानपुर के मोतीझील में कारगिल पार्क, गुवाहाटी के लतासिल प्लेग्राउंड, जयपुर के जवाहर सर्किल, मदुरै के मदुरै कॉर्पोरेशन इको पार्क, नोएडा के मेघदूतम पार्क, सूरत के लेक व्यू गार्डन, तिरुवनंतपुरम के नेपियर म्यूज़ियम, मल्लिकपुर के खानपारा ग्राउंड में सीएमडी रोड, उत्तरपारा के सी.ए. मठ, वड़ोदरा के कमाठी बाग, वेल्लोर के वीआईटी कैंपस में टेक्नोलॉजी टॉवर, विशाखापत्तनम के आरटीसी कॉम्प्लेक्स में सेंट्रल पार्क, फरीदाबाद के सेक्टर-12 में टाउन पार्क।

# टाटा पावर रिन्यूएबल्स ने 10 गीगावाट EPC निष्पादन माइलस्टोन पार किया

**नई दिल्ली** टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है और द टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की सहायक कंपनी है, ने अब तक 10 गीगावाट EPC परियोजनाएं कमीशन कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इससे कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। TPREL द्वारा अब तक कमीशन की गई 10 गीगावाट EPC परियोजनाओं में 9.7 गीगावाट सौर परियोजनाएं और 290 मेगावाट पवन परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 4.2 गीगावाट इन-हाउस परियोजनाएं और 5.8 गीगावाट थर्ड-पार्टी परियोजनाएं शामिल हैं।

FY26 के पहले 9 महीनों में TPREL ने 1.88 गीगावाट EPC नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता कमीशन की है, जो FY25 की समान अवधि की तुलना में 33त्न की वृद्धि दर्शाती है। ये उपलब्धियां कंपनी की बेहतरीन निष्पादन क्षमता, सुदृढ़ परियोजना प्रबंधन तथा गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

कुल 1.88 गीगावाट में से 1329 मेगावाट सौर परियोजनाएं थर्ड-पार्टी ग्राहकों के लिए तथा 546 मेगावाट इन-हाउस परियोजनाएं (187 मेगावाट पवन और 359 मेगावाट सौर) के रूप में पूरी की गईं। ये परियोजनाएं पांच राज्यों में विभिन्न स्थानों पर कठिन मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक निष्पादित की गईं।

Q3FY26 के दौरान TPREL ने 941 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं पूरी कीं, जो कंपनी की अब तक की सबसे अधिक तिमाही वृद्धि है और Q3FY25 की तुलना में 139% अधिक है।

इस तिमाही में कमीशन की गई प्रमुख परियोजनाओं में बीकानेर, राजस्थान में NHPC, NLC और SJVNL के लिए DCR-अनुपालन सौर परियोजनाएं तथा करूर, तमिलनाडु में 187 मेगावाट की पवन परियोजना शामिल हैं।

## रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने देश में बढ़ती हाई रिस्क गर्भावस्था पर जताई चिंता



**लखनऊ।** रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने हाई रिस्क गर्भावस्था में विशेषज्ञ देखभाल की बढ़ती जरूरत पर जोर दिया है। हॉस्पिटल ने इसके लिए जल्दी डायग्नोसिस लगातार निगरानी और समय पर मेडिकल जांच को बहुत जरूरी बताया है ताकि मां और बच्चा दोनों की सेहत अच्छी रहे। हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने यह बात नोट की है कि जिन महिलाओं में हाई रिस्क गर्भावस्था होती है उन्हें एडवांस्ड ऑब्सटेट्रिक देखभाल और मल्टीडिसीप्लिनरी सहयोग की जरूरत होती है ताकि बच्चों के जन्म से पहले, जन्म के दौरान और जन्म के बाद गंभीर समस्याओं से बचा जा सके। एक गर्भावस्था को तब हाई रिस्क माना जाता है जब मां ,भ्रूण या दोनों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के होने की संभावना बढ़ जाती है। कई प्रकाशित मेडिकल रिसर्च के अनुसार भारत में 20 से 30त्न गर्भावस्था को हाई रिस्क माना जाता है। यह ऐसे इसलिए होता है क्योंकि ऐसी महिलाओं में उनकी मातृत्व उम्र काफी ज्यादा हो चुकी होती है, उनमें पहले से ही कोई समस्या रहती है जैसे कि डायबिटीज, हाइपरटेंशन, थायराइड डिसऑर्डर, हार्ट डिजीज या मोटापा आदि।

## पारस हेल्थ कानपुर ने निमोनिया के बारे में जानकारी साझा किया



**कानपुर।** ठंड में तापमान कम होता जा रहा है इसलिए कानपुर क्षेत्र में पारस हेल्थ समेत सभी हॉस्पिटल में निमोनिया के केसों में काफी वृद्धि देखने को मिली है। यह मौसमी वृद्धि पिछले कुछ हफ्तों में देखी गई है। इससे लगभग हर उम्र के लोग प्रभावित हुए हैं। बच्चे, बुजुर्ग और जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है उन्हें इससे ज्यादा खतरा है। मेडिकल एक्सपर्ट ने चेतावनी दी है कि सर्दियों में देरी से निमोनिया का पता लगने और इलाज में देरी होने से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह वृद्धि त्वरित मेडिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता को दर्शाती है। डॉक्टर ने समझाया है कि सर्दियों में एक ऐसा वातावरण बन जाता जिससे रेस्पिरेट्री इनफेक्शंस बढ़ जाते हैं। घर के अंदर ज्यादा समय रहने से, वेंटिलेशन फैसिलिटी ना होने से बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं, जबकि ठंडी हवा रेस्पिरेट्री ट्रैक्ट के प्राकृतिक रक्षा तंत्र को कमजोर बना देती है। मौसमी बीमारियां जैसे कि इन्फ्लूएंजा और सामान्य सर्दी का अगर सही से इलाज न किया जाए तो यह निमोनिया खास करके कमजोर आबादी में काफी गंभीर हो सकती हैं। हालिया कुछ डाटा बताते हैं कि हॉस्पिटल में भर्ती हुए लगभग 64त्न बच्चे जो 2 महीने से 5 साल के बीच होते हैं, उन्हें गंभीर निमोनिया होता है। यह आंकड़ा कम उम्र के बच्चों में इस सीजन के दौरान बीमारी के बढ़ते बोझ को दर्शाता है।

# गुजरात साइंस सिटी में 77वें गणतंत्र दिवस का गौरवपूर्ण आयोजन



**कानपुर।** अहमदाबाद स्थित गुजरात साइंस सिटी में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का गौरवमय एवं प्रेरणादायक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव श्रीमती पी. भारती, आईएएस के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान की गूंज के साथ संपूर्ण परिसर देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर श्रीमती पी. भारती ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों के साथ-साथ विज्ञान और नवाचार को राष्ट्रीय प्रगति का सशक्त आधार बनाने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह वर्ष ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है क्योंकि 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है।

'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रजागरण और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। आज यही भावना हमारी प्रयोगशालाओं, कक्षाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार केंद्रों में सजीव रूप में दिखाई देती है। 21वीं सदी में विज्ञान राष्ट्र की शक्ति है–यह स्वास्थ्य की रक्षा करता है, पर्यावरण का संरक्षण करता है, राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है और युवाओं को सशक्त बनाता है।

# मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत का पहला 'पीएम ई-ड्राइव' सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक ट्रक डिलीवर किया

**लखनऊ।** मुरूगप्पा ग्रुप के हिस्से मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की क्लीन मोबिलिटी यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माता बन गई है। इस उपलब्धि के साथ मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट एवं रैडी-मिक्स कॉन्क्रीट कंपनी अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड को देश का पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी ट्रक, राइनो 5538, ईवी 6×4 ट्रैक्टर ट्रेलर डिलीवर किया है। यह उपलब्धि इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि का जश्न श्री अरुण मुरुगप्पन, चेयरमैन-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), जलज गुप्ता, एमडी-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), श्री साथिया राज, चीफ प्रोक्योरमेंट ऑफिसर, अल्ट्राटेक




सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी में मनाया गया।

उम्मीद है कि इस कदम से देश के लॉजिस्टिक्स, माइनिंग, इन्फ्रास्ट्रचर एवं मैनुफैक्चरिंग सेक्टरों में इलेक्ट्रिक हैवी-ड्यूटी ट्रकों का अडॉप्शन बढ़ेगा। पारम्परिक ईंधन के बजाए इन इलेक्ट्रिक ट्रकों को अपनाने से बड़े फ्लीट ऑपरेटरों और ओद्यौगिक उपभोक्ताओं को परफोर्मेन्स, अपटाईम या इकोनोमिक्स के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना पड़ेगा। यह सर्टिफिकेशन अधिक स्वच्छ, अधिक प्रभावी एवं भविष्य के अनुकूल फ्रेट मुवमेन्ट की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा।

अरूण मुरूगप्पन द्वारा पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड राइनो 5538, ईवी - अल्ट्रा टेक को सौंपा गया। रु 10,900 करोड़ की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ई-ट्रकों के लिए रु 500 करोड़ निर्धारित किए गए हैं, राइनो 5538 ईवी की बात करें तो उपभोक्ता को प्रति वाहन पर रु 9.6 लाख तक का सीधा फायदा होगा। इस इन्सेन्टिव से फ्लीट ऑपरेटर के लिए संचालन की लागत कम होगी, उन पर ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर नहीं होगा, साथ ही वे सस्टेनेबिलिटी एवं उत्सर्जन के नियमों का अनुपालन भी कर सकेंगे।

# सीएचसी कप्तानगंज में 'नॉट फॉर सेल' दवाईयों की खुलेआम बिक्री

- इलाज नहीं, इंजेक्शन के नाम पर उगाही, वायरल वीडियो ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल
- मुफ्त दवा बनी कमाई का धंधा, कप्तानगंज सीएचसी का काला खेल कैमरे में कैद

अवधनामा ब्यूरो



सीएचसी कप्तानगंज में नाट फॉर सेल की दवा दिखाती पीड़िता

**कुशीनगर।** जहां अस्पतालों में जिन्दगी बचाने की शपथ ली जाती है, वहीं अगर इलाज के नाम पर मजबूरी का सौदा होने लगे तो यह सिर्फ अनियमितता नहीं, मानवता पर खुला प्रहार और जघन्य अपराध है। कुशीनगर के कप्तानगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सामने आया वायरल वीडियो उस सच्चाई को उजागर कर रहा है, जहां सरकारी दवा पर 'नॉट फॉर सेल' लिखे शब्द, लालच के आगे बौना पड़ गया। कहना ना होगा कि वायरल वीडियो स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सरकारी छत के नीचे चल रही वसूली की फैक्ट्री को बेनकाब कर रहा है। 'नॉट फॉर सेल' लिखे इंजेक्शन को बेचकर मरीजों के परिजनों से हजारों रुपए ऐंठना इस बात का सबूत है कि यहां बीमारी से नहीं, व्यवस्था की भूख से मौत का खतरा ज्यादा है। यह वीडियो केवल कुछ चेहरों की नहीं, बल्कि उस पूरे सिस्टम की असली तस्वीर है जिसने गरीब की मजबूरी को कमाई का जरिया बना लिया है।

चर्चा-ए-सरेआम है कि कप्तानगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुफ्त मिलने वाली जीवनरक्षक दवाओं और इंजेक्शन को निजी माल बताकर बेचा जा रहा है, जबकि उन पर साफ शब्दों मे नाट फार सेल लिखा है। वायरल वीडियो में परिजन खुलेआम पैसे देने व नर्स पैसा लेने की बात स्वीकार करते दिख रही हैं, मामला अब तूल पकड़ लिया है। गंभीर आरोप यह है कि यह धन उगाही का खेल प्रभारी चिकित्साधिकारी के संरक्षण में फल-फूल रहा है। सूत्रों के मुताबिक बिना उच्च स्तर की मिलीभगत के सरकारी अस्पताल में इस तरह का संगठित खेल संभव नहीं है। यही कारण है कि अब सवाल सिर्फ स्टाफ नर्सो तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था कटघरे में खड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीब मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर हॉस्पिटल स्टाफ द्वारा लूटा जा रहा है। ÷इलाज के नाम पर डर दिखाया जाता है, कहा जाता है कि इंजेक्शन नहीं लगा तो जान को खतरा है,÷ सूत्रों बताते है कि मरीज के परिजनों से यह कहा गया कि अगर यह इंजेक्शन नहीं लगाया गया तो जान बचना मुश्किल हो जायेगा, जिससे खौफजदा परिजन जेब ढीली करने और अस्पताल के अंदर खुलेआम लूट का शिकार बनने के लिए मजबूर हैं। सवाल यह है कि क्या गरीब की जान की कीमत अब 3500 रुपए तय कर दी गई है?

**क्या है मामला :** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नेवार छपरा निवासी ज्योति पाण्डेय पत्नी अभिषेक के पाण्डेय प्रसव पीड़ा से ग्रसित थी जिन्हे परिजनों ने 21 जनवरी को कप्तानगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक हॉस्पिटल की स्टाफ नर्स ने कहा कि चार हजार रुपए का एक इंजेक्शन लगाना है यह बहुत जरूरी है लेकर आए। बाहर वह इंजेक्शन नही मिलने पर स्टाफ नर्स ने 3500 रुपए में वह इंजेक्शन पास से लगाने की बात कही, इस हम लोग राजी हो गये इसके बाद स्टाफ नर्स ने 3500 रुपए लेकर नाट फार सेल वाला इंजेक्शन लगा दिया जब हम लोगो ने नाट फार सेल वाले इंजेक्शन का विरोध किया तक हो-हल्ला शुरू हो गया। परिजनों ने सीएचसी पर तैनात चिकित्सक नीरज गुप्ता, स्टाफ नर्स मीरा राय व शीला पर पैसा लेने का आरोप लगाया है।

### स्वास्थ्य विभाग की साख कटघरे में

बता दें कि वीडियो वायरल होने के बाद भी अभी तक न तो नर्स व चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, न ही नर्स व स्टाफ कर्मियो को निलंबित किया गया और न ही जिम्मेदारों पर ही कोई कार्रवाई हुई। ऐसे मे कहना लाजमी होगा कि स्वास्थ्य विभाग खुद अपने ही सिस्टम की सड़ांध ढकने में लगा है जबकि वायरल कप्तानगंज सीएचसी व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

### संरक्षण के बिना संभव नहीं यह खेल

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि यह धन उगाही का संगठित खेल प्रभारी चिकित्साधिकारी के संरक्षण में चल रहा है। बिना उच्च अधिकारियों की शह के बिना सरकारी दवाओं की इस तरह की अवैध बिक्री संभव नहीं है यही वजह है कि वायरल वीडियो सामने आने के बाद भी विभागीय चुप्पी लोगों को और अधिक संदेह में डाल रही है।

## योगी समर्थन में इस्तीफे के बाद भाई-बहन पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र का आरोप

**कुशीनगर।** मऊ जिले के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सरवां गांव निवासी 48 वर्षीय जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सिंह ने मंगलवार दोपहर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सीएम योगी आदित्यनाथ पर लगातार टिप्पणियों से आहत होकर यह कदम उठाया है। हालांकि, उनके बड़े भाई विश्वजीत सिंह ने इसे नया मोड़ देते हुए जांच और रिकवरी से बचने का प्रयास बताया। फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से नौकरी का गंभीर आरोप विश्वजीत ने प्रशांत और उनकी छोटी बहन जया सिंह जो हाटा की तहसीलदार है, पर फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद प्रशासन में हलचल मच गई। विश्वजीत का दावा है कि अयोध्या में तैनाती के दौरान प्रशांत पर अनियमितताओं की जांच चल रही थी।

**जया सिंह का खंडन :** पारिवारिक झगड़ा मात्र हाटा तहसीलदार जया सिंह ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह सब पारिवारिक विवाद का हिस्सा है। उन्होंने खुद को हैरान बताते हुए कहा, इनमें कोई सच्चाई नहीं।

## ससुराल पहुंचे युवक पत्नी को पीटा, सास-ससुर पर चाकू से हमला

अवधनामा संवाददाता

- सास की हालत गंभीर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात को एक मनबढ़ दामाद ने पहले अपने ससुराल पहुंचकर पत्नी से मारपीट की और उसे छुड़ाने गए अपने ससुर व सास पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमे तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। जब तक आस पास के लोग पहुंचते वह फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही सेवरही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से तीनों घायलों को सीएचसी ले जाया गया, जहां से घायल महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हे जिला अस्पताल और वहां से उन्हे बी आर डी मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया, जहां महिला का इलाज जारी है और स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दुबौली निवासी अमीन पुत्र नूर मोहम्मद की पुत्री सलमा खातून ने तीन चार साल पहले घर से भाग कर टिकुलिया ग्राम सभा के टोला पठखौली निवासी शहजाद उर्फ जान मोहम्मद पुत्र नूर मोहम्मद नामक युवक से निकाह कर लिया। जिससे लड़की के घर वाले काफी नाराज थे। कुछ दिन बाद में घर वाले भी इस शादी को कुबूल कर लिया, लेकिन बाद में उनके रिश्तों में खटाश बरकरार रही।

ससुराल पक्ष का आरोप है कि अक्सर वह उनकी लड़की के साथ गाली गलौज करके उसे मारता पीटता था। इसलिए लड़की अपने मायके में रह रही थी। बुधवार की रात वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए ससुराल आया हुआ था जहां किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया और वह अपनी पत्नी से मारपीट करने लगा। जब परिजन छुड़ाने लगे तो उसने चाकू निकाल कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसकी सास आयशा पत्नी अमीर को पेट और कंधे पर गंभीर चोट आ गई जबकि अमीर व उनके लड़के सलाउद्दीन को भी हाथ व चेहरे पर चोट आई जिससे वहां चीख पुकार मच गई। इस घटना की भनक लगते ही आस पास पड़ोसी वहां एकत्र हो गए। इसके पहले ही वह वहां से फरार हो गया।

# एसआईआर कार्य पर विशेष ध्यान दें बीएलओ : पी.एन. पाठक

- कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के बुथ संख्या 32,33,95,96 का विधायक ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के बुथ संख्या 32-33-95-96- पर गुरुवार को विधायक पी.एन पाठक ने पहुंचकर मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) अभियान द्वितीय चरण के कार्यों का निरीक्षण किया। बुथ संख्या 32-33 के प्राथमिक विद्यालय सोहसा मठिया पर विधायक पी.एन पाठक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और बीएलओ के साथ बैठक कर फार्म 6 के माध्यम से लोगो का फार्म भरवाया और लोगों को प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री पाठक ने बीएलओ से फार्म-6 प्राप्त होने की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर आंकड़े के साथ जानकारी ली और प्रगति की जांच की। मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाने का निर्देश दिया। कहा छूटे हुए पात्र मतदाताओं को प्रपत्र-06 जल्द भरवाया जाए साथ ही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा कर छूटे लोगों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजेश राव चंद्रबली गोड आदित्य तिवारी अभिनाश पांडेय संजय राव गोपेश्वर मिश्रा संतोष राव मिथिलेश राव सुनील कौशिक शिवाकांत तिवारी दुर्गेश जयसवाल अजय जयसवाल डिम्पल पांडेय राजीव सिंह सर्वेश तिवारी शिवानन्द तिवारी अमरनाथ मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रामकोला चीनी मिल 23 जनवरी तक 15.31 करोड़ का भुगतान किया

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 17 जनवरी से 23 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 15 करोड़ 31 लाख रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे ष्ठह्- 0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक श्री मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक श्री इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# खुशखबरी : कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से बैंकॉक उड़ान को मिली हरि झंडी

- फरवरी से कुशीनगर-वाराणसी-बैंकॉक की अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू
- सांसद विजय कुमार दुबे के पहल पर उड्डयन मंत्री ने दी हरी झंडी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** काफी प्रतीक्षा के बाद कुशीनगर एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की सौगात मिली। कुशीनगर हवाई अड्डे से वाराणसी व बैंकॉक की अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की खबर मिलते ही जनपदवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह सौगात सांसद विजय कुमार दुबे के पहल पर उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने दी।

बता दें कि कुशीनगर एयरपोर्ट की उदघाटन के बाद कुछ माह तक उड़ान शुरू हुआ लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से अंतर्राष्ट्रीय उड़ान बंद थी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार अंतराष्ट्रीय उड़ान में बांधा बन रहे सभी तत्वों को ठीक कर कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे से अवगत कराया जिसके बाद श्री दुबे ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के लिए उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से वार्ता किया।

उड्डयन मंत्री ने सांसद के पहल पर अगले माह फरवरी से अंतर्राष्ट्रीय उड़ान को हरी झंडी दे दी। इसकी जानकारी होते ही जिले में खुशी का माहौल है। इस मौके पर सांसद श्री दुबे ने बताया कि कुशीनगर एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय उड़ान की शुरुआत अब वैश्विक मानचित्र पर एक नई पहचान की सौगात है। फ़रवरी माह से एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा कुशीनगर-वाराणसी-बैंकॉक अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा की शुरुआत कुशीनगर के लिए एक ऐतिहासिक कदम है।

इस उपलब्धि के लिए श्री दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू का हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही, कुशीनगर की धैर्यशील जनता को विशेष धन्यवाद, जिनके अटूट विश्वास और धैर्य की बदौलत आज यह सपना साकार होता दिखाई देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शुरुआत है, विकास, पर्यटन और रोजगार के नए अध्याय की।

# मंत्री संजय निषाद के स्वागत में खड़ा जेसीबी पलटा, घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

- हादसे के बाद कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और ट्रक चालक को पकड़कर पीट दिया

अवधनामा संवाददाता



मृतक शंभू निषाद की फाइल फोटो

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुहीराज हाईवे पर बुधवार की शाम को यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के स्वागत में खड़ा जेसीबी ट्रक की टक्कर से पलट गया। इस हादसे में जेसीबी पर खड़े होकर पुष्प वर्षा कर रहे सात कार्यकर्ता घायल हो गए। देर शाम एक घायल सेवरही थाना क्षेत्र के परसा उर्फ सिरिसिया निवासी शंभू निषाद (45) की गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का कुशीनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और ट्रक चालक को पकड़कर पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को खाली कराकर आवागमन शुरू कराया। करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का काफिला बुधवार को तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक आरक्षण व न्याय पदयात्रा के लिए पहुंचा। कस्बे में हाईवे पर स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप कार्यकर्ताओं की भीड़ मौजूद रही। पटहेरवा की ओर से मंत्री का काफिला पहुंचा तब उत्साहित पार्टी कार्यकर्ता पेट्रोल पंप के समीप बने अस्थाई क्रॉसिंग के पास बुलडोजर पर चढ़कर कैबिनेट मंत्री के ऊपर फूलों की वर्षा करने लगे। इसी दौरान उधर से गुजरे एक ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी, जिससे बुलडोजर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। इसमें शंभू निषाद के अलावा तमकुही कस्बा निवासी अखिलेश (26), सिकंदर (27) व गोलू (20) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य लोगों को हल्की चोटें आईं। हादसे से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और उसे पीटने लगे।

उधर, मंत्री के काफिले में चल रहे एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया पर हालत गंभीर होने के कारण शंभू निषाद को गोरखपुर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीओ राकेश प्रताप सिंह ने बताया के काफिले में मौजूद कुछ कार्यकर्ता बुलडोजर पर चढ़कर अपने नेता पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। उधर से गुजर रहे एक ट्रक के टकराने से बुलडोजर पलट गया और कार्यकर्ता घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को खाली कराकर आवागमन शुरू कराया। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# तहसील से दूर उप निबंधक कार्यालय स्थानांतरण पर विरोध

- बारसंघ तमकुहीराज ने जताई कड़ी नाराज़गी, आंदोलन की चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उप निबंधक कार्यालय को तहसील परिसर से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को लेकर तमकुहीराज के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। एसडीएम द्वारा उप निबंधक कार्यालय को लगभग दो किलोमीटर दूर रेशम विभाग की भूमि पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भेजे जाने के बाद बार संघ तमकुहीराज ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया है।

बृहस्पतिवार को बार संघ तमकुहीराज के बैनर तले अधिवक्ताओं ने राजस्व न्यायालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील परिसर में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध होने के बावजूद उप निबंधक कार्यालय को दूर स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि आम जनता, स्टाम्प वेंडरों, दस्तावेज लेखकों एवं अधिवक्ताओं के लिए भी भारी परेशानी का कारण बनेगा।

इस दौरान प्रदर्शन में महामंत्री अमरनाथ सिंह, दीपक कुमार पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, अखिलेश्वर द्विवेदी, आरएन पाण्डेय, मार्कण्डेय वर्मा, पंकज मिश्र, धीरज पाण्डेय, संजय प्रसाद, ऋषिकेश तिवारी, संतोष गुप्ता, हरेंद्र भारती, गब्बर यादव, क्लामुद्दीन, अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### तहसील परिसर में ही भवन निर्माण की मांग

बार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुए प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एक सोची-समझी साजिश के तहत उप निबंधक कार्यालय को तहसील मुख्यालय से दूर ले जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की कि उप निबंधक कार्यालय का भवन तहसील परिसर में उपलब्ध भूमि पर ही बनवाया जाए और उप निबंधन कार्य यहीं से संचालित किया जाए।बार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उप निबंधक कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर स्थानांतरित किया गया तो बार संघ को धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत सघन चेकिंग अभियान, 56 वाहनों का चालान

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत गुरुवार को एआरटीओ मु. अज़ीम द्वारा हाटा, कसया, फाजिलनगर एवं कसया-पड़रौना मार्ग पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं अधिक सामान ढोने के आरोप में दिल्ली से बिहार जा रही 02 बसों का चालान किया गया तथा 01 बस एवं 01 ओवरलोड ट्रक को कसया थाना परिसर में निरुद्ध किया गया। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, एचएसआरपी, ओवरलोड, ओवरलाइट सहित अन्य उल्लंघनों में कुल 56 वाहनों का चालान किया गया तथा 02 वाहनों को थाने में निरुद्ध किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 07 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल संचालित हैं, जिनमें से 05 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूलों का निरीक्षण सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के अभिलेखों की जांच की गई तथा संचालित कक्षाओं में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं वाहन संचालन के दौरान यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उक्त निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आपरेशन रक्षा -मुसाफिर खाना में बाल श्रम कर रहे दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया



**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में आपरेशन रक्षा अभियान 16 जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य तथा चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) की टीम शामिल रही। अभियान के अंतर्गत मुसाफिरखाना कस्बे में निरीक्षण किया गया, जहाँ निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों/दुकानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराए जाने का मामला सामने आया।

## महिला उत्पीड़न के मामलों की 4 फरवरी को सुनवाई

**गोण्डा ।** प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 04 फरवरी,2026 को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से सर्किट हाउस गोण्डा में आयोजित होगा। जनसुनवाई के उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। गोंडा में महिला आयोग की सदस्या एकता सिंह की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

# यूजीसी से जुड़े नए प्रावधानों को लेकर जनपद में विरोध के स्वर लगातार होते जा रहे हैं तेज

- तीन फरवरी को बीएसए ग्राउंड से कलेक्ट्रेट तक सर्वण समाज जुलूस निकालकर पीएम के नाम सौंपेगा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** यूजीसी से जुड़े नए प्रावधानों को लेकर जनपद में विरोध के स्वर लगातार तेज होते जा रहे हैं। तीन फरवरी को बीएसए ग्राउंड से बीएसए कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट तक सर्वण समाज की एकजुटता के साथ जुलूस निकालकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाने की तैयारी को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर परिसर में एक अहम तैयारी बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राम कृष्ण पांडेय ने कहा कि सर्वण समाज का इतिहास देश की आज़ादी की लड़ाई से जुड़ा रहा है। समाज ने मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज समाज आरक्षण व्यवस्था, एससी-एसटी एक्ट और यूजीसी से जुड़े नए नियमों जैसे मुद्दों को लेकर संघर्षरत है। प्रेम शंकर पांडेय का कहना था कि इन कानूनों और प्रावधानों से समाज में असंतोष और पीड़ा बढ़ी है, जिसे सरकार को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर के संचालक दिव्यांशु ने कहा कि यूजीसी सहित अन्य कानूनों के कारण समाज के विभिन्न वर्गों में गहरी पीड़ा व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि सरकार इन प्रावधानों पर पुनर्विचार करे और समाजहित में इन्हें वापस ले। उन्होंने दावा किया कि तीन फरवरी को होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर शांतिपूर्ण तरीके से यूजीसी के नियमों का विरोध दर्ज कराएंगे।

बैठक में वक्ताओं ने जुलूस को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क, अनुशासित आयोजन और शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर जोर दिया। आयोजकों ने कहा कि यह आंदोलन किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और न्याय की मांग को लेकर है। बैठक के अंत में सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर रणविजय प्रताप सिंह, अविनाश मिश्र, शिव मिश्र, हेमंत मणि त्रिपाठी, अष्टभुजा सिंह, अमित पांडेय, शिवा पांडेय, संपूर्णानंद पांडेय, मारकंडेय सिंह, मान बहादुर सिंह, बजरंगी बाबा, सोनू श्रीवास्तव, सुधीर बाबा, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, सनी सिंह आदि की उपस्थिति रही।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, अलीगढ़

### अल्पकालीन ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

पत्रांक : 526/कैशियर(P.D.A.)-आ0व0/2025-26 दिनांक : 29-01-26

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़, द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से आइटम दर के आधार पर ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु बिन्दु 1 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की अनुमानित लागत (A) | अनुरक्षण मद की अनुमानित लागत (B) | कुल अनुमानित लागत (A+B) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता के कार्यालय का पता | मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता | ठेकेदार की श्रेणी/ अनिवार्य पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | 6 | 7 | | | | 8 |
| 1 | अलीगढ़ | जनपद अलीगढ़ में हरदुआगंज कासिमपुर मार्ग के चौनेज 0.000 से 12.089 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 1988.80 | 49.23 | 2038.03 | 30.57 | 2000+300 +54 Rs. 2354.00 | 15 Month | अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो.नि.वि., अलीगढ़ | अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़ | अलीगढ़ क्षेत्र, लो.नि.वि., अलीगढ़ | 'ए' (मार्ग काय में पंजीकृत |

1. वेबसाइट http://etender.up.nic.in/Prahari Portal पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें ऑनलाइन देखे जा सकते है। निविदा दिनांक 30.01.2026 से 13.02.2026 तक ऑनलाइन देखी जा सकेंगी। ऑनलाइन बिड दिनांक 13.02.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in/Prahari Portal पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 13.02.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
2. निविदा केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से *http://etender.up.nic.in* पर जमा की जाये।
3. इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते है।
4. निविदादाता द्वारा दरें जी0एस0टी0 रहित अंकित की जानी है। भुगतान के समय लागू दरों पर जी0एस0टी0 देय होगी।
5. किये गये कार्य का अनुरक्षण अवधि पाँच वर्ष होगा।
6. तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर द्वारा स्वंय किया जायेगा।
8. शासनादेश संख्या 14/2024/692/23-07-2024 दिनांक 09.08.2024 के अनुसार जमा करना आवश्यक है के अनुसार परफॉर्मेन्स सिक्योरिटी/अतिरिक्त परफॉर्मेन्स सिक्योरिटी प्रदान करना अनिवार्य है।
9- शासनादेश सं0-17/2024/सा0-113/23-1-2024-23-1099/113/2023 दिनांक 16.01.2024 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ का पत्रांक-36890सी/आर0एम0सी0/मूल-23-24 दि0 17.02.2024 के अनुसार उत्तर प्रदेश में समस्त मार्गों के अनुबन्धों में 05 वर्षीय अनुरक्षण का प्रविधान किया जायेगा।

(योगेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
अलीगढ़

(प्रभात कुमार चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
अलीगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0,
अलीगढ़

# डीएम के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग का बेहतरीन कार्य ज़िले बना प्रदेश का मॉडल

- कुष्ठ उन्मूलन की दिशा में बहराइच को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान
- प्रदेश स्तरीय समीक्षा में जनपद को मिला प्रथम स्थान



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर जनपद ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कुष्ठ रोग नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बहराइच को प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान 23 जनवरी को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य द्वारा स्वास्थ्य भवन, लखनऊ में आयोजित इंडिकेटर-वार समीक्षा बैठक में दिया गया।

यह उपलब्धि वर्षों की सतत निगरानी, समय पर पहचान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और समुदाय आधारित हस्तक्षेपों का परिणाम है, जिससे जनपद में कुष्ठ रोग का प्रसार प्रभावी रूप से नियंत्रित हुआ है।

**जागरूकता से टूट रही भ्रांतियाँ:**

**डॉ. विनय श्रीवास्तव**

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनय श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जनपद में कुष्ठ रोग की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। वर्ष 2022-23 में 214 नये रोगी और प्रसार दर 0.50 थी। 2023-24 में यह 252 रोगियों के साथ 0.59 रही। इसके बाद 2024-25 में यह फिर घटकर 0.50 और 2025-26 में 205 नये रोगियों के साथ प्रसार दर और कम होकर 0.43 पर आ गई है। उन्होंने बताया कि एक समय जनपद की स्थिति चिंताजनक थी। वर्ष 2010-11 में 565 रोगी और प्रसार दर 1.81, 2011-12 में 756 रोगी और प्रसार 2.17, तथा 2012-13 में 774 रोगी और प्रसार 2.09 था। लेकिन अब समय पर पहचान, पूर्ण उपचार और संपर्कियों को पोस्ट एक्सपोज़र प्रोफाइलेक्सिस (PEP) देने से कुष्ठ रोग पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है।

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम का लक्ष्य प्रति 10 हजार जनसंख्या पर नये रोगियों की संख्या को एक से कम करना है। इस दिशा में जनपद में सभी नये कुष्ठ रोगियों के संपर्क में आने वालों को एकल खुराक रिफाम्पिसिन दी जा रही है, जिससे संक्रमण का फैलाव न्यूनतम स्तर पर है।

**कुष्ठ रोग के लक्षण: बृजेश सिंह**

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि यदि त्वचा के रंग में बदलाव, सुन्नपन, चमकीली या तैलीय त्वचा, कान के पल्लव का मोटा होना, त्वचा पर गांठें, आंखों से पानी आना, भौंहों का झड़ना, हाथ-पैर में दर्द रहित घाव, बटन बंद करने में दिक्कत, उंगलियों का ठीक से न मुड़ना या चलते समय पैर घिसटने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल, आशा या स्वास्थ्यकर्मी से संपर्क करें। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग की जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

**हमारी टीम का लक्ष्य हर मरीज की समय पर पहचानः डॉ. संजय कुमार**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। हमारी टीम का लक्ष्य हर मरीज की समय पर पहचान और पूरा उपचार सुनिश्चित करना है। बहराइच को मिला प्रथम स्थान टीमवर्क और जनभागीदारी का परिणाम है।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि बहराइच की यह उपलब्धि बताती है कि सही रणनीति और सामुदायिक सहभागिता से कुष्ठ जैसी पुरानी बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। आज जनपद प्रदेश के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रहा है।

## चना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में उ.प्र. के तेजी से बढ़े कदम

**बहराइच।** उ.प्र. सरकार की डाटा सेंटर नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में निजी निवेश को बढ़ावा देना और सुरक्षित डेटा भण्डारण क्षमता को बढ़ाना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र में तेजी से उन्नति हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2021 में ष्उ.प्र. डाटा सेन्टर नीति-2021ष् अधिसूचित की गई थी जिसके अन्तर्गत 03 अत्याधुनिक निजी डाटा सेन्टर पार्क्स विकसित करने तथा राज्य में 250 मेगावॉट डाटा सेन्टर उद्योग का विकास किये जाने का लक्ष्य था। इस नीति के अन्तर्गत 03 निजी डाटा सेन्टर पार्क्स विकसित करने तथा राज्य में 250 मेगावॉट डाटा सेन्टर उद्योग का विकास किये जाने के लक्ष्य को पहले वर्ष में अर्जित कर लिया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा डाटा सेन्टर नीति को अधिक युक्तिसंगत बनाते हुए नीति को संशोधित किया गया है। इसके अन्तर्गत नीति के लक्ष्यों को उच्चीकृत किया गया है तथा पूर्व परिलक्षित, 03 डाटा सेन्टर्स के स्थान पर प्रदेश में रु0 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावॉट क्षमता तथा 8 डाटा सेन्टर पार्क्स की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है।

# मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक पूर्ण

- एईआरओ का वेतन काटने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म-6 के संबंध में लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम प्रगति दिखाने वाले सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ए0ई0आर0ओ0) के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए आज का वेतन काटने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया गया कि कई एईआरओ के क्षेत्र में फॉर्म 6 का जमा प्रतिशत 4 प्रतिशत से भी कम है, जिलाधिकारी ने विशेष रूप से इन अधिकारियों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई जिसमें आशीष पाल, योगेंद्र कटियार, राजेश पाल, राजेश कुमार, डॉ0 यतेंद्र सिंह, शोर्य कुमार, सुनीता दुबे, मयंक यादव, डॉ रविकांत इत्यादि प्रमुख रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी एईआरओ यह सुनिश्चित करें कि फॉर्म 6 कम से कम 15 प्रतिशत अनिवार्य रूप से जमा होना चाहिए, जिन एईआरओ का प्रदर्शन खराब है उनके अधीन कार्यरत खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए, जिलाधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह बॉटम श्रेणी वाले एईआरओ की सहायता करें, ताकि फीडिंग में तेजी लाई जा सके, जिलाधिकारी ने कहा कि समय कम है, इसलिए डाटा फीडिंग की गति बढ़ाएं, हमारा उद्देश्य किसी को अनावश्यक परेशान करना नहीं है, अपितु लोगों की मदद करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न हो। जिलाधिकारी ने अंत में सभी अधिकारियों को सचेत किया कि मतदाता सूची का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, उन्होंने सभी को टीम भावना से कार्य करते हुए अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता श्रेणी में लाने का लक्ष्य दिया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# वोटरों को ढूंढे नहीं मिल रहे सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

- नोटिस लेकर ब्लॉक का चक्कर लगा रहे वोटर

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जनपद में पुनरीक्षण कार्य के दौरान जो वोटर अपने दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं इसके लिए नोटिस में तारीख के साथ समय दर्शाते हुए ददरौल विधानसभा क्षेत्र के कुछ वोटरों को विकासखंड भावलखेड़ा खेड़ा में 29 जनवरी को बुलाया गया था नोटिस में 12:30 से 2:30 तक का समय दिया गया था इस दौरान भावलखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कटिया रज्जब, वरतारा, एवं जहांनपुर गांव से तमाम वॉटर नोटिस लेकर भावलखेड़ा ब्लॉक परिसर के डवाकरा भवन पहुंचे जहां उनके नोटिस की सुनवाई करने के लिए बंडा मंडी में तैनात एमो राम कैलाश सोनकर को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है जो दोपहर 1:45 बजे तक अपनी सीट पर नहीं पहुंचे इस दौरान काफी लोग उनकी अनुपस्थिति में वापस चले गए इस दौरान ग्रामीणों पुष्पेंद्र यादव, देशराज, कल्पना पत्नी रामबहोरे, बाबूराम, अंकित शुक्ला, राजरानी पत्नी पंकज, नीता, रामचंद्र, सरला रामप्रवेश, रूप देवी रामगोपाल, रुचि देवेंद्र,आदि ने बताया बताया कि उन्हें बीएलओ द्वारा नोटिस मिला था जिसको लेकर वह सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से मिलने आए थे जो पौने दो बज चुके हैं अभी तक अपनी सीट पर नहीं आए हैं। उधर इस संबंध में जब सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाए गए राम कैलाश सोनकर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया मेरे बैठने का टाइम शाम 3:00 से 5:00 तक है और जब उनसे पूछा गया कि नोटिस में समय 12:30 से 2:30 तक दिया गया है तो वहां कोई जवाब नहीं दे सके।

# भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मंचन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले के वीरशाह का पूरा नानेमऊ में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक आचार्य पं. हिमांशु मिश्र महाराज ने उद्धव चरित्र, महारासलीला और रुक्मिणी विवाह का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की कामना पूरी करने के लिए महारास का आयोजन किया था। महारास के लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को बुलाया गया। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां वासना रहित प्रेम भाव से उनके पास पहुंचीं। वृंदावन के निधिवन को वह स्थान माना जाता है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। इस लीला में जितनी गोपियां थीं, उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हुए, जिससे सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए आचार्य ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को पराजित कर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी से द्वारका में विधिपूर्वक विवाह किया था। इस अवसर पर आयोजक द्वारा आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन-संगीत का भी आयोजन हुआ। कथा के छठे दिन मुख्य यजमान राम शिरोमणि शर्मा एवं उर्मिला शर्मा सुरेंद्रचद्र शर्मा, चन्द्रप्रकाश शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, राहुल, रवि प्रकाश, अमित, शैलेंद्र, विवेक, प्रशांत, सागर, विकास, अनुराग, अभिषेक, दिव्यांशु, आकाश, विष्णु, विराट, नैतिक, विराज, अमन सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर रुद्राक्ष के पौधे रौपित किए



**शिकोहाबाद।** स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव एवं जिला पर्यावरण समिति फिरोजाबाद के सदस्य विवेक यादव 'रुद्राक्ष मेन' के जन्मदिन पर एफ एस. विश्वविद्यालय शिकोहाबाद मे समिति के कार्यकारी अध्यक्ष-उपध्यक्ष एवं उच्चत्तर शिक्षा सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य प्रो. अजब सिंह यादव, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद डॉ. दिलीप यादव, राहुल यादव, अरुण यादव ने रुद्राक्ष के पौधे रौपित किए। डॉ. दिलीप यादव ने कहा स्वदेशी समाज सेवा समिति द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है पौधे रौपित कर हरियाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रो. अजब सिंह यादव ने कहा जन्मदिन पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करे एवं प्रथ्वी को हरा भरा बनाएं।

# पांच उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी शिकोहाबाद का नाम किया रोशन

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** पांच उत्तर प्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सज्जन सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस.एन. ठाकुर के निर्देशन में पांच उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी शिकोहाबाद के पी आई स्टाफ के द्वारा कठोर प्रशिक्षण प्राप्त करके जे एस यूनिवर्सिटी की एनसीसी की सीनियर अंडर ऑफिसर इशिका यादव ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली में कर्तव्य पथ पर उ.प्र. की तरफ से फ्रंट लाइन में मार्च पास्ट किया। उनकी यह उपलब्धि अपने आप में खास इसलिए है क्योंकि एक काफी लंबे समय के बाद पांच उ. प्र. बटालियन एनसीसी शिकोहाबाद की गर्ल कैडेट ने राष्ट्रीय स्तर पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया है। इशिका यादव यदुवंश नगर शिकोहाबाद के रहने वाले ब्रजराज यादव की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर बटालियन के कमान अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, बटालियन के सूबेदार मेजर राजवीर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार विपिन कुमार सिंह, सूबेदार सुशील चाहर, समस्त पी आई स्टाफ, जेएस विश्वविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट शैलेन्द्र सिंह के अलावा अन्य सभी स्कूल कॉलेजों के एनसीसी अधिकारियों और सभी शिक्षकों ने अनेकों शुभकामनाएं दी तथा इशिका के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी ने की पति की गला रेट कर हत्या

अवधनामा संवाददाता

- परिजनों ने लगाया सगे भांजे से अवैध संबंध का आरोप

**शाहजहांपुर।** जनपद में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान तीस साल के बलराम के रूप में हुई है। सुबह जब भाई ने काम पर जाने के लिए बलराम के मकान का दरवाजा खुलवाया तो घटना का पता चला। भाई का आरोप है कि भाभी रोते हुए बाहर आई ।घर के अंदर जाकर देखा तो बलराम का शव चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा था। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस घटना के संबध में पूछताछ कर रही है।

पूरा मामला शाहजहांपुर जनपद के थाना पुवायां क्षेत्र के भटपुरा चंदू गांव का है जहां 30 वर्षीय बलराम पत्नी और अपने चार बच्चों के साथ रहते थे। गुरूवार सुबह उनके भाई ने काम पर जाने का पूछने के लिए दरवाजा खटखटाया। बलराम की पत्नी रोते हुए बाहर आई। भाई ने अंदर जाकर देखा तो बलराम का शव चारपाई पर पड़ा था। उसकी गर्दन काटकर हत्या की गई थी। मृतक के भाई ने उसकी पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना के बाद मौके पर सीओ प्रवीण मलिक और फॉरेंसिक की टीम पहुंच गई । शव देखकर मां और मृतक के बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी का उसके सगे भांजे से करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दो साल के दौरान वह तीन बार भागी भी थी ।यहां तक कि करीब आठ महीने पहले थाने में समझौता भी कराया गया था। फिर भी करीब तीन महीने पहले वह चली गई थी। भाई ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया 29 जनवरी की सुबह लगभग 7:00 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली थी इस मामले में पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है मृतक के शव का पीएम कराया जा रहा है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रज्जू भैया की 105वी में जयंती पर आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यालय 'रज्जू भैया सदन' लवकुश नगर सुल्तानपुर में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया के 105वे जन्मदिवस पर सुंदरकांड का पाठ के साथ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जन सेवा न्यास वाराणसी के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन विभाग संघचालक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर जिले के प्रसिद्ध विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर ने निशुल्क उपचार एवं परामर्श दिया एवं सैकड़ो स्वयंसेवकों ने रक्तदान दिया। डॉ राधाकृष्णन द्वारा सभी



स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया गया कि रज्जू भैया 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक' के रूप में हम सबका मार्गदर्शन कई वर्षों तक किया, उन्होंने प्रो0 रज्जू भैया के जीवन की कई कहानियों का वर्णन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके त्याग और समर्पण को याद किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने रज्जू भैया के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर प्रांत के ग्राम विकास संयोजक डॉ रमाशंकर पांडे, सह प्रांत शारीरिक प्रमुख गोकुल, विभाग प्रचारक प्रकाश, जिला प्रचारक आशीष, नगरसंचालक अमरपाल, सहनगर संघचालक सुदीप पाल, अजय, प्रवीण अग्रवाल, सुशील त्रिपाठी सहित जिले के सैकड़ो सम्मानित स्वयंसेवकों के साथ चिकित्सा शिविर में डॉ संजय सिंह, डॉ रविंद्र यादव, डॉ. सलिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. आर के मिश्रा, डॉ पवन कुमार सिंह, डॉ. सौरभ चतुर्वेदी, डॉ. डीपी सिंह, बृजेश त्रिपाठी, विजय चौधरी ने अपना विशिष्ट योगदान दिया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00122026 दिनांक 28.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 03-Sr-DEN-C-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अधीन परियावां (PQN) बैलास्ट डिपो में आर. डी. एस. ओ./लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसिफिकेशन संख्या आई एस/आर.डी. एस. ओ./जी इ/0001: फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कूलर संख्या 257 के अनुसार बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) घन मीटर 65 एम एम साइज़ मशीन द्वारा तोड़ी गयी कठोर गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 9,03,00,000.00 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 6,01,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 06.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.02.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, ब्रेश वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III-1963 पर तथा वाटर एब्जॉर्पशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जाँच रिपोर्ट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/ राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक /आई.आई.टी. तथा एन.आई.टी. की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 310/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय नगर पालिका परिषद - सिद्धार्थनगर**

**मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आगमन की हार्दिक बधाई**



**26 जनवरी 2026 गणतन्त्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करती है तथा नगरवासियों से निम्न अपेक्षाएं करती है।**

1. प्लास्टिक/थर्माकॉल का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इस का उपयोग करता हुआ पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही एंव अर्थदण्ड का प्राविधान है।
2. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर अवश्य कराये।
3. गृहकर, व्यवसाय कर एवं जलमूल्य की अदायगी समय से करें।
4. पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने हेतु वृक्ष लगाये एंव नगर पालिका परिषद का सहयोग करें।
10. सूखा कूड़ा एंव गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डाले।

पत्रांक : 2189/न.पा.परि.सि.नगर/2025-26 दिनांक : 24.01.2026



**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर

**गोविन्द माधव**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर



**समस्त नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई**

स्वच्छ सर्वेक्षण

**नागरिको से अपील**

1. पालिका द्वारा समस्त वार्डो में पृथक्कीकृत कूड़ा कलेक्शन हेतु ट्राईसाईकिल लगाई गई है। ,अतः सभी नगरिक सूखा एवं गीला कूड़ा का स्त्रोत पर ही पृथक कीकरण कर सफाई मित्र को सौंपे।
2. नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने में सहयोग करें, सड़कों/नालियों में कूड़ा न फैलायें।
3. नाला/नाली, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर अमिकमण न करें।
4. पॉलीथीन/थर्माकोल एवं सिंगल यूज प्लास्टिक सामान का प्रयोग करें।
5. नगर पालिका के करों का भुगतान समय से करें।
6. जल अमूल्य है, इसका दुरूपयोग न करें।
7. रोड पटरी पर निर्माण /विध्वंस सामग्री एकत्रित न करें।
8. सभी घरेलू /व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आई0एस0 2470 (पार्ट 1 एवं 2) के अनुसार सेप्टिक टैंक का निर्माण करायें एवं प्रति तीन वर्ष में टैंक अनिवार्य रूप से खाली कराने हेतु पालिका की सेवाओं का लाभ उठायें
9. प्रत्येक तीन वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई पालिका अथवा पंजीकृत सर्विश प्रोवाइडर के माध्यम से अवश्य करवायें।

**समस्त सम्मानित सदस्यगण नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज**



**मुन्नी देवी**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज

# गणतंत्र दिवस पर इकबाल मेमोरियल स्कूल में हुआ मुशायरा व कवि सम्मेलन

कोई हसरत न कोई आस बाकी है...



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** इकबाल मेमोरियल एजूकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के मौके पर साबित गंज स्थित इकबाल मेमोरियल स्कूल में मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन सैयद हाशिम नईमी की अध्यक्षता किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अशोक यादव ने शमा रोशन कर किया। संयोजक मो.इनाम उल्ला बबलू, नदीम अहमद एड., सह संयोजक मो.शाहिद खान, कमेटी के सदस्य नोमान अहमद खान, मो.फैसल, मो.नईम ने मुख्य अतिथि सहित अतिथियों का शाल उढ़ाकर स्वगात किया। मुशायरा व कवि सम्मेलन में कलाम पेश करते हुये पूर्व मंत्री कवि अशोक यादव ने कहा कोई हसरत न कोई आस बाकी है फिर भी जीने की प्यास बाकी है, कौन अपना है कौन बेगाना इतना होशो हवास बाकी है। संचालन करते हुए शायर इंतखाब आलम रौनक इटावी ने कहा मस्ती में यूं आज तिरंगा लगता है अम्बर को छू लेगा ऐसा लगता है, रंग बिरंगे फूल यहां पर खिलते हैं मुल्क हमारा एक गुलदस्ता लगता है। नदीम अहमद एडवोकेट ने कहा रस्मे उल्फत को हरेक तौर निभाया जाए चलिए धोखा ही सही प्यार में खाया जाए, सूरते हाल बदलने की यही सूरत है आईना खुद को किसी रोज दिखाया जाए। आरिफ सिद्दीकी नूर ने कहा अपना पैगाम है सभी के लिये, वक्त रुकता नही किसी के लिए। आमिर हुसैन आमिर ने कहा गर साथ सभी हिन्दू मुसलमा न होते, पूरे कभी आजादी के अरमान न होते। कवि आलोक अर्श ने कहा शहादत पर अभी भी फख्र का एहसास जिंदा है, ये भारत है शहीदों का यहां इतिहास जिंदा है। शायर यासीन अंसारी ने कहा खत्म नफरत हो दोस्ती हो जाए, खुशनुमा अब तो जिंदगी हो जाये। रियाज इटावी ने कहा लहू से सींचा है गुलशन इसे आबाद रखना है, शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना है। शकील अहमद सागर ने कहा वतन पे खुद को मिटाओ तो कोई बात बने, शमा लहू से जलाओ तो कोई बात बने। इसके अलावा हाशिम नईमी, साबिर इटावी, अनिल दीक्षित, इमरान अंसारी, मंजू यादव, वैभव यादव, अमित प्रजापति, शोएब अली एड.ने भी शानदार कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। इस अवसर पर पूर्व सभासद मो.इस्लाम चीटम, वसीम चौधरी, इम्तियाज अहमद एड., फरहान शकील, मो.राशिद, सभासद इरफान अहमद, इकबाल अंसारी, शरद बाजपेई, हाजी गुड्डू मंसूरी, रिजवान कुरैशी, इफ्तिखार मिर्जा, शावेज़ नक़वी, निहाल खान, असलम अंसारी, मो.शाहिद लल्ला सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने भाग लिया। अंत में संयोजक इनाम उल्ला बब्लू ने अतिथियों, शायरों, कवियों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## घटिया सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण, नारेबाजी कर किया विरोध-प्रदर्शन

**सोनभद्र।** पीडब्लूडी विभाग द्वारा घटिया सड़क निर्माण कराए जाने पर वृहस्पतिवार को ग्रामीण भड़क उठे और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने की मांग उठाई।

बता दें कि पन्नूगंज मेन रोड से ओरगाई होते हुए निपनिया नहर लगभग तीन किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य पीडब्लूडी प्रांतीय खंड द्वारा करवाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी की जा रही है, मानक के विपरीत घटिया सड़क निर्माण कराया जा रहा है जो दो महीने भी नहीं चलने वाला। ग्रामीणों ने कहा कि तारकोल नाम मात्र का छीड़क कर पेंटिंग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी और आईजीआरएस पर मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करने के बाद भी काम ठीक से नहीं हो रहा है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उक्त सड़क निर्माण में कार्य कर रही संस्था द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस पर सख्त कार्रवाई करें और सड़क निर्माण गुणवत्ता के अनुसार किया जाए।

# डीपीएस ने वर्ल्ड स्किल चैलेंज में रचा इतिहास

नेशनल लेवल पर जीते 8 स्वर्ण और 7 रजत पदक



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विश्व स्तर पर आयोजित हुई प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्किल चैलेंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है, प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 300 स्कूलों के 500 से भी अधिक विद्यार्थियों ने प्राइमरी, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में भाग लिया था। प्रतियोगिता में डीपीएस इटावा से कुल 87 विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें क्षेत्रीय स्तर पर विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है जिसमें छात्र अंश यादव ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सर्वोच्च अंक हासिल किए हैं, क्षेत्रीय स्तर पर विद्यालय ने 13 स्वर्ण और 6 रजत भी पदक प्राप्त किए है। विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन के साथ 8 स्वर्ण और 7 रजत पदक अपने नाम कर लिए है। स्वर्ण पदक विजेता छात्र छात्राओ में सीनियर वर्ग में तन्मय पार्थ द्विवेदी, यथार्थ चंदेल, ऋषांक चौधरी, उज्ज्वल यादव , जूनियर वर्ग में अब्दुल्ला, अंश यादव, मोहम्मद आहिल खान, आभास सिंह गौर प्रमुख रहे। इसी क्रम में रजत पदक विजेताओ में सीनियर वर्ग में ईशा, तान्या, तन्वी नाज़ और जूनियर वर्ग में अर्नब, अभिनव, मयंक, व्योम प्रमुख रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का सफल मार्गदर्शन शिक्षक सुबूर अनवर, अंकिता उपाध्याय एवं शीतल कुमारी ने किया था।

विद्यालय की इस विशिष्ट उपलब्धि पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव सहित प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी सफल छात्र छात्राओं और शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी है।

## छिमौली में धार्मिक अनुष्ठान का समापन



**मौदहा, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के ग्राम छिमौली में स्थित गोसाई बाबा के धाम पर विगत दस दिनों से चल रहा धार्मिक महोत्सव गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस आयोजन में लगभग तीन दशक की परंपरा को निभाते हुए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत 19 जनवरी को कलश यात्रा से हुई थी, जिसके बाद भागवत कथा, चंद्रावल नदी में केवट संवाद और अखंड भजनों का प्रवाह चलता रहा। इस भव्य आयोजन में ब्लॉक प्रमुख सुशीला निषाद, प्रतिनिधि लाला राम निषाद और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मीलू निषाद सहित ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

## मलीकुआं से छिमौली रोड पर इंटरलॉकिंग की मांग



**मौदहा, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल ह्यूमन राइट एंड जस्टिस मूवमेंट के पदाधिकारियों ने कस्बे की मुख्य सड़क पर संभावित हादसों को रोकने हेतु तहसीलदार शिखर मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मलीकुआं चौराहा से छिमौली रोड तक सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग कराने की मांग की है, क्योंकि यहाँ स्कूलों के कारण बच्चों की भारी आवाजाही रहती है। साथ ही, तेज रफ्तार बालू और लकड़ी लदे वाहनों पर अंकुश लगाने की भी अपील की गई है। इस दौरान मुबीन खान, पूर्व सभासद मुन्ना बॉर्डर, नईम नूर मोहम्मद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से ऑटो सवार मासूम सहित तीन घायल

**मौदहा, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम लदार निवासी विष्णु (30), उनकी पत्नी हीरामनी (25) और 5 वर्षीय पुत्र अंश ऑटो से मौदहा आ रहे थे। हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ से मासूम अंश की हालत नाजुक देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी को रौंदा

**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सिसोलर से ड्यूटी पर जा रहे 23 वर्षीय फैक्ट्री कर्मी अनुज प्रजापति को मुंडेरा के पास एक अनियंत्रित डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चकनाचूर हो गई और अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ से उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## यूजीसी बिल के विरोध में भाजपा बूथ अध्यक्ष का इस्तीफा

**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल (संभवतः वक्फ या अन्य बिल के संदर्भ में चर्चा, लेखानुसार यूजीसी) के विरोध में टेढ़ा गांव के भाजपा बूथ अध्यक्ष रोहित सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मंडल अध्यक्ष को भेजे पत्र में कहा कि वह नई पीढ़ी के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और इस बिल से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। हालांकि, मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह का कहना है कि इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है और उन्हें समझाने का प्रयास जारी है।

## राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने रैली निकाल सिखाए यातायात नियम

**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय और परिवहन विभाग ने बांदा रोड पर जागरूकता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. विद्या वर्मा ने हेलमेट पहनने वालों को गुलाब देकर सम्मानित किया, वहीं एआरटीओ अमिताभ राय ने नियमों का उल्लंघन करने वालों को प्रतीकात्मक रूप से फूलमाला पहनाकर जागरूक किया। इस दौरान बिना हेलमेट वाले चालकों के चालान भी काटे गए और आमजन को नशे में वाहन न चलाने की शपथ दिलाई गई।

## एसपी ने दिखाई सड़क सुरक्षा बाइक रैली को हरी झंडी



**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जेके सीमेंट फैक्ट्री में 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने फैक्ट्री कर्मियों को शपथ दिलाई और बाइक रैली को रवाना किया। एसपी ने कहा कि जागरूकता के कारण ही पिछले साल की तुलना में इस वर्ष हादसों में कमी आई है। इस अवसर पर यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी ने कर्मियों को हेलमेट वितरित किए और सुरक्षा मानकों के पालन पर जोर दिया।

## सुमेरपुर कांडः चौथे आरोपी ने कोर्ट में दी अग्रिम जमानत की अर्जी

**सुमेरपुर, हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** बहुचर्चित गैंगरेप और धर्मांतरण दबाव मामले (लव जिहाद) के चौथे आरोपी फहीमुद्दीन उर्फ लाला ने गिरफ्तारी से बचने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। पीड़िता के अधिवक्ता आलोक मिश्रा ने बताया कि इस अर्जी पर 30 जनवरी को सुनवाई होनी है और वे अदालत में इस जमानत का कड़ा विरोध करेंगे।

## सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वन स्टॉप सेंटर व चाइल्ड हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने गुरुवार (29 जनवरी 2026) को जनपद स्थित वन स्टॉप सेंटर और चाइल्ड हेल्पलाइन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थाओं की कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड्स की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दस्तावेजों का सत्यापनः सचिव द्वारा दोनों यूनिटों के मास्टर रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें सभी दस्तावेज सही और व्यवस्थित क्रम में पाए गए। साफ-सफाई व व्यवस्था शेल्टर रूम और वॉशरूम की स्थिति संतोषजनक मिली। कार्मिकों की उपस्थिति निरीक्षण के समय केंद्रों पर तैनात सभी कर्मचारी और अधिकारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। सचिव ने केंद्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्यों का संपादन करें।

## साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड कार्यकम की समीक्षा



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** दिनांक 29.01.2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम और साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड कार्यकम की समीक्षा बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ सर ने किया कार्यक्रम में जिला विधालय निरीक्षक, समस्त एसीएमओ, आरकेएसके कॉर्डिनेटर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीसी एमडीएम, समस्त चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, समस्त बीसीपीएम उपस्थित रहे। बैठक में सीकेडी टीम के जिला समन्वयक ने स्कूल में आयरन के गोलियों की उपलब्धता, सेनेटरी पैड की उपलब्धता और स्कूल में लिए जा रहे स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सेशन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और उसपर चर्चा की गई। चर्चा के बाद नोडल सर ने सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि अपने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्कूलों में तीन माह हेतु आयरन की उपलब्धता सुनिश्चित कराए साथ ही सभी स्कूलों में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नोडल आरकेएसके सर ने सभी को किशोर स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से स्कूलो में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सेशन नियमित रूप से आयोजित किए जाने हेतु संबंधित हेल्थ एवं वेलनेस एम्बेसडर को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

## फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर सख्ती, मौके से गायब कृषक को ढूंढकर कराया गया पंजीकरण

**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। द्यश्वस्नद्धद्ध ग्राम पंचायत भवन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य के निरीक्षण के दौरान कृषक राजकुमार मौके पर अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल नाराजगी व्यक्त करते हुए संयुक्त टीम गठित कर कृषक को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कृषक राजकुमार को खोजकर मौके पर उपस्थित कराया। इसके उपरांत जिलाधिकारी के समक्ष ही कृषक की फार्मर रजिस्ट्री तत्काल पूरी कराई गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत, कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम समन्वय के साथ कार्य करे और कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में शिथिलता या लापरवाही बरतने वालों पर जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम : जिला निर्वाचन अधिकारी



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, वे 30 एवं 31 जनवरी को आयोजित विशेष अभियान के दौरान फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन नागरिकों के लिए संचालित किया जा रहा है, जो किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रह गए हैं। अभियान के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं निर्धारित मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मतदाता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी पात्र नागरिक इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करें। अभियान की सतत निगरानी की जा रही है तथा लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सत्ताधीश कर रहे धनार्जन का व्यापार

**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा लगातार जन चौपाल के माध्यम से लोगों के दर्द को सुनने का काम करता है आज जन चौपाल के निमित्त जनपद सोनभद्र के विधानसभा 400 घोरावल के शाहगंज में मोर्चा ने जन चौपाल लगायी तो वहाँ के लोगों ने मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र से अपना दुःख दर्द बांटा और बताया कि आज बिजली विभाग सबसे ज्यादा कष्ट आम लोगों को दे रहा है ओटिएस के नाम पर इस प्रकार के सैकड़ों पत्र लोगों ने संयोजक को दिया जिस पर मोर्चा के संयोजक ने वहाँ उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि आने वाले दिनो में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा बिजली विभाग के आला अधिकारियों से वार्ता करेगा व आप लोगों की समस्या हल नहीं हुई तो मोर्चा लोकतांत्रिक तरिके से बड़ा प्रदर्शन करेगा क्योंकि किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा केवल व केवल जनहित की आवाज़ मुखरता से उठाता है व उसके समाधान की चर्चा करता है व मोर्चा संयोजक ने लोगों के घरो का स्थलिय निरिक्षण कर पाया कि जिनके घरों में मात्र चार पांच सिएफेल जल रहे हैं उनका भी बिजली का बिल मनमाने तरिके से दो लाख से तीन लाखा आया है इस पर मोर्चा संयोजक ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बिजली विभाग वालो की मनमानी नहीं चलने दी जायेगी अपने परिवारि जनो के न्याय के लिए हरेक स्तर से संघर्ष किया जायेगा।

# यश इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 77 वाँ गणतंत्र दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** यश इंटरनेशनल स्कूल, विजयपुरा, कचौरा रोड पर 77 वाँ गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक हर्षवर्द्धन सिंह भदौरिया एवं प्रधानाध्यापक प्रदीप चंद्र गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसके उपरांत छात्रों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट एवं फ्रीडम फाइटर परेड प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्वच्छता अभियान पर आधारित प्रस्तुति, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, राजस्थानी फोक डांस तथा वृद्धाश्रम पर आधारित भावनात्मक प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक हर्षवर्द्धन सिंह भदौरिया ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में संविधान लागू हुआ, जिसने भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। उन्होंने छात्रों से संविधान के मूल्यों न्याय, समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापक श्री गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं हम कुछ एस करें की देश को हम पर भी गर्व हो। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों के साथ उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह भदौरिया, राजवीर सिंह भदौरिया, शिवदुलारे चौधरी, गोविंद सिंह, राकेश पाठक, हरनाम सिंह तोमर, प्रशांत सिंह भदौरिया, विवेकवर्धन सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में मुख्य रूप से सनी यादव, ध्रुव कुमार, फरहान अंसारी, अजय प्रताप, संदीप सिंह एवं ओमकान्त त्रिपाठी, अभिमन्यु पटेल, राघवेंद्र कुमार, वैभव दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एनसीएल की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का रोमांच जारी

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की एनसीएल की जयंत परियोजना में कोल इंडिया अंतर कंपनी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 आयोजित की जा रही है।

28 जनवरी से शुरू हुई इस पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में कोल इंडिया सहित एनसीएल, एमसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, एसईसीएल, डब्ल्यूसीएल, ईसीएल, सीएमपीडीआईएल और एससीसीएल की टीम भाग ले रही हैं।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सीसीएल और बीसीसीएल के बीच खेला गया जिसमें सीसीएल ने बीसीसीएल को 1-0 से हराकर जीत हासिल की। इसी क्रम में ईसीएल एवं डबल्यूसीएल के बीच मुक़ाबले में ईसीएल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूसीएल को 5-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं सीएमपीडीआईएल बनाम एससीसीएल में सीएमपीडीआईएल ने एससीसीएल को 5-0 से हराया।

# सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है : आर पी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स, रेनुसागर के तत्वावधान में आवासीय परिसर स्थित ट्रक पार्किंग परिसर में ÷ड्राइवरों के साथ एक दिन÷ थीम पर एक दिवसीय विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के शुभारम्भ में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी, ट्रांसपोर्टर एवं ड्राइवरों ने सुरक्षा की शपथ ली और हिंडालको की जीरो हार्म नीति के प्रति अपनी प्रतिवद्धता दोहराई।तत्पश्चात रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स, रेनुसागर के अध्यक्ष ललित खुराना आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रमो को गति प्रदान करते हुये फायर सेफ्टी की टीम द्वारा सुरक्षा एकांकी नाटक का मंचन प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन, यातायात अनुशासन तथा दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। ड्राइवरों के साथ एक दिन पर सुरक्षा संवाद में शामिल चालकों एवं ट्रांसपोर्टरों को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि ने ट्रक चालकों से सुरक्षा को लेकर संवाद किया और ट्रैफिक नियमों, वाहन की आवर्ती जांच, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का प्रयोग, और संयंत्र के भीतर सुरक्षित वाहन संचालन पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर हेड संचालन मनीष जैन एवं हेड एचआर आशीष कुमार पांडेय ने अपने -अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षित ड्राइविंग के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा के पालन एवं नशे से दूर रहकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के कन्वेनर मुकेश श्रीवास्तव ने किया। रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स, रेनुसागर के अध्यक्ष ललित खुराना धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर विभु पात्रा, लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश नारायनन ,सेफ्टी हेड अरविंद सिंह, सुधाकर अन्नामलाई, अभिनीत सिंह, मनोज पांडेय, शैलेश श्रीवास्तव, मधुसूदन राव, लोकेश सिंह एवं फायर सेफ्टी टीम सहित रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के सदस्य, ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में वाहन चालक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 82 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गणतंत्र दिवस पर डॉ. ज़हीर रहीमी की स्मृति में कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन

वहाज अली निहाल



**इटावा/करहल, मैनपुरी।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में डॉ.जहीर रहीमी की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन व मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमे आगरा, फिरोजावाद, इटावा और मैंनपुरी से आये कवियों ने देश भक्ति की कविताएं सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी अरविन्द प्रताप यादव ने शमा रौशन कर किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.मो.ज़ीशान अहमद व मुख्य अतिथि ने कवियों व शायरों को प्रतीक चिन्ह देकर व शाल उड़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवि दीन मुहम्मद दीन ने कहा पावन माटी देश की हम उसकी संतान, माटी का बंदन करें जय हो हिंदुस्तान कविता सुनाई। डॉ.पदम् सिंह पदम् ने कहा कामना बस वतन पर बलिदान होना चाहती है कवित सुनाई। आगरा से आई शायरा डॉ.आरिफा शवनम ने सुनाया कि मेरी आँखों मे ख्वाब है तेरे, तू मेरे ख्वाब की हकीकत है। हर घड़ी बेक़रार रहतीं हूँ सच बता क्या यही मोहब्बत है। बदन सिंह मस्ताना ने हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई जिसको काटो खून एक है कविता सुनाई। शायर जावेद गोंडवी ने कहा हमें तो हिन्दू मुस्लिम दोनों प्यारे है, हम अपने सीने मे हिंदुस्तान रखते। शायर नईम आफ़ताब ने कहा मेरे बतन की तरह दूसरा वतन नहीं कविता सुनाई। कवि प्रेमचंद प्रेम ने वीर प्रसूता बसुंधरा ये विसरी याद दिलाती, स्वतंत्रता की रक्षा करना हमको सदा सिखाती। डॉ.संजीव सारिक ने सुनाया कि उनके बच्चे जाकर पढ़े विदेशी धरती पर, आपके बच्चे मजहब बाली जंगों मे मर जाते है। इस के अलावा शायर खलील गुमनाम, रियाज़ इटावी, कवि ताहिर चाँद, शिवालिनी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। संचालन नईम आफ़ताब ने किया। इस अवसर पर हाज़ी फरीद, डॉ.मोहम्मद जीशान अहमद, मो.शकील, जुबैर, रिजवान, लुकमान, जुनैद, चमन, अल्ताफ, मुस्लिम, आकाश, कमलेश, अनीश, साहिबे आलम, आकाश, अनुज, अमन, कामरान, अयान, प्रदीप पाल, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

